www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण

24 सितंबर, 2024
अश्विन, कृष्ण पक्ष, सप्तमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00


रांची
मंगलवार, वर्ष 09, अंक 334

# आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा

मंईयां योजना रोक कर दिखाइयेः कल्पना सोरेन







**वेदर**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 31.7°c | 24.2°c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.44 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.37 बजे |



## रांची में चुनाव आयोग की राजनीतिक दलों के साथ बैठक

# किसी ने गृह सचिव को हटाने, तो किसी ने नेताओं के झारखंड आने पर रोक की मांग की

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में विधानसभा चुनाव को लेकर झारखंड दौरे पर आयी भारत निर्वाचन आयोग की टीम रांची ने रेडिसन ब्लू होटल में मैराथन बैठक की। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डॉ एसएस संधू के साथ लगभग 20 केंद्रीय और राज्य प्रवर्तन एजेंसियों के साथ झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव को प्रलोभन मुक्त तरीके से संपन्न कराने के लिए चुनाव तैयारियों की समीक्षा सोमवार को की।

साथ ही चुनाव आयोग की टीम ने पहले दिन की राजनीतिक दलों के साथ भी बैठक की। इस बैठक में राजनीतिक दल के कांग्रेस, भारतीय जनता पार्टी, झारखंड मुक्ति मोर्चा, राजद, आजसू समेत झारखंड के नौ राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों के प्रतिनिधियों ने आयोग को एक-एक कर सुझाव दिये।

चुनाव आयोग के समक्ष प्रत्येक राजनीतिक दल के लिए 12 मिनट का समय निर्धारित किया गया। इस निर्धारित समय में राजनेताओं को आयोग को सुझाव देने थे। इस दौरान भाजपा ने जहां राज्य की गृह सचिव वंदना दादेल को चुनाव कार्य से अलग रखने की मांग की, वहीं कांग्रेस ने उन्माद फैलाने वाले भाजपा नेताओं को झारखंड आने से रोकने की मांग की।

भाजपा नेता राकेश प्रसाद और सुधीर श्रीवास्तव ने आयोग को लिखित सुझाव देते हुए कहा कि बड़ी संख्या में मतदाता बन चुके बांग्लादेशी घुसपैठियों का पहचान पत्र रद्द करने के अलावा पर्व त्योहार को ध्यान में रखते हुए मतदान की तिथि घोषित करने का अनुरोध किया। वहीं चुनाव आयोग से राज्य में कम से कम चरणों में मतदान कराने का अनुरोध किया है। भाजपा नेता राकेश प्रसाद ने गृह सचिव वंदना दादेल द्वारा हाल ही में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के खिलाफ चुनाव आयोग को लिखे गये पत्र का हवाला देते हुए आयोग के समक्ष आपत्ति जतायी है। राकेश प्रसाद ने कहा कि वंदना दादेल अपने पद का दुरुपयोग करते हुए एक विशेष दल के लिए काम कर रही हैं।

कांग्रेस की ओर से विनय सिन्हा दीपू और शशि भूषण राय ने सुझाव देते हुए चुनाव आयोग से कहा कि अफवाह फैलाने वाले भाजपा नेताओं को झारखंड आने से रोका जाये। कांग्रेस नेता विनय सिन्हा दीपू ने कहा कि राज्य में 15 नवंबर के बाद चुनाव कराये जाने चाहिए, क्योंकि दुर्गा पूजा, छठ और राज्य स्थापना दिवस भी इसी दौरान है, इसलिए आयोग को त्योहारों को ध्यान में रखते हुए चुनाव की तिथि तय करनी चाहिए। इसके अलावा कांग्रेस ने आयोग से राज्य में कम से कम चरणों में चुनाव कराने का भी अनुरोध किया है।

इस बीच झारखंड मुक्ति मोर्चा ने चुनाव आयोग को लिखित सुझाव देते हुए अनुरोध किया है कि 15 नवंबर को राज्य स्थापना दिवस को ध्यान में रखते हुए मतदान की तिथि तय की जाये। झारखणं मुक्ति मोर्चा की ओर से पार्टी के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य, विधायक सुदिव्य सोनू ने आयोग के समक्ष अपने सुझाव दिये। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि चुनाव के दौरान राज्य पुलिस के साथ केंद्रीय बलों की प्रतिनियुक्ति की जानी चाहिए, ताकि शांति भंग न हो। सुप्रियो ने कहा कि आयोग से मांग की गयी है कि जाति और धर्म को लेकर भड़काऊ भाषा के इस्तेमाल पर रोक लगायी जाये और कम से कम चरणों में चुनाव कराने का प्रयास किया जाये।

आजसू की ओर से इरसाद अंसारी ने आयोग से चुनाव तय तिथि पर ही कराने का सुझाव और अनुरोध किया है और कहा कि चूंकि यह नक्सल प्रभावित राज्य है, इसलिए निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से कई चरणों में चुनाव कराये जायें। मुख्य चुनाव आयुक्त की मौजूदगी में राजनीतिक दलों के साथ बैठक के बाद आयोग ने इन सुझावों पर विचार करने का आश्वासन दिया है।




### भाजपा की चुनाव आयोग से मांग

- बांग्लादेशी घुसपैठियों का पहचान पत्र रद्द करें।
- त्योहार को ध्यान में रखते हुए मतदान की तिथि करें घोषित।
- कम से कम चरणों में मतदान हो।
- गृह सचिव वंदना दादेल को चुनाव कार्य से रखा जाये अलग।

### कांग्रेस की चुनाव आयोग से मांग

- अफवाह फैलाने वाले भाजपा नेताओं को झारखंड आने से रोका जाये।
- 15 नवंबर के बाद करायें चुनाव।
- त्योहारों को ध्यान में रखते हुए चुनाव की तिथि की घोषणा करें।
- कम से कम चरणों में मतदान हो।

### झामुमो की चुनाव आयोग से मांग

- झारखंड स्थापना दिवस को ध्यान में रखते हुए मतदान की तिथि करें घोषित।
- चुनाव के दौरान राज्य पुलिस के साथ केंद्रीय बलों की प्रतिनियुक्ति की जाये।
- जाति और धर्म को लेकर भड़काऊ भाषा के इस्तेमाल पर रोक लगायी जाये।
- कम से कम चरणों में मतदान हो।

### आजसू की चुनाव आयोग से मांग

- चुनाव तय तिथि पर ही करायें।
- निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से कई चरणों में कराये जायें चुनाव।
- बांग्लादेशी घुसपैठियों का पहचान पत्र रद्द करने की मांग।

## अर्जुन मुंडा ने कोल्हान में परिवर्तन सभा को किया संबोधित

# कोल्हान की 14 सीटों पर विजय के लिए एकजुट हों : अर्जुन मुंडा



**हेमंत सरकार ने महिलाओं और युवाओं को ठगने का काम किया, अब समय है सच्चे बदलाव का**

**झारखंड में डेमोग्राफी बदल रही है, अब हमें अपने अधिकारों की रक्षा के लिए होना होगा एकजुट**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने सोमवार को पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा में कोल्हान प्रमंडल के लिए आयोजित परिवर्तन सभा को संबोधित किया। उन्होंने सभा में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे कोल्हान की 14 सीटों पर विजय हासिल करने के लिए एकजुट हों, ताकि झारखंड में सच्चा परिवर्तन लाया जा सके। अर्जुन मुंडा ने कहा, सिद्धो-कान्हो की धरती से गृहमंत्री अमित शाह ने परिवर्तन यात्रा की शुरूआत की थी, और आज हम कोल्हान से इस यात्रा को आगे बढ़ा रहे हैं।

उन्होंने वर्तमान हेमंत सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा, इस सरकार ने महिलाओं, बहनों और युवाओं को ठगने का काम किया है। विधानसभा चुनाव से पहले मंईयां योजना के तहत एक हजार रुपये देकर लोगों को फिर से अपने जाल में फंसाने का प्रयास कर रही है। मुंडा ने चेतावनी दी कि झारखंड में डेमोग्राफी बदल रही है। जहां संथाली गांव हैं, वहां लोग खाली हो रहे हैं। ऐसे लोग, जो यहां जमीन नहीं खरीद सकते, उनके लिए जमीन खाली क्यों हो रही है? उन्होंने सभी से अपील की कि इस मुद्दे को गंभीरता से लिया जाये और झारखंड के विकास के लिए एकजुटता के साथ आगे बढ़ें।

### राशिफल

**डॉ एनके बेरा | 9431114351**

- **मेष** — जॉब में उच्चाधिकारियों एवं सहयोगियों के सहयोग मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि होगी।
- **वृष** — बुद्धि-चतुरता से महत्वपूर्ण कार्य में सफलता,कर्मक्षेत्र में मनोनुकूल वातावरण रहेगा।
- **मिथुन** — धन-द्रव्य-वस्त्र आभूषण की प्राप्ति, स्वजन-मित्रों का सहयोग, आत्मविश्वास की वृद्धि।
- **कर्क** — कर्मक्षेत्र यशस्वीकार्य करने का अवसर सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापरिक विस्तार की योजना सफल, धनलाभ।
- **सिंह** — संकल्पित कार्य पूरा होगा.घर-गृहस्थी का सुख। व्यापारिक लाभ। संतान की उन्नति से मन प्रसन्न रहेगा।
- **कन्या** — धन प्राप्ति के प्रयासों में सफलता मिलेगी, शुभ समाचार की प्राप्ति होगी, विशिष्टजनों से सम्पर्क बढ़ेगा।
- **तुला** — विविध उलझनों से छुटकारा मिलेगा, परिश्रम-प्रयत्न से नौकरी-व्यापार एवं सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।
- **वृश्चिक** — सरकारी नौकरी करनेवालों के स्थानांतरण-पदोन्नति डोने की संभावना, धन लाभ होगा।
- **धनु** — विद्या- बुद्धि प्रतिभा का विकास,रोजी-रोजगार के क्षेत्र में प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास।
- **मकर** — संतान की उन्नति से मन प्रसन्न रहेगा, कुटुम्बियों का सहयोग, परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होगा।
- **कुंभ** — नई नौकरी मिलने के संयोग बनेगा,सपरिवार मनोरंजन-भ्रमण के साधन बनेंगे।
- **मीन** — रोजी-रोजगार के क्षेत्र में कठिनाइयों पर विजय, शादी-शुदा जिन्दगी में परेशानी से छुटकारा।

# शुभेंदु अधिकारी आज धनबाद में

**बलियापुर और चंदनक्यारी में परिवर्तन यात्रा जनसभा को करेंगे संबोधित**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** पश्चिम बंगाल के नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी 24 सितंबर को धनबाद जिले के सिंदरी के बलियापुर स्थित हाइस्कूल मैदान में सुबह 10:30 बजे परिवर्तन यात्रा महासभा को संबोधित करेंगे। वे बलियापुर से बिरसा ब्रिज तक आयोजित रोड शो में दोपहर 12 बजे हिस्सा लेंगे। श्री अधिकारी चंदनक्यारी के चांदीपुर फुटबॉल मैदान में आयोजित परिवर्तन यात्रा जनसभा को 2 बजे संबोधित करेंगे। इसके बाद 3:00 बजे से बांग्ला भाषी बुद्धिजीवियों के साथ चंदनक्यारी में बातचीत करेंगे।

# अन्नू बेदिया उत्पाद सिपाही बनने गया था, राज्य सरकार ने ताबूत में भिजवायी लाश : बाबूलाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** उत्पाद सिपाही बहाली की दौड़ में एक और युवा की जान चली गयी है। मृतक युवा रामगढ़ जिले का पतरातू निवासी था और उसका नाम अन्नु कुमार बेदिया था। इस मामले में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर हमला करते हुए कहा कि गलत नीतियों ने झारखंड के एक और होनहार युवा की जिंदगी छीन ली। कहा कि अन्नू कुमार बेदिया घर से उत्पाद सिपाही बनने का सपना लेकर निकले थे, लेकिन राज्य सरकार ने ताबूत में अन्नू की लाश घर भिजवायी। राज्य सरकार की बदइंतजामी ने अन्नू से उनकी सांसें छीन ली।

बीजेपी नेता ने कहा कि झामुमो कांग्रेस सरकार के द्वारा आयोजित उत्पाद सिपाही भर्ती की मौत की दौड़ में अब तक करीब 20 युवा अपनी जान गंवा चुके हैं। कई युवा अब भी गंभीर रूप से घायल होकर अस्पताल में जिंदगी की लड़ाई लड़ रहे हैं। देशभर में आज तक जितनी भी भर्ती परीक्षाएं हुई हैं, उनके इतिहास में इतने युवाओं ने अपनी जान नहीं गंवायी है। उन 20 युवकों के माता-पिता ने कल्पना भी नहीं की होगी कि नौकरी पाने के लिए अपने मां बाप का आशीर्वाद लेकर निकला उनका बेटा कफन में लिपटा हुआ वापस आयेगा।

मरांडी ने कहा, झूठी वाहवाही लूटने की चाहत में अब तक 20 परिवारों को उजाड़ चुकी यह सरकार ना जाने कितने और नौजवानों की जान लेगी। यदि सरकार चाहती तो इन मौतों को रोक सकती थी। जब पहली घटना हुई थी, तभी इसके कारणों की विवेचना कर दौड़ की दूरी घटायी जा सकती थी। दौड़ के क्रम में बीमार युवाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा, भर्ती स्थलों पर अनुभवी चिकित्सक का प्रबंध, उपयुक्त मौसम आदि जैसे सुरक्षात्मक उपाय कर सकती थी। लेकिन कई मौतों के बाद सरकार ने खानापूर्ति के लिए समीक्षा बैठक की, अफवाह फैलायी और फिर से मौत की दौड़ शुरू कर दी। एक अदद नौकरी की तलाश में जान गंवा चुके 20 युवाओं को, उनके परिजनों को इंसाफ दिलाने के लिए हमें एकजुट होकर इस सरकार के खिलाफ न्याय की लड़ाई लड़नी होगी।

### बाबूलाल मरांडी ने जेएसएससी-सीजीएल पेपर लीक का किया दावा



**रांची (आजाद सिपाही)।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि इंटरनेट बंद कर, हाइकोर्ट में झूठ बोल कर हेमंत सोरेन क्या इसी करतूत को छिपाना चाहते थे? उन्होंने कहा कि जेएसएससी-सीजीएल के पेपर 3 की परीक्षा सुबह 8:30 बजे से होनी थी, लेकिन किसी ने परीक्षा में आने वाले प्रश्नों का उत्तर पहले से ही लिख रखा था। बाबूलाल मरांडी ने दावा किया है कि कुछ फोटो वायरल हो रहे हैं, जिनमें कल की तारीख और समय भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। कल परीक्षा के बाद भी कई जगह छात्रों ने प्रश्न पत्र के सील पहले से टूटे होने की बात कही, जिसके बाद आनन फानन में बिना छात्रों का पक्ष जाने कुछ भ्रष्ट अधिकारियों ने प्रेसवार्ता भी कर दी। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने जिस तरह से हाइकोर्ट में झूठ बोला है, भ्रष्ट अधिकारी और विद्यालय प्रबंधन ने हड़बड़ी में स्पष्टीकरण जारी किया है, उससे लगता है कि दाल में जरूर कुछ काला है! हेमंत सरकार ने इंटरनेट बंदी की आड़ में सीट बेचने का खेला कर दिया है।

# खूंटी में बीजेपी की हार का इतिहास दोहराने आये थे जेपी नड्डा : सुप्रियो

**कहा- सुंदरपहाड़ी को खोदने का काम किया और वहां से कोयला निकाल कर अडानी को देने का काम किया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** जेएमएम महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने सोमवार को बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का नाम लिये बिना उन पर निशाना साधा। कहा कि झारखंड में आज बीजेपी के ऐसे नेता का आगमन हुआ है, जो कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी अध्यक्ष के पद पर बने हुए हैं। कहा कि खूंटी में उन्होंने परिवर्तन यात्रा की शुरुआत करते हुए कहा कि वे लोकसभा के चुनाव में भी यहां आये थे। सुप्रियो ने कहा कि उनकी स्मृति में भी है कि वे खूंटी संसदीय क्षेत्र में आये थे। कहा कि नड्डा जी ने बीजेपी के लिए ऐसा गड्ढा खोदा वहां पर कि खूंटी में अर्जुन मुंडा को यहां की जनता ने उसी गड्ढे में वोटों के बड़े अंतर से डाल दिया। सुप्रियो ने कहा कि और इसी काम और इतिहास को फिर से दोहराने के लिए वे आज खूंटी आये हैं।



कहा कि नड्डा ने आदिवासी अस्मिता की बात की। उन्होंने नड्डा से सवाल करते हुए कहा, आप जिस पार्टी से संबंध रखते हैं, उसी पार्टी की झारखंड में पहली सरकार बनी। कहा कि आपकी पार्टी में दूसरे दल के घुसपैठिये आज प्रदेश अध्यक्ष हैं। वे ही राज्य के पहले सीएम बने। इसके बाद अर्जुन मुंडा भी सीएम बने। उसके बाद सबसे प्रख्यात सीएम रहे, मधु कोड़ा। वो भी आज बीजेपी में ही हैं। कहा, इसी तरह बीजेपी के रघुवर दास का भी यहां पांच साल का कार्यकाल रहा। कहा कि विश्व आदिवासी दिवस, राज्य गठन के बाद, उस दिवस को जो कि आदिवासियों के प्रति समर्पित दिवस है, उसको याद करने में बीजेपी को 22 साल क्यों लग गये। ऐसा तब है जब विश्व आदिवासी दिवस को राष्ट्र संघ मान्यता प्रदान कर चुका है।

सुप्रियो ने बीजेपी अध्यक्ष से सवाल किया कि क्यों हेमंत सोरेन को आदिवासी दिवस मनाने की शुरुआत 2023 से करनी पड़ी। कहा कि इससे पहले तो बीजेपी की ही सरकार लंबे समय तक रही। लेकिन आज बीजेपी के नेता आदिवासी अस्मिता की बात कर रहे थे।

कहा आपने सुंदरपहाड़ी को खोदने का काम किया और वहां से कोयला निकाल कर अडानी को देने का काम किया। इसका खमिजाया आदिवासियों की बड़ी आबादी को भुगतना पड़ा है। कहा कि यहां एक छटाक कोयला राज्य ने नहीं लिया। सुप्रियो ने आगे कहा, लेकिन आपके मित्र गौतम अडानी ने हमारी जमीन से कोयला निकाला, हमारे पानी को इस्तेमाल किया और हमसे मजदूरी करायी। कहा अडानी बांग्लादेश में घुसपैठ कर गये और वहां बिजली बेचने लगे। कहा कि आप आदिवासी हितों की बात करते हैं, लेकिन आपके सीएम ने सीएनटी एक्ट को बदलने का काम और प्रयास किया।

# झारखंड विस नियुक्ति घोटाला की जांच सीबीआइ को, हाइकोर्ट ने दिया आदेश

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** झारखंड विधानसभा में अवैध नियुक्ति की जांच की मांग के लिए दाखिल जनहित याचिका पर हाइकोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया है। सोमवार को अदालत ने इस पूरे मामले की जांच सीबीआइ से कराने का आदेश पारित किया है। इस केस से जुड़े सभी पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने 20 जून को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन और अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने अपनी बहस पूरी की। विधानसभा की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार ने बहस की। इस संबंध में शिव शंकर शर्मा ने जनहित याचिका दाखिल की है। याचिका में कहा गया है कि वर्ष 2005 से वर्ष 2007 के बीच में विधानसभा में हुई नियुक्ति में गड़बड़ी हुई है। मामले की जांच के लिए पहले जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद आयोग का गठन किया गया। आयोग ने जांच कर वर्ष 2018 में राज्यपाल को रिपोर्ट भी सौंपी थी, जिसके बाद राज्यपाल ने विधानसभा अध्यक्ष को कार्रवाई करने का निर्देश दिया था, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# ग्रामीण कार्य विभाग में 20 इंजीनियरों का ट्रांसफर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** ग्रामीण कार्य विभाग में 20 कनीय अभियंताओं का स्थानांतरण पदस्थापन किया गया है। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गयी है।




### किसको, कहां भेजा गया

मोहम्मद अब्दुल कुद्दुस अंसारी, जामताड़ा, राजेश कुमार महेशपुर, दीपक कुमार, ठेठईटांगर, विश्वदीप बागे, कुचाई, सरोज कुमार सरायकेला खरसावां, रमाकांत सिंह, सिमरिया, सुरेश प्रसाद गुप्ता, बिश्रामपुर, मुकेश कुमार मंडल, निरसा, मनीष दे, तीसरी, शमशाद अंसारी, धनवार, दिनेश चंद्र महतो चांडिल, राजीव रंजन दो, रातू, नंदकिशोर प्रसाद चौरसिया कोलेबिरा, रोशन कुमार, टुंडी, संजय कुमार महतो, नीमडीह, संदीप कुमार , बोरियो, आकाश कुमार, पथरगामा, राहुल तिवारी, घाटशिला, अजय कुमार किस्कू, मिट्टी अन्वेषण प्रमंडल रांची, राजेश कुमार, काठीकुंड, दुमका।

## इरफान अंसारी को हाइकोर्ट से झटका

# उनके खिलाफ एसटी/एससी केस को हाइकोर्ट ने नहीं किया निरस्त

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** ग्रामीण विकास मंत्री इरफान अंसारी को झारखंड हाइकोर्ट से झटका लगा है। उनके खिलाफ जामताड़ा में दर्ज एसटी/ एससी केस को रद्द करने की याचिका को हाइकोर्ट ने खारिज कर दिया। एसटी/ एससी एक्ट से जुड़े मामले में दुमका की विशेष अदालत में जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी के खिलाफ शिकायतवाद केस चल रहा है। मामले में शिकायतकर्ता सुनीला देवी हैं। दरअसल, इरफान अंसारी के खिलाफ जामताड़ा में धरना प्रदर्शन के दौरान जाति सूचक शब्द का इस्तेमाल करने एवं गाली गलौज करने का आरोप लगाते हुए सुनीला देवी ने शिकायतवाद दर्ज करायी थी। जामताड़ा के निचली अदालत ने मामले में संज्ञान लिया था। शिकायतवाद में कहा गया था कि वर्ष 2022 में विधायक इरफान अंसारी अपने समर्थकों के साथ धरना स्थल पर पहुंचे थे और जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए गाली-गलोज किया और उनके टेंट और तंबू को उखाड़ कर फेंक दिया था। बाद में यह मामला जामताड़ा की निचली अदालत से दुमका की विशेष अदालत में ट्रांसफर हो गया था, जहां यह मामला अभी लंबित है। प्रार्थी इरफान अंसारी की ओर से शिकायतवाद को निरस्त करने एवं अदालत द्वारा लिये गये संज्ञान आदेश को निरस्त करने का आग्रह हाइकोर्ट से किया गया था। मामले को लेकर जामताड़ा में एसटी /एससी थाना में कांड संख्या 8/2022 दर्ज किया गया था।

www.epaper.azadsipahi.in

24 सितंबर, 2024
अश्विन, कृष्ण पक्ष, सप्तमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 09, अंक 334

यह युद्ध का समय नहीं है: मोदी



### मुख्यमंत्री ने खूंटी में केंद्र सरकार और भाजपा पर साधा निशाना

# केंद्र बकाया दे, मंईयां योजना की राशि दोगुनी कर दूंगा : हेमंत

- मुख्यमंत्री खूंटी में 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम में हुए शामिल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि भाजपा वाले बोलते हैं कि हम मंईयां सम्मान योजना वोट लेने के लिए लाये हैं। बेइमानों तुमने कभी गरीबों को कुछ दिया तो नहीं और आज हम दे रहे हैं तो तकलीफ हो रही है। आज भी हमारे गांव के लोग छोटी-छोटी जरूरतों के लिए कर्जा लेते हैं। हम आपको यकीन दिलाते हैं कि आनेवाले पांच साल में हम आपको इतना मजूबत कर देंगे कि आपको किसी के आगे हाथ फैलाने की जरूरत नहीं होगी। हर घर में एक-एक लाख देंगे। इसके लिए आज ही हमने केंद्र सरकार को पत्र लिखा है कि हमारा बकाया 1.36 करोड़ वापस करो। अगर वो नहीं दे पाते हो, तो उसका सूद वापस करो, ताकि हम मंईयां सम्मान की राशि को तुरंत दो हजार कर दें। ये पैसे वापस लेने के लिए हमें लड़ाई लड़नी होगी।

मुख्यमंत्री सोमवार को खूंटी के तोरपा में 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने खूंटी एवं सिमडेगा जिले को लगभग 734 करोड़ 55 लाख रुपये की योजनाओं की दी सौगात। विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया और लाभुकों के बीच परिसंपत्तियां बांटी। इस मौके पर मंत्री रामेश्वर उरांव और सत्यानंद भोक्ता, सांसद कालीचरण मुंडा, विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी और भूषण बाड़ा समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।



### हमारा काम देख विपक्ष के लोग जलते हैं

हेमंत ने कहा कि विपक्ष के लोग हमारे कामों से जलते हैं। तरह-तरह के झूठे आरोप लगा कर हमारे साथ चोर-पुलिस खेलने लगा। कोर्ट कचहरी करता रहा। हम आपको हक अधिकार देने का काम करते थे और ये लोग वो अधिकार कैसे आप तक नहीं पहुंचे, इसके लिए काम करता था। ये लोग तरह-तरह का पचड़ा लगा कर काम नहीं होने देना चाहता था। नौकरी देते थे तो कोर्ट कचहरी चला जाता है। मंईयां योजना चला रहे हैं, इसके लिए भी कोर्ट चला जाता है। इस योजना को विपक्ष के लोग झूठी योजना बोलते हैं। यहीं योजना अपने राज्य में शुरू करते हैं, तो उसको सही बोलते हैं। गरीब गुरबा कुछ करे तो वह खराब। ये पूंजीपति, व्यापारी लोग कुछ करें तो वो सही। खूंटी जिला में भी ये लोग गिद्ध की तरह मंडरा रहा है। ये लोग चुनाव की तैयारी में लगा है और हम काम करने में जुटे हैं।

### हटाने के लिए एक दर्जन मुख्यमंत्री लगा हुआ है

हेमंत ने कहा कि ये दो साल तक हमको दौड़ाता रहा। झूठा आरोप लगाया। मुझे जेल में डाल दिया था। लेकिन आप जैसी मां बहनों का आशीर्वाद जिसके ऊपर रहे, उसका कोई बाल भी बांका नहीं कर सकता है। पूरे राज्य में बड़ा बड़ा नेता आ रहा है। हिंदू-मस्लिम, दलित-पिछड़ा, आदिवासी-सरना का लड़ाई लगवाने में ये लोग माहिर हो गया है। उन्होंने कहा कि हमारी एकता ही हमारी ताकत है। हम लोग बिरसा मुंडा के पद चिह्नों पर चलने वाले हैं। हम ना कभी किसी से डरे हैं ना किसी के सामने झुके हैं ना झुकेंगे। आप लोग हौंसला बुलंद रखिए। आप लोग मजबूती से खड़े रहें। एक मुख्यमंत्री को हटाने के लिए एक दर्जन से अधिक मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री, गृह मंत्री तक लगा हुआ है। देखते हैं इन पूंजीपतियों के पास ज्यादा ताकत है या गरीब आदिवासी मुख्यमंत्री के पास।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गिनायी उपलब्धियां

मुख्यमंत्री ने कहा कि आप लोगों ने साल 2019 में हमें जो जिम्मेवारी दी है, उसका निर्वहन हम कर रहे हैं। आप सभी ने मुझे राज्य का मुख्य सेवक बनाया। वर्ष 2019 से लेकर अब तक कई चुनौतियां हमारी सरकार ने देखी हैं। कोरोना से लेकर सुखाड़ तक से लड़ा। मैं आज फिर बोल रहा हूं कि वर्तमान राज्य सरकार गांव से चलने वाली सरकार है। आज राज्य सरकार के अधिकारी आपके द्वार पहुंच कर आपकी समस्याओं का समाधान कर रहें हैं। आपको सरकार की योजनाओं से जोड़ रहे हैं। हमारी सरकार ने राज्य के सभी वर्ग-समुदाय को उनका हक-अधिकार देने का काम किया है। हमारी सरकार ने राज्य की महिलाओं को सम्मान, वृद्धजनों को बुढ़ापे की लाठी दी है। हमारी सरकार ने राज्य की नारी शक्ति को सम्मान के साथ-साथ आर्थिक रूप से समृद्ध करने के लिए 'झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना' की शुरुआत की है। सभी वर्ग-समुदाय की महिलाओं को हमारी सरकार उनका हक-अधिकार दे रही है। आपका यह बेटा आपके सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। आप सिर्फ अपना आशीर्वाद हमें देते रहे ताकि हम दिन रात जनहित का काम करते रहें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री उलीहातू जाते हैं। भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली जाते हैं। फर्जी मिट्टी का टीका लगाते हैं। योजना की शुरुआत करते हैं। लेकिन आदिवासी दिवस पर प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति शुभकामनाएं नहीं देते हैं। उन्होंने कहा कि सरना धर्म कोड विधेयक विधानसभा से पारित कर केंद्र सरकार को भेजा, लेकिन दुर्भाग्य है कि केंद्र सरकार की उदासीनता की वजह से यहां के आदिवासी समुदाय को सरना धर्म कोड की मान्यता अभी तक नही मिल पायी है।

## सीएम चतरा और कोडरमा जिले को आज देंगे सौगात

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चतरा।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत इटखोरी मां भद्रकाली मैदान में 24 सितंबर मंगलवार को विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में 1 बजे अपराह्न में बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विशिष्ट अतिथि केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, राज्य के श्रम नियोजन प्रशिक्षण, कौशल विकास, उद्योग मंत्री सत्यानंद भोक्ता, स्वास्थ्य,चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण खाद्य सार्वजनिक वितरण सह उपभोक्ता मामले के मंत्री बन्ना गुप्ता, सांसद हजारीबाग मनीष जायसवाल, स्थानीय सांसद कालीचरण सिंह, विधायक सिमरिया किशुन कुमार दास, विधायक बड़कागांव अंबा प्रसाद, विधायक कोडरमा नीरा यादव, विधायक बरही उमाशंकर अकेला, विधायक बरकट्ठा अमित यादव मौजूद रहेंगे।

### गढ़वा से मंईयां सम्मान यात्रा का हुआ शुभारंभ

# मंईयां योजना रोक कर दिखाइये: कल्पना सोरेन

**मुख्यमंत्री की पत्नी सह विधायक कल्पना सोरेन ने भाजपा पर साधा निशाना**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** मुख्यमंत्री की पत्नी सह विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि ये वही हेमंत सोरेन हैं, जिनको पांच महीने जेल में डाला था। इस योजना की शुरुआत हेमंत सोरेन ने पहले ही कर ली थी। आज आपको दूसरी किस्त मिल रही है। आज आपको 7वीं किस्त मिल रही होती, लेकिन भाजपा वालों की वजह से ये योजना रूक गयी। भाजपा वालों ने हेमंत सोरेन को जेल में नहीं डाला, बल्कि कल्याणकारी योजनाओं को जेल में डाल दिया। भाजपा वाले नहीं चाहते हैं कि हमारी माताओं बहनों के खाते में हजार टका आये। जैसे ही हमने मंईयां सम्मान योजना की पहली किस्त दी, वैसे ही भाजपा के कुछ लोगों ने पीआइएल दायर कर दी। उन्होंने चुनौती भरे शब्दों में भाजपा को ललकारा कि अगर सम्मान योजना रोक सकते हैं, त ो रोक कर दिखाइये। कल्पना गढ़वा के बंशीधर नगर से सोमवार को मंईयां सम्मान यात्रा की शुरुआत करने के मौके पर बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि मैं आपसे पूछना चाहती हूं कि आप इस योजना से खुश हैं या नहीं। यदि आप खुश हैं तो उनको दिखा देना है। जवाब उन लोगों को जो हिमाकत करते हैं हमारी बहनों की योजनाओं पर पीआइएल करने की। हमारी बहनों की योजनाओं पर पीआइएल दाखिल किया गया है। हम चेतावनी दे देना चाहते हैं कि झारखंड की जितनी भी योजनाए हैं, चाहे वह दीदियों के लिए हों, बेटियों के लिए हों, भाई-दादा के लिए हों ये योजनाएं ऐसी ही चलने वाली हैं। आप रोक सकते हैं तो रोक कर दिखाइए। क्योंकि मुझे पता है कि हमारे झारखंड की बहनें, झारखंड के भाई पूरे जोश के साथ लड़ रहे हैं हेमंत को मुख्यमंत्री बनाने के लिए।

(पेज 07 भी देखें)



### लोगों से पूछ किसकी सरकार बनेगी

कल्पना ने मंच से पूछा कि किसकी सरकार बनेगी? जवाब में लोगों ने कहा हेमंत सोरेन की। फिर कल्पना सोरेन ने पूछा कि हेमंत सोरेन आपके क्या लगते हैं? लोगों ने जवाब दिया दादा लगते हैं। इस पर कल्पना सोरेन ने कहा कि हेमंत सोरेन को झारखंड का मुख्यमंत्री इसलिए बनाना है। वो इसलिए बनाना है कि अभी बहुत सारे नेता जो केंद्र में बैठे हुए हैं, वो लोग झारखंड में मंडरा रहे हैं। वो बताने आ रहे हैं कि आदिवासी बेटा हेमंत सोरेन झारखंड के लिए कुछ नहीं कर रहा है। अब झारखंड की जनता बतायेगी कि बाहर से आप सात-आठ जितने मुख्यमंत्री को लाना है ले आइए, लेकिन आने वाले साल में भी हेमंत सोरेन ही झारखंड के मुख्यमंत्री रहेंगे। क्योंकि, हेमंत सोरेन के साथ झारखंड की जनता खड़ी है। अपने भाषण के दौरान कल्पना सोरेन ने बार-बार लोगों की तालियां बटोरीं।

# झारखंड में भाजपा नेताओं का रेला

### खूंटीः जेपी नड्डा-हिमंता विस्वा सरमा, बहरागोड़ाः शिवराज सिंह चौहान-बाबूलाल मरांडी, गांडेय और बरकट्ठा : मोहन यादव, गढ़वा और पलामू अनुराग ठाकुर

**रांची (आजाद सिपाही)।** भाजपा ने राज्य में परिवर्तन यात्रा शुरू की है। कुछ प्रमंडलों में यात्रा शुरू हो चुकी है, जबकि कुछ प्रमंडलों में यात्रा का शुभारंभ हो रहा। इसमें पार्टी के राष्ट्रीय नेता शिरकत कर रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को झारखंड में भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं का रैला लगा। खूंटी में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और असम के मुख्यमंत्री हिमंता विस्वा सरमा पहुंचे। उन्होंने दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के लिए परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ किया। बहरागोड़ा में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी थे। वहीं, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव गांडेय और बरकट्ठा और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर गढ़वा और पलामू में यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान हुई सभा में भाजपा नेताओं के निशाने पर हेमंत सोरेन ही रहे।

## भ्रष्टाचार में डूबी हेमंत सरकारः जेपी नड्डा

**खूंटी कचहरी मैदान में परिवर्तन यात्रा रैली में गठबंधन सरकार पर बरसे**

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि हेमंत सोरेन ने कांग्रेस से सीखने में कोई कसर नहीं छोड़ी। झामुमो भी भ्रष्टाचारी पार्टी बन गयी है। उन्होंने परिवारवाद को बढ़ावा दिया। भाई-भतीजावाद को पनाह दी, युवाओं के साथ छल किया। अपने ?ही परिवार में जो पराये दिखे, उन्हें दरकिनार किया। क्या चंपाई सोरेन आदिवासी नहीं थे? क्या सीता सोरेन आदिवासी नहीं हैं? फिर उन्हें अपमानित क्यों किया गया? झामुमो जब आदिवासी की अस्मिता की बात करता है, तो वह उनके परिवार तक ही सीमित है। चंपाई सोरेन को मुख्यमंत्री बनाया, लेकिन मुख्यमंत्री बनाते ही वह आपको छोड़ कर चले गये, क्योंकि उनका अपमान आपने किया।

जेपी नड्डा सोमवार को खूंटी में भाजपा की परिवर्तन यात्रा कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के लिए परिवर्तन यात्रा को हरी झंडी दिखायी और सभा को भी संबोधित किया उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा को नमन करता हूं। आज माल्यार्पण करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। उनका त्याग, उनका स्वाभिमान और आदिवासी के लिए उनका बलिदान हम सबों को सदा प्रेरित करता है। उनकी धरती से आज हमें परिवर्तन यात्रा को प्रारंभ करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।



### ये ग्रहण की तरह झारखंड पर लगे हुए हैं

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि यह यात्रा झारखंड में परिवर्तन लायेगी। बदलाव लायेगी। मां, बेटी, रोटी, आदिवासी की अस्मिता, उनकी रक्षा की सुरक्षा की यात्रा है। भोले-भाले आदिवासी भाई उनके हक-हुकुम की सुरक्षा करने की यात्रा है। यह संकल्प लेने की यात्रा है। जिन लोगों ने आदिवासी के साथ छल किया है, उनके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी और उनकी जगह जेल में होगी। झारखंड को झामुमो, कांग्रेस और राजद से मुक्ति दिलानी होगी। ये ग्रहण की तरह झारखंड पर लगे हुए हैं। ये कहते कुछ हैं, करते कुछ हैं। इनको सत्ता से हटाना बहुत बड़ी जिम्मेदारी है।

### भाजपा ही कर सकती है आदिवासियों की रक्षा

नड्डा ने कहा कि आज झारखंड में आदिवासियों की संख्या 44 से घट कर 28 प्रतिशत रह गयी है। ये कैसी सरकार है और किस प्रकार से काम कर रही है? रोहिंग्याओं को बसाया जा रहा है। लोग गलत तरीके से शादियां कर रहे हैं। आदिवासियों की जमीनों को हड़प रहे। ये सब सुनियोजित तरीके से हो रहा है और यहां की सरकार ये होने दे रही है। रोहिंग्याओं को यहां बसा रही है, उनका आधार कार्ड बना रही है। आदिवासियों की रक्षा अगर कोई कर सकती है तो भाजपा ही कर सकती है। आप झारखंड में सरकार बदल दीजिए, हम घुसपैठियों को बाहर कर देंगे।

### मोदी सरकार की उपलब्धियों को गिनाया

नड्डा ने कहा कि लोकसभा चुनाव में आप सभी के आशीर्वाद से नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने हैं। मैं झारखंड की जनता को धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने इंडी अलायंस की एक नहीं सुनी और यहां से भाजपा को जीत दिलायी। ये कहते थे कि हम हर परिवार को एक-एक लाख रुपया देंगे। क्या आपको मिल गया? इन्होंने अपने घोषणा पत्र में कहा था कि हम चूल्हा भत्ता देंगे। पीएम मोदी ने घर-घर में गैस सिलेंडर पहुंचा दिया, लेकिन इनका चूल्हा भत्ता नहीं मिला। हमने अपने इस 100 दिन के कार्यकाल में 3 करोड़ मकान की स्वीकृति दी है।

### घुसपैठिये को चुन-चुन कर बाहर करेंगेः हिमंता



खूंटी। असम के मुख्यमंत्री और झारखंड चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार झारखंड के युवाओं और आदिवासियों के हितों की रक्षा करने में पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने रोजगार के झूठे वादे किये। केवल भाजपा ही आदिवासियों और झारखंड की जनता के अधिकारों की रक्षा कर सकती है। उन्होंने कहा कि झारखंड में घुसपैठ और आदिवासी जमीनों पर अवैध कब्जे हो रहे हैं। यह सब राज्य सरकार की स्वीकृति से हो रहा है। भाजपा सत्ता में आने पर इन सभी समस्याओं का समाधान करेगी। मोदी जी के नेतृत्व में झारखंड को देश के अग्रणी राज्यों में शामिल किया जायेगा। हम बिरसा मुंडा और सिदो-कान्हू के सपनों को साकार करेंगे। हिमंता ने कहा कि यह कैसी सरकार है, जो नौकरी के नाम पर युवाओं को दौड़ा-दौड़ा कर मार रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा का घोषणा पत्र आने दीजिए, हम मंईयां सम्मान योजना की एक हजार की राशि को डबल करेंगे। भाजपा की सरकार बनाइये, रोहिंग्याओं ओर बांग्लादेशी घुसपैठियों को चुन-चुर कर बाहर करेंगे।

## अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगाः शिवराज

**बहरागोड़ा से कोल्हान प्रमंडल के लिए भाजपा की परिवर्तन यात्रा का किया शुभारंभ**

**बहरागोड़ा (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय कृषि मंत्री एवं झारखंड विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने हेमंत सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि यह झामुमो नहीं, बल्कि 'जुर्म, मर्डर और माफिया' की सरकार है। उसे हेमंत सोरेन चला रहे हैं। हेमंत सोरेन ने वादा किया था कि 5 लाख सरकारी नौकरियां देंगे, लेकिन चार साल और 10 महीने बीत गये और कुछ नहीं किया। अब चुनाव के नजदीक आते ही दौड़ कराने लगे, जिसमें 15 नौजवानों की जान चली गयी। उन्होंने कहा कि लेकिन अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा और परिवर्तन आयेगा। उन्होंने कहा कि करीब 2.87 लाख से ज्यादा सरकारी नौकरियां खाली हैं। भाजपा की सरकार बनते ही, पहली कैबिनेट बैठक में नौजवानों को रोजगार देने का फैसला लिया जायेगा।

केंद्रीय मंत्री सोमवार को बहरागोड़ा में कोल्हान प्रमंडल के लिए भाजपा की परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ किया। उन्होंने परिवर्तन यात्रा को हरी झंडी दिखायी और जनसभा को संबोधित किया। इससे पहले पवित्र चित्रवेश्वर धाम में पूजा-अर्चना भी की।



### झारखंड में न बेटी, न माटी, न रोटी सुरक्षित

शिवराज सिंह ने कहा कि झारखंड में न बेटी, न माटी, न रोटी सुरक्षित है। सभा के दौरान कुछ महिलाओं ने मंच पर आकर उन्हें मिट्टी भेंट की, जिस पर श्री चौहान ने वचन दिया कि भाजपा की सरकार बनने पर बेटी, माटी और रोटी की सुरक्षा सुनिश्चित की जायेगी। उन्होंने हेमंत सरकार पर विदेशी घुसपैठियों को शह देने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा की सरकार बनी तो इन्हें चुन-चुन कर बाहर निकाला जायेगा। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने चूल्हा खर्च के नाम पर 2,000 रुपये देने का वादा किया था। अब चुनाव के वक्त मंईयां सम्मान के नाम पर 1,000 रुपये देकर जनता को फंसाने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन हमें इस जाल में नहीं फंसना है।

### हर गरीब को मिलेगा पक्का मकान

चौहान ने कहा कि हमारी सरकार बनने पर हर गरीब का पक्का मकान बनाया जायेगा, और मकान बनाने के लिए बालू मुफ्त में दिया जायेगा। भाजपा की सरकार बनने पर राज्य में 'एनआरसी' लागू किया जायेगा और विदेशी घुसपैठियों को चिह्नित कर बाहर किया जायेगा। उन्होंने जनता से भाजपा को समर्थन देने की अपील की। उन्होंने कहा कि आप हमें परिवर्तन दीजिए, हम आपको बेहतर झारखंड देंगे।

### लूट, झूठ और भ्रष्टाचार की सरकार, अब जनता करेगी इसे दरकिनार : बाबूलाल



बहरागोड़ा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि यह पांचवीं परिवर्तन यात्रा है, जो यहां से प्रारंभ हो रही है। उन्होंने कहा कि यह सरकार पिछले पांच वर्षों से झारखंड को लूट रही है। जमीनों का फर्जीवाड़ा और भ्रष्टाचार चरम पर है। हमें ऐसे लुटेरों को सत्ता से बाहर करना है। भाजपा ही झारखंड को बना सकती है और झारखंड भाजपा के दिलों में बसता है। हेमंत सरकार आदिवासी और राज्य के हितों के साथ धोखा कर रही है। अब समय आ गया है कि हम एकजुट होकर इस भ्रष्ट सरकार को सत्ता से बेदखल करें। बाबूलाल मरांडी बहरागगोड़ा में बोल रहे थे।

> 'हेमंत सोरेन जेल से बाहर आने के बाद एक सप्ताह भी बिना कुर्सी के नहीं रह सके। जनता अब सब जान चुकी है। वह उनके बहकावे में नहीं आनेवाली है।'
>
> -मोहन यादव, मुख्यमंत्री, गांडेय और बरकट्ठा में



> 'हेमंत सोरेन के नेतृत्व में लैंड जिहाद से जमीन और जनंसख्या का संतुलन बिगड़ रहा है। मगर झारखंड सरकार को जनभावना से कोई सरोकार नहीं है।'
>
> -अनुराग ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री, गढ़वा और पलामू में



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No. 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 70,500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 91,000 रु./प्रति किलो |



# बोरियो विधानसभा क्षेत्र में लोबिन की फाइट खुद लोबिन से

## ■ पूरे इलाके में सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा बने हुए हैं झामुमो के पूर्व दिग्गज
## ■ साढ़े तीन दशक से इस क्षेत्र में है दबदबा, छह बार जीत चुके हैं चुनाव
## ■ पार्टी बदलने से कोई नाराज है तो कोई खुश, लेकिन छवि मददगार वाली ही है

आजाद सिपाही विशेष

झारखंड विधानसभा की सबसे चर्चित सीटों में से एक है बोरियो, जहां का राजनीतिक परिदृश्य इस बार पूरी तरह चर्चा का केंद्र बना हुआ है। आदिवासियों के लिए आरक्षित यह विधानसभा सीट झामुमो का गढ़ है और इस गढ़ के निर्विवाद नायक हैं लोबिन हेंब्रम, जो अब भाजपा का दामन थाम चुके हैं। एक तरह से कहा जा सकता है कि लोबिन हेंब्रम की बदौलत झामुमो यहां मजबूत होता चला गया। लेकिन आज यही लोबिन खुद के लिए चुनौती बने हुए हैं। राजमहल लोकसभा क्षेत्र के तहत आनेवाली बोरियो विधानसभा सीट पर आलम यह है कि यहां सब कुछ लोबिन हेंब्रम ही हैं। वह यहां सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा हैं और सबसे प्रभावशाली राजनीतिक हस्ती। साढ़े तीन दशक से झामुमो का झंडा बुलंद करनेवाले लोबिन अब भाजपा में हैं, और इस क्षेत्र में वह कमल खिलाने के लिए दिन-रात एक किये हुए हैं। क्योंकि यहां लोबिन की फाइट खुद लोबिन से है। एक लोबिन जो कभी तीर-धनुष का झंडा बुलंद करते रहे और जिनके आदर्श रहे शिबू सोरेन और एक लोबिन जिसके हाथों में आज कमल है और नरेंद्र मोदी जिनके आदर्श बन गये हैं। आज के बोरियो का आलम यह है कि क्रॉस लगे घर में भी भाजपा का झंडा दिखाई पड़ने लगा है। यानी लोबिन दा पूरे एक्टिव मोड में आ चुके हैं। बोरियो का बाजार हो या लोबिन हेंब्रम का नाम दोनों ही अपने क्षेत्र में सबसे चर्चित हैं। लोबिन ने 2005 और 2014 को छोड़ कर 1990 के बाद से हमेशा यहां से जीत हासिल की है। बोरियो में होनेवाली कोई भी राजनीतिक चर्चा लोबिन हेंब्रम से शुरू होकर उन पर ही खत्म होती है। लोबिन यहां की मिट्टी और हवाओं में घुल-मिल गये हैं, यानी बोरियो और लोबिन का अस्तित्व एक-दूसरे से इस तरह मिल गया है कि उसे अलग करना नामुमकिन हैं। इसलिए आसन्न विधानसभा चुनाव में बोरियो विधानसभा क्षेत्र का खास महत्व हो गया है। क्या है बोरियो विधानसभा क्षेत्र का चुनावी इतिहास और क्या है वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

झारखंड के 81 विधानसभा क्षेत्र में से बोरियो विधानसभा क्षेत्र भी एक है, जो अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित है। 1957 में अस्तित्व में आया यह विधानसभा क्षेत्र साहिबगंज और गोड्डा जिले से जुड़ा हुआ है और राजमहल लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है। यहां की राजनीति थोड़ी अलग लेवल की है, क्योंकि यह इलाका विकास की दौड़ में पिछड़ा तो है, लेकिन राजनीतिक रूप से बेहद उर्वर है। यहां की राजनीति किसी दल या संगठन के भरोसे नहीं, एक व्यक्ति के इर्द-गिर्द घूमती रहती है और वह व्यक्ति है लोबिन हेंब्रम। हाल के दिनों तक झामुमो के कद्दावर नेता रहे लोबिन हेंब्रम अब भाजपा में शामिल हो चुके हैं। बोरियो विधानसभा क्षेत्र में उनकी स्थिति का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि यहां हर बात में कहीं न कहीं से घूम-फिर कर लोबिन दा आ ही जाते हैं। यानी बोरियो में आप लोबिन हेंब्रम का पक्ष लें या विरोध करें, लेकिन उन्हें नजरअंदाज नहीं कर सकते। लोबिन हेंब्रम के बारे में बोरियो की जनता का कहना है कि वह जात-पात, ऊंच-नीच, अमीर-गरीब नहीं देखते, वह सबकी मदद करते हैं। दिन हो या रात अगर कोई उनसे मदद मांगे तो वह हमेशा हाजिर रहते हैं। लोग उनका बहुत सम्मान करते हैं। लोबिन हेंब्रम इधर-उधर की बातें नहीं करते, वह सीधी बात करते हैं और सीधा प्रहार भी करते हैं। मुद्दों से वह भटकते नहीं, वह मुद्दों को अंजाम तक पहुंचाने में विश्वास करते हैं। फिर चाहे अपनी ही सरकार के खिलाफ ही क्यों न खड़ा होना पड़े। बोरियो की जनता भी यस या नो में विश्वास करती है। सवालः लोबिन दा भाजपा में चले गये, इसे लेकर आप क्या सोचते हैं ? एक कहता है- ना ठीक नहीं किया, वहीं दूसरा व्यक्ति कहता है-बिल्कुल सही किया। लोगों से बातचीत के क्रम में लोबिन हेंब्रम की एक खासियत पता चली कि वह मदद करने में भेदभाव नहीं करते हैं। कोई उन्हें वोट दे या नहीं दे, वह सबको समान दृष्टि से देखते हैं। जनता में उनको लेकर कहीं-कहीं नाराजगी हो सकती है, लेकिन उस व्यक्ति ने सम्मान कमाया है।

### बोरिया विधानसभा सीट का राजनीतिक इतिहास

बोरियो विधानसभा सीट पर झामुमो का प्रभाव रहा है, लेकिन झारखंड अलग राज्य निर्माण के बाद इस सीट पर झामुमो और भाजपा के बीच ही मुख्य मुकाबला होता रहा है। वर्ष 2019 में यहां से झामुमो के टिकट पर लोबिन हेंब्रम ने जीत हासिल की। हालांकि इस सीट पर झामुमो के लोबिन हेंब्रम वर्ष 1990, 1995, 2000, 2009 और 2019 में जीत हासिल कर चुके हैं। लेकिन 1995 में पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त रहने की वजह से झामुमो ने उनका टिकट काट दिया था। इसके बावजूद वह उस चुनाव में भी बतौर निर्दलीय जीत दर्ज करने में सफल हुए थे। 2005 और 2014 में उन्हें भाजपा के ताला मरांडी के हाथों पराजित होना पड़ा था।



### बोरियो का सामाजिक समीकरण

बोरियो में सबसे अधिक संथाल, फिर हिंदू और तीसरे नंबर पर अल्पसंख्यक मतदाता हैं। संथाल मतदाताओं के साथ अल्पसंख्यक मतदाताओं के मिलते ही झामुमो भारी पड़ जाता है। यहां संथाल और पहाड़िया आदिवासी मतदाताओं की आबादी लगभग 60 प्रतिशत हैं। वहीं मुस्लिम मतदाताओं की संख्या करीब 10 प्रतिशत है। इस तरह आदिवासी और मुस्लिम समुदाय के करीब 70 प्रतिशत मतदाता निर्णायक भूमिका निभाते रहे हैं। इसके अलावा इस क्षेत्र में वैश्य, कोयरी, कुर्मी और यादव सहित अन्य समुदाय के मतदाताओं की गोलबंदी चुनाव परिणाम में निर्णायक सिद्ध होती है।

### विधानसभा चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज

हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव में लोबिन हेंब्रम ने झामुमो से बगावत कर निर्दलीय चुनाव मैदान में जोर-आजमाइश की, लेकिन वह अपने बोरियो विधानसभा क्षेत्र में भी सम्मानजनक वोट नहीं बटोर सके। बोरियो में इस बार क्या होगा, यह फिलहाल स्पष्ट नहीं है, लेकिन इतना तय है कि आसन्न विधानसभा चुनाव में लोबिन हेंब्रम को खुद से ही मुकाबला करना होगा।

### बोरियो में हर तरफ लोबिन हेंब्रम की ही चर्चा

बोरियो विधानसभा क्षेत्र का राजनीतिक इतिहास भले ही कुछ भी रहा हो, एक बात साफ दिखती है कि यहां लोबिन हेंब्रम ही सबसे बड़े राजनीतिक फैक्टर हैं। चाहे विधायक के रूप में कामकाज की बात हो या फिर नये राजनीतिक समीकरण की, लोबिन हेंब्रम के बिना कुछ भी पूरा नहीं होता। लोग कहते हैं कि लोबिन दा बोरियो विधानसभा क्षेत्र की हवाओं-मिट्टी में इस कदर घुले-मिले हैं कि दोनों को अलग करना नामुमकिन है। भले ही विधायक के रूप में उन्होंने कोई बड़ा काम नहीं किया हो, लेकिन लोगों के दिलों में उनका अलग ही स्थान है।

### कौन हैं लोबिन हेंब्रम

लोबिन हेंब्रम झारखंड अलग राज्य के आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभा चुके हैं। वह झामुमो में पहली कतार के नेता थे। उनकी पहचान शिबू सोरेन के सबसे विश्वसनीय सहयोगियों के रूप में थी। पार्टी की नीतियां तय करने में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी। उन्होंने हमेशा जल-जंगल-जमीन और आदिवासी हितों की बात की है। गुरुजी के नेपथ्य में जाने के बाद से लोबिन के तेवर बदल गये। झामुमो का विधायक होने के बावजूद उन्होंने झारखंड की पांचवीं विधानसभा में हमेशा अपनी ही सरकार का विरोध किया। स्थानीय नीति, 1932 का खतियान और दूसरे कई ऐसे मुद्दे थे, जिन पर उन्होंने झामुमो सरकार की मुखालफत की। हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव में वह राजमहल सीट से निर्दलीय खड़े हो गये, तो झामुमो ने उन्हें पार्टी से निकाल दिया। इसके बाद उनकी विधायकी भी चली गयी और फिर वह भाजपा में शामिल हो गये।

### बोरियो से कब कौन रहा विधायक

| वर्ष | विजयी उम्मीदवार का नाम | पार्टी का नाम |
|---|---|---|
| 1957 | जेठा किस्कू | झारखंड पार्टी |
| 1962 | डा सिंहराय मुर्मू | जनता पार्टी |
| 1967 | जे. किस्कू | स्वतंत्र पार्टी |
| 1969 | सेत हेंब्रम | प्रजातांत्रिक हुल झारखंड पार्टी |
| 1972 | सेत हेंब्रम | प्रजातांत्रिक हुल झारखंड पार्टी |
| 1977 | बेंजामिन मुर्मू | जनता पार्टी |
| 1980 | जोन हेंब्रम | कांग्रेस |
| 1985 | जोन हेंब्रम | कांग्रेस |
| 1990 | लोबिन हेंब्रम | झामुमो |
| 1995 | लोबिन हेंब्रम | निर्दलीय |
| 2000 | लोबिन हेंब्रम | झामुमो |
| 2005 | ताला मरांडी | भाजपा |
| 2009 | लोबिन हेंब्रम | झामुमो |
| 2014 | ताला मरांडी | भाजपा |
| 2019 | लोबिन हेंब्रम | झामुमो |

### क्या हुए 2024 के लोकसभा चुनाव में

हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव में लोबिन हेंब्रम बतौर निर्दलीय मैदान में थे। लेकिन उन्हें अपेक्षित वोट नहीं मिल सका। बोरियो विधानसभा क्षेत्र में जहां झामुमो के विजय हांसदा को 77537 वोट और भाजपा के ताला मरांडी को 74876 वोट मिले, वहीं लोबिन हेंब्रम महज 14133 वोट ही ला सके।

### 2019 के विधानसभा चुनाव का परिणाम

वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में बोरियो सीट से झामुमो के प्रत्याशी लोबिन हेंब्रम ने जीत दर्ज की थी। लोबिन हेंब्रम ने भाजपा के सूर्यनारायण हांसदा को 17924 मतों से हराया था। लोबिन हेंब्रम को 77365 वोट मिले थे, जबकि सूर्य नारायण हांसदा को 59441 वोट मिले थे।


### क्या है इस बार का चुनावी मुद्दा और परिदृश्य

जैसा कि ऊपर बताया जा चुका है, बोरियो में चुनावी मुद्दा लोबिन हेंब्रम ही हैं। उनके समर्थन और विरोध पर ही चुनावी परिदृश्य भी नजर आ रहा है। जहां तक मुद्दों की बात है, तो लोबिन हेंब्रम के सामने चुनौती बड़ी है। इतने दिनों से विधायक रहने के बावजूद उनके पास गिनाने लायक कोई बड़ा काम नहीं है।

अब तक उन्हें आदिवासियों का वोट मिल जाता था, लेकिन इस बार भाजपा का झंडा थामने के कारण उन्हें परेशानी हो रही है। हालांकि इस परेशानी को लोबिन हेंब्रम इलाके से अपने जुड़ाव की मदद से काफी हद तक दूर करने में सफल होते दिख रहे हैं।

झामुमो से उनके सामने कौन होगा, यह तय नहीं है, लेकिन जो भी होगा, उसका राजनीतिक कद लोबिन दा से कम ही होगा, इतना निश्चित है।

# झामुमो ने चुनाव आयोग को लिखा पत्र विधानसभा चुनाव दिसंबर में कराने की मांग


झारखण्ड मुक्ति मोर्चा
JHARKHAND MUKTI MORCHA
केन्द्रीय समिति Central Committee

पत्रांक/Ref. ...JMM/0774/F-53/2024-2025 दिनांक/Date 23/09/2024......

प्रतिष्ठा में,
मुख्य चुनाव आयुक्त
भारत निर्वाचन आयोग,
कैम्प कार्यालय, होटल रेडिसन ब्लू,
महात्मा गाँधी पथ, राँची, झारखण्ड

विषय : छठे विधान सभा के गठन हेतु आसन्न साधारण निर्वाचन 2024 के आलोक में मांग पत्र।

महाशय,

अपने प्रिय राज्य झारखण्ड प्रदेश के राजधानी राँची में आपका हार्दिक स्वागत, जोहार!

महाशय, झारखण्ड राज्य का गठन विगत दिनांक 15 नवम्बर 2000 ई० को हुआ एवं प्रथम विधान सभा का गठन भी उक्त तिथि से हुआ। झारखण्ड राज्य अपने मूल में जनतांत्रिक, सामुदायिक एवं सामूहिकता के विश्वास पर टिका जन-समूह क्षेत्र रहा है। लोकतांत्रिक आस्थाएं हमारे समाज के साथ-साथ भारत के लोकतांत्रिक मूल्य बोध एवं राष्ट्रग्रंथ भारतीय संविधान पर अटूट विश्वास रखता है। स्वस्थ सामाजिक एवं सांस्कृतिक स्तर पर तार्किक मूल्यों के साथ संवाद करने में विश्वास रखता है। झारखण्ड का मूल समाज सभी धर्मों, आस्थाओं एवं विश्वासों का सर्वोच्च सम्मान करता है। सम्पूर्ण झारखण्ड समाज अपने मूल धर्म का सम्मान करते हुए अन्य सभी धर्मों का भी समान रूप से सम्मान करता है।

महाशय, आसन्न छठा झारखण्ड विधान सभा साधारण निर्वाचन 2024 के लिए हम अपने प्रिय पार्टी झारखण्ड मुक्ति मोर्चा का प्रतिनिधित्व करते हुए आपसे अपनी मांगों की स्वीकृति की अपेक्षा करते हैं। हमारी मुख्य मांगे निम्न बिन्दुवार है –

1. आसन्न झारखण्ड विधानसभा में कुल 81 विधानसभा क्षेत्र हैं। भौगोलिक रूप से हमारा राज्य क्षेत्र कई दुर्गम पहाड़ों एवं जंगलों से आच्छादित है। पूर्व में हमारे राज्य के अनेक क्षेत्रों में अतिवामपंथी-चरमपंथी संगठनें कार्यरत रही हैं। लेकिन हमारे पार्टी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने सोमवार को मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र लिख कर दिसंबर में विधानसभा चुनाव कराने की मांग की है। झामुमो के महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रयो भट्टाचार्य ने इस संबंध में आयोग को पत्र लिखा। इसमें कहा गया है कि पांचवें विधानसभा के लिए चुनाव प्रक्रिया 23 दिसंबर, 2019 को संपन्न हुई और 29 दिसंबर, 2019 को वर्तमान सरकार का गठन किया गया था। इस लिहाज से चुनाव संचालन दिसंबर के प्रथम सप्ताह से संपन्न हों, तो वर्तमान राज्य सरकार को अपना संपूर्ण कार्यकाल पूर्ण करने का अवसर प्राप्त होगा।

### झामुमो ने चुनाव आयोग के समक्ष ये रखी मांगें

- आसन्न झारखंड विधानसभा में कुल 81 विधानसभा क्षेत्र हैं। भौगोलिक रूप से हमारा राज्य क्षेत्र कई दुर्गम पहाड़ों एवं जंगलों से आच्छादित है। पूर्व में हमारे राज्य के अनेक क्षेत्रों में अतिवामपंथी चरमपंथी संगठन कार्यरत रहे हैं, लेकिन हमारे पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार के जन-सरोकार एवं नैसर्गिक सामाजिक न्याय के कारण अतिवामपंथ की समस्याएं अब लगभग निर्मूल हो गयी हैं। फिर भी इस तथ्य का ख्याल रखा जाये।
- लेबल प्ले ग्राउंड यानी सभी राजनीतिक दलों को एक समान राजनीतिक प्रचार-प्रसार का अवसर मिले, यह सुनिश्चित करना आपके कार्यदायित्व का मूल सिद्धांत है। अतः हमारे प्रतिद्वंद्वी राजनैतिक दलों को सुरक्षित फ्लाइंग जोन उपलब्ध करवा कर हमारे मुख्य स्टार प्रचारकों के फ्लाइंग जोन एवं समय में कोई बाधा न आये यह भी सुनिश्चित किया जाये।
- बहुचरणीय चुनाव में यह एक तथ्यात्मक उदाहरण है कि जिस क्षेत्र में मतदान की तिथि है, उसके ठीक संलग्न अन्य क्षेत्रों में अन्य राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारकों द्वारा चुनावी जनसभा आयोजित की जाती रही हैं। अपने चुनावी संभाषणों में मतदाताओं के बीच भ्रम की परिस्थितियों का निर्माण किया जाता है, जिससे मतदान भी प्रभावित होता है और मतदाता भी सामाजिक-धार्मिक स्तर पर विभाजित हो जाते हैं। ये अत्यंत चिंताजनक परिस्थितियां पैदा करती हैं, जिससे स्वस्थ लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कठोर आघात पहुंचाता है। ऐसी परिस्थिति भविष्य में न उत्पन्न हो, इसकी विवेचना कर इस पर रोक लगाने हेतु ठोस दिशा निर्देश सभी राजनीतिक दलों को प्रेषित किया जाये, ताकि लेबल प्ले ग्राउंड सुनिश्चित रहे।
- हमारे राज्य में उच्च प्रशिक्षित झारखंड जगुआर, झारखंड सशस्त्र पुलिस (जैप) तथा उच्च प्रशिक्षित जिला सशस्त्र पुलिस बल पर्याप्त संख्या में उपलब्ध हैं। अतः अति आवश्यक होने पर ही केंद्रीय अर्द्धसैनिक बलों की प्रतिनियुक्ति की जाये, ताकि गांव-देहात में भय और आतंक के वातावरण का निर्माण न हो सके एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में अधिकाधिक मतदान संपन्न हो सके।
- राजनीतिक और चुनाव प्रचार अभियान में किसी भी प्रकार का धर्म-जाति विशेष का नाम लेकर संभाषण न हो, यह सुनिश्चित करना भी आपका दायित्व है। विगत अगस्त माह से ही भारतीय जनता पार्टी के कई केंद्रीय स्तर के नेताओं द्वारा हमारे राज्य में धर्म-जाति के नाम पर चुनावी भाषाओं में बोला जा रहा है, जिससे समाज में धार्मिक-सांस्कृतिक विभाजन की स्थित उत्पन्न हो गसह है। यह सुनिश्चित करना आपका दायित्व है कि सांप्रदायिक ध्रुवीकरण न हो पाये एवं सर्वसमाज अपनी जनाकांक्षा एवं जनहित को देखते हुए स्वतंत्र एवं भयमुक्त मतदान कर सके तथा सांप्रदायिक सद्भाव भी कायम रहे।
- 'झामुमो ने अंत में कहा है कि इन सभी तथ्यों पर गहनतापूर्ण विचार के बाद ही चुनावी तिथि एवं कार्यक्रम की घोषणा हो, ताकि वर्तमान राज्य सरकार ने अपने संपूर्ण कार्यकाल पूर्ण करने के लिए जो जनादेश प्राप्त है, उस पर किसी भी तरह का हस्तक्षेप न हो।

## कोल्हान में शिवराज सिंह की कार गड्ढे में फंसी, छाता लेकर पहुंचे जनता के बीच



**रांची (आजाद सिपाही)।** बहरागोड़ा। कोल्हान प्रमंडल के बहरागोड़ा में आयोजित परिवर्तन सभा को संबोधित करने पहुंचे केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की कार गड्ढे में फंस गयी। दरअसल झमाझम बारिश के बीच जनसभा को संबोधित करने के बाद शिवराज सिंह चौहान हेलीपेड की ओर लौट रहे थे। इसी दौरान ये घटना घटी। कार के गड्ढे में फंसने के बाद शिवराज सिंह चौहान छाता लेकर जनता के बीच गये।

## शिवराज सिंह चौहान आज गोड्डा और बोकारो में करेंगे परिवर्तन महासभा

**रांची (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय कृषि मंत्री सह चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान 24 सितंबर को गोड्डा जिले के गांधी मैदान में दिन के दो बजे से परिवर्तन महासभा को संबोधित करेंगे। केंद्रीय मंत्री बोकारो जिले के सेक्टर 1 स्थित एचएससीएल मैदान में शाम 4 से परिवर्तन सभा को संबोधित करेंगे।

## बाबूलाल आज तोरपा, बरही, कोलेबिरा में परिवर्तन सभा को करेंगे संबोधित

**रांची (आजाद सिपाही)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी 24 सितंबर को सुबह 10 बजे खूंटी जिले के तोरपा स्थित ब्लॉक मैदान में परिवर्तन सभा को संबोधित करेंगे। श्री मरांडी हजारीबाग जिले के बरही स्थित ब्लॉक मैदान में दोपहर 12:30 बजे से परिवर्तन महासभा को संबोधित करेंगे। श्री मरांडी सिमडेगा जिले के कोलेबिरा स्थित हाइस्कूल मैदान में 3:30 बजे से आयोजित परिवर्तन सभा को संबोधित करेंगे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 24 सितंबर, 2024
www.azadsipahi.in



# गृह सचिव वंदना डाडेल को चुनाव कार्य से मुक्त रखा जाये : भाजपा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भाजपा प्रतिनिधियों ने कहा कि गृह सचिव वंदना डाडेल का कार्य और व्यवहार पिछले दिनों एक अधिकारी का नहीं, बल्कि राजनीतिक पार्टी के कार्यकर्ता की तरह रहा है**

**रांची।** मुख्य चुनाव आयुक्त एवं उनकी टीम से सोमवार को राजनीतिक दलों के नेता मिले और अपनी अपनी बातों को रखा। इस संदर्भ में प्रदेश भाजपा की तरफ से प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद एवं विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव को पार्टी के तरफ से पक्ष रखने के लिए अधिकृत किया गया था। भाजपा प्रतिनिधियों ने कहा कि गृह सचिव वंदना डाडेल का कार्य और व्यवहार पिछले दिनों एक अधिकारी का नहीं, बल्कि राजनीतिक पार्टी के कार्यकर्ता ऐसा रहा है। उन्होंने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर मांग किया था कि राज्य में कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और असम के मुख्य मंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के झारखंड आने से तनाव फैल रहा है। इसके अलावा पूर्व में भी वंदना डाडेल ने इडी को पत्र लिखकर नोटिस की वैधता पूछी थी। ये सब अधिकारी का काम नहीं है। ये राजनीतिक पार्टी का काम है। इस कारण वंदना डाडेल को चुनाव कार्य से मुक्त रखने का मांग किया गया है, ताकि साफ-सुथरा चुनाव हो सके। राकेश ने कहा कि भाजपा ने मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के समक्ष घुसपैठिये की बात उठाई और कहा कि किसी हाल में घुसपैठिये मतदान न कर पायें ये व्यवस्था हो, पाकुड़, राजमहल, बरहेट, महेशपुर, जामताड़ा, मधुपुर, मंझगाव, विशुनपुर, महगामा, गोड्डा, लोहरदगा और हटिया में कई बूथों पर मतदाता 123 प्रतिशत तक बढ़ गये जबकि पांच वर्ष में 15 से 17 प्रतिशत तक वृद्धि होती है। इसकी जांच आवश्यक है। सुधीर ने कहा कि पिछले चुनाव में जिस प्रकार झंडा, बैनर, घर पर लगाने पर पूरे राज्य में प्रशासन ने दादागिरी दिखाई थी कि पूरे राज्य में झंडा विहीन चुनाव हुआ तब ये लोकतंत्र का पर्व नहीं, बल्कि डर का पर्व बन गया था। घरों में झंडा के बारे में इस बार प्रशासन को स्पष्ट निर्देश हो। दिव्यांगों के लिए रैंप, बूथ पर पानी, शौचालय आदि की व्यवस्था की मांग की गयी है। चुनाव के दौरान पैसे यदि पकड़े जायें तो 72 घंटा मे अनुसंधान हो और प्रकाशित हो कि किसका पैसा था, किस पार्टी का था। विदेशी फंड का कुछ एनजीओ विशेष पार्टी को मदद करने के लिए खर्च करती हैं। ऐसे एनजीओ का खाता चुनाव तक फ्रिज करने की मांग की गयी है। अर्द्ध सैनिक बल की प्रतिनियुक्ति का नोडल ऑफिसर आइजी रैंक के अधिकारी से हो ताकि बलों का नियुक्त सही ढंग से हो। बूथ के बाहर जिस प्रकार टेबल रखने पर प्रशासन दबंगई दिखाता है वो बंद हो और बूथ के बाहर टेबल कुर्सी का स्थान का मार्किंग चुनाव आयोग खुद करे। घोस्ट मतदाता का भी जांच होनी जरूरी है। चुनाव एक चरण में हो इसकी मांग की गयी है। क्योंकि, अब उग्रवाद की समस्या में काफी कमी आयी है। बूथों पर अतिरिक्त इवीएम रखने का भी मांग की गयी। बूथ पर यदि कोई मतदाता घायल हो जाये या मृत हो जाये तो उसकी पूरी जिम्मेदारी चुनाव आयोग और राज्य सरकार ले। क्योंकि, मतदाता अपना मत देने चुनाव आयोग के कहने पर जाता है, ये मांग भी की गयी।

# एसबीयू में स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय में सोमवार को स्थापना दिवस की धूम रही। इस अवसर पर विवि के प्रेक्षागृह में रंगारंग कार्यक्रमों को आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में विवि के शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी और छात्र छात्राएं उपस्थित हुए। इस अवसर पर एसबीयू के महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक ने सरला बिरला के चरित्र को आत्मसात करने पर जोर दिया। उन्होंने शिक्षकों और विद्यार्थियों को अपने दायित्व और कर्तव्य के साथ ही समय का पालन करने की भी सलाह दी। चरित्र निर्माण पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि सभी के अपेक्षित सहयोग से ही विवि निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। प्रो. पाठक ने शोध पर जोर देते हुए रिसर्च यूनिवर्सिटी की बात कही। विवि के प्रभारी कुलपति एसबी डांडीन ने एआई और दूसरे उभरते विषयों पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्टार्ट अप और रिसर्च पर भी जोर दिया। कुलसचिव प्रो. वीके सिंह ने विवि की यात्रा का उल्लेख करते देश विदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों से हुए एमओयू पर विवि के महानिदेशक के विजन को सराहा। कार्यक्रम में स्वागत भाषण डॉ. गौतम तांती और धन्यवाद भाषण डॉ. रिया मुखर्जी ने दिया। विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान और डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने एसबीयू के स्थापना दिवस पर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

## महत्वपूर्ण खबरें

### स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता अभियान चलाया गया




रांची (आजाद सिपाही)। डोरंडा महाविद्यालय में 17 सितंबर से 1 अक्टूबर 2024 के स्वच्छ भारत अभियान स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता के तहत सोमवार को पूरे महाविद्यालय परिसर में सफाई अभियान कार्यक्रम चलाया गया। इस सफाई अभियान में मुख्य रूप से कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर कंचन मुंडा एवं डॉ एमलिन केरकेट्टा मौजूद थे। स्वच्छता कार्यक्रम को सफल बनाने में एनएसएस वॉलिंटियर्स का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### सीसीएल के अर्पिता महिला मंडल ने मुख्यालय परिसर में पौधरोपण किया



रांची (आजाद सिपाही)। सीसीएल में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत अर्पिता महिला मंडल ने पर्यावरण को समर्पित पौधरोपण सीसीएल ऑफिस, दरभंगा हाउस, परिसर में किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मातृत्व का सम्मान करना और माताओं के नाम पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण में योगदान देना था। सीसीएल की प्रथम महिला और अर्पिता महिला मंडल की अध्यक्षा, प्रीति सिंह ने इस अभियान का नेतृत्व किया, जिसमें अर्पिता महिला मंडल की सदस्यों ने कार्यालय परिसर में सक्रिय रूप से पौधरोपण किया। इस अभियान का उद्देश्य न केवल पर्यावरण संरक्षण के महत्व को उजागर करना है, बल्कि समुदाय को उनके मां के नाम पर प्रकृति के प्रति सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रेरित करना भी है। सीसीएल की ऐसी सार्थक पहलों के प्रति प्रतिबद्धता इसके कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व और पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति दृढ़ संकल्प को और मजबूत करती है। इस अवसर पर रीता मिश्रा, शशि दुहन, किरण झा, इंदु मिश्रा, रूपा रानी, अर्पिता महिला मंडल के सभी सदस्य उपस्थित थे। ज्ञात हो कि सीसीएल पर्यावरण अनुकूल खनन को प्राथमिकता देते हुआ समय समय पर अपने कमांड क्षेत्रों में पौधारोपण करता है। इसी दिशा में कंपनी द्वारा 9 इको -पार्क भी विकसित किये जा रहे हैं।

### भाजपा की परिवर्तन यात्रा को सफल बनाने के लिए बैठक



रांची (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजीव रंजन मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार को एक बैठक आयोजित की गयी। बैठक में आगामी 1 अक्टूबर को आयोजित होने वाली परिवर्तन यात्रा को सफल बनाने के लिए चर्चा की गयी। राजीव रंजन मिश्रा ने राजधानी के लोगों से हजारों की संख्या में परिवर्तन यात्रा में शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह जनविरोधी सरकार को उखाड़ फेंकने का समय है और भाजपा से जुड़कर बदलाव लाने का आवाहन किया।राजीव रंजन मिश्रा ने कहा कि परिवर्तन यात्रा में बड़ी संख्या में लोग भाग लेंगे और यह यात्रा सफल होगी। बैठक में राजधानी रांची के लोगो ने 8980808080 नंबर पर मिस कॉल कर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। बैठक में शंकर दुबे, उपेंद्र रजक, मुन्ना बड़ाईक, गोपाल पारीक, राहुल सिन्हा चंकी, लंकेश सिंह, पीयूष आनंद, ज्योति शंकर साहू, साहिल कुमार, राजीव सिंह, कौशल सोनी, बीरू पासवान, इंदर सिंह, प्रकाश पाल, मनीष केसरी, राहुल सिंह, करण नायक सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

### जनसेवा मंच ने विद्युत महाप्रबंधक से की मुलाकात



रांची (आजाद सिपाही)। जनसेवा मंच का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को मुनचुन राय के नेतृत्व में रांची एरिया बोर्ड के महाप्रबंधक से मिला और स्मार्ट मीटर से जुड़ी समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। मंच ने स्मार्ट मीटर के बिल में वृद्धि, बिल नहीं आने, और लोगों में भ्रम की समस्याओं को उठाया। महाप्रबंधक ने आश्वस्त किया कि समस्याओं का समाधान किया जायेगा। जनसेवक मुनचुन राय ने कहा कि मध्यम और निम्न आय वर्ग के लोग स्मार्ट मीटर के बढ़े हुए बिल से परेशान हैं। निशांत यादव ने चेतावनी दी कि अगर समस्याएं नहीं सुलझायीं गयीं तो वे सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से पूनम सिंह, अविचल सिंह, मदन केसरी, राजेश सिन्हा, अनिल कुमार, अंकित सिंह, बिट्टू दिव्य, हिमांशु मिश्रा, विक्की शर्मा, ऋषभ सिंह, सुमित सोनी, शशिकांत तिवारी, रंजय वर्मा, विवेक सहित अन्य मौजूद थे।

### बस चालक कल्याण संघ ने सहायता राशि दी

रांची (आजाद सिपाही)। बस चालक कल्याण संघ विश्वकर्मा पूजा के समारोह में संघ के मेंबर रब्बी बस के ड्राइवर संजय कुमार गुप्ता की मोटरसाइकिल दुर्घटना में मृत्यु हो गयी। संघ समय को देखते हुए पहली बार पुरे परिवार को अलग-अलग नाम से भाजपा महिला मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सीमा सिंह, थाना प्रभारी संजीव कुमार सचिव राणा बजरंगी सिंह के हाथों द्वारा स्वर्गीय संजय कुमार गुप्ता के लड़का रछत कुमार गुप्ता को 100000 का फिक्स डिपाजिट कागज दिया गया पत्नी को 75000 का चेक, माता को 50000 का चेक, पिता को 50000 का चेक दिया गया। सचिव राणा बजरंगी सिंह ने कहा, संघ अपने मेंबर को दुर्घटना में सहयोग करते आया है और करते रहेगा, और दुर्घटना में दुर्घटनाग्रस्त मृतक के परिवार को सहयोग हमेशा करते रहेगा और आगे भी मेंबर को बस दुर्घटना में इलाज कराने और सहयोग करने का काम संघ करते रहेगा। सभी ड्राइवर भाइयों से निवेदन है, एकता ही आत्मनिर्भरता है, तो आत्मनिर्भर बने। हमसे जुड़ें समारोह में संघ के अध्यक्ष विश्वनाथ मिश्रा उपाध्यक्ष मनोज शर्मा कार्यकारी अध्यक्ष राकेश सिंह कोषाध्यक्ष मोहम्मद महफूज उप सचिव नागेंद्र महतो प्रदेश अध्यक्ष संजू चौहान कार्यकारिणी जटायु कुमार यादव, खान लाडला, बिनोद पासवान, प्रेम कुमार हेंब्रम और सभी मेंबर भाइयों उपस्थित थे।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान का आयोजन




रांची (आजाद सिपाही)। सोमवार को शहीद शेख भिखारी कॉलेज ऑफ एजुकेशन की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सभी बीएड प्रशिक्षणार्थियों को स्वच्छता शपथ दिलायी गयी और महाविद्यालय परिसर की साफ सफ़ाई करायी गयी। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सपना त्रिपाठी, सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं बीएड प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम पदाधिकारी प्रदीप सिंह ने स्वच्छता के महत्व के बारे में बीएड प्रशिक्षणार्थियों को जानकारी दी। प्राचार्या डॉ. सपना त्रिपाठी ने कहा, स्वच्छता केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हमारे समाज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। हम सभी को मिलकर इसे बढ़ावा देना होगा।

## ग्रामीण विकास मंत्री ने झारखंड में आउटसोर्स व्यवस्था को हटाने का आश्वासन दिया, विद्युत कर्मियों का धरना समाप्त



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के धरने के बाद राजकीय ग्रामीण विकास मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने आश्वासन दिया कि आउटसोर्स व्यवस्था को हटाने का काम किया जायेगा। उन्होंने कहा कि विद्युत कर्मियों का मानदेय भी बढ़ाया जायेगा। श्रमिक संघ की मांगों में आउटसोर्स व्यवस्था खत्म करना, पुरानी व्यवस्था लागू करना, होमगार्ड के तर्ज पर विद्युत कर्मियों का मानदेय बढ़ाना, नियमित नियुक्ति में प्राथमिकता देना और एरियर घोटाले की जांच शामिल हैं। मंत्री के आश्वासन के बाद धरना समाप्त किया गया। इस अवसर पर श्रमिक संघ के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि अगर आश्वासन के अनुसार कार्रवाई नहीं होती है तो आंदोलन के लिए स्वतंत्र होंगे। इस मौके पर अमित शुक्ला, मुकेश साहू, धीरेंद्र पांडेय, मोनू कुमार, अरुण गुप्ता, बालो साव, मंटू ठाकुर, सतीश विश्वकर्मा, तैयब अंसारी, प्रिंस तिवारी, सुनील सिंह, रामलाल राम, सरवन दास, मनीष शर्मा, पीकू दुबे, बीरेंद्र यादव, गुप्तानाथ यादव, अनिकेत सिंह, विजय सिंह, शिवनारायण साहू, सूर्य देव सिंह, राजेंद्र राम, आयुष कुमार सिंह, अविनाश पूरी सहित कई अन्य विद्युत कर्मी मौजूद थे।

## आदित्य विक्रम जायसवाल ने चादरपोशी की



रांची (आजाद सिपाही)। डोरंडा स्थित हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार शाह बाबा का सालाना उर्स समारोह चल रहा है। इस मौके पर झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष आदित्य विक्रम जायसवाल ने चादरपोशी की। उन्होंने राज्य की सुख, समृद्धि और अमन चैन की कामना की। आदित्य विक्रम जयसवाल ने कहा कि यह दरगाह सभी धर्मावलंबियों के लिए आस्था का केंद्र है। यहां के प्रति एक श्रद्धा है और हम सब लोग मिलकर इसे मजबूत करने का संकल्प लेते हैं। इस अवसर पर सूरज झा, पुनीत कुमार, इरफान अहमद समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

## डीएसपीएमयू स्नातकोत्तर हिंदी विभाग में रामधारी सिंह दिनकर की जयंती मनी



रांची (आजाद सिपाही)। सोमवार को स्नातकोत्तर हिंदी विभाग में राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की 116वीं जयंती के अवसर पर एक दिवसीय विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि दिनकर जी हिंदी ही नहीं बल्कि इतिहास, दर्शनशास्त्र और राजनीति शास्त्र सबके अध्येता थे। भारत में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी दिनकर जयंती मनायी जा रही है। दिनकर पथ प्रदर्शक कवि थे। उन्होंने अपनी कविताओं के माध्यम से सोए हुए भारतीयों को जगाया। इस मौके पर हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ जिंदर सिंह मुंडा, खोरठा विभागाध्यक्ष डॉ बिनोद कुमार, डॉ जितेंद्र सिंह, डॉ मृत्युंजय कोइरी, चांदनी अभिनव, सुजीत, प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

## कवयित्री मीनू मीना सिन्हा को वृंदा-उपेंद्र रत्न सम्मान



रांची (आजाद सिपाही)। रांची की कवयित्री और साहित्यकार मीनू मीना सिन्हा को बिहार के बांका जिला में रविवार को वृंदा उपेंद्र हिन्दी रत्न सम्मान प्रदान किया गया। बांका हिन्दी साहित्य सम्मेलन की ओर से आयोजित समारोह में मीनू मीना सिन्हा को साहित्य के विकास में उनके योगदान एवं सेवानिवृत्ति के बाद भी रचनाओं के सतत सृजन में सक्रिय रहने पर प्रतीक चिन्ह एवं अंगवस्त्र के साथ नगद पुरस्कार प्रदान किया गया। डेढ़ सौ से अधिक साहित्यक संस्थाओं द्वारा सम्मानित कवयित्री के पांच काव्य संग्रह प्रकाशित हैं। वहीं दो पुस्तकें गद्य विधा में अखंड अहिवात कहानी संग्रह और कश्मीर से कन्याकुमारी यात्रा संस्मरण शीघ्र प्रकाश्य हैं।

## कांग्रेस चुनाव पर्यवेक्षक विकास उपाध्याय ने की मंत्रणा

# रांची से राजेश गुप्ता छोटू, कुमार राजा, रोहित सिन्हा आदि नेताओं ने दावा प्रस्तुत किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने अपनी तैयारी जोर कर दी है। चुनाव को मजबूती से लड़ने के लिए कांग्रेस हर स्तर पर कार्य कर रही है। विधानसभा के लिए संभावित मजबूत उम्मीदवार के चयन के लिए बतौर रांची लोकसभा चुनाव पर्यवेक्षक, छत्तीसगढ़ के पूर्व संसदीय सचिव एवं पूर्व विधायक (रायपुर) विकास उपाध्याय ने कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर चुनावी तैयारी पर मंत्रणा की। उन्होंने चुनाव को मजबूती से लड़ने के लिए कार्यकर्ताओं को कई तरह के टिप्स दिये। श्री उपाध्याय ने कांग्रेस जनों से क्षेत्र और पार्टी की स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कांग्रेस जनों को निर्देश दिया कि जिस क्षेत्र में पार्टी की स्थिति कमजोर है वहां सभी नेता कार्यकर्ता एक जुटता से जोर लगायें।

युवा कांग्रेस नेता रोहित सिन्हा ने भी रांची विधानसभा के लिए अपना दावा पर्यवेक्षक श्री उपाध्याय के समक्ष प्रस्तुत किया एवं कांग्रेस कार्यकर्ता के रूप में राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। इसके अलावा राजेश गुप्ता छोटू, कुमार राजा, उज्जवल प्रकाश तिवारी, राजेश सिन्हा सनी, राजीव रंजन प्रसाद, आदित्य विक्रम जायसवाल सहित कई लोगों ने टिकट के लिए अपना दावा प्रस्तुत किया। रांची लोकसभा के सभी विधानसभा सीट को लेकर चुनाव पर्यवेक्षक श्री विकास उपाध्याय से दावेदारों की मुलाकात का दौर जारी है।

# झारखंडी एकता संघ अध्यक्ष पहुंचे गुजरात

**आजाद सपाही संवाददाता**



**सूरत (आजद सिपाही)।** झारखंडी एकता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष असलम अंसारी ने झारखंड प्रदेश के प्रवासी मजदूरों के समस्याओं को लेकर गुजरात का दौरा किया। वहां वह झारखंड के प्रवासी मजदूरों की समस्याओं से अवगत हुए। प्रवासी मजदूरों को किसी भी समस्या या आपदा के समय मदद पहुंचाने का आश्वासन दिया। असलम ने सूरत में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री चंद्रकांत रघुनाथ पाटिल से भी मुलाकात की। उन्हें गुजरात में रह रहे झारखंड के प्रवासी मजदूरों की समस्याओं के बारे में बताया और मदद की अपील की। असलम ने कहा कि केंद्रीय मंत्री ने प्रवासी मजदूरों की समस्याओं और विपरीत परिस्थिति में हर संभव मदद पहुंचाने का आश्वासन दिया है। मंत्री ने भरोसा दिलाया कि झारखंड प्रदेश के प्रवासी मजदूरों के साथ अगर भविष्य में किसी तरह का कोई आपदा एवं समस्याएं उत्पन्न होगी, तो मैं आपके संस्था एवं झारखंड से रोजगार के लिए गुजरात आये प्रवासी मजदूरों के साथ तत्परता के साथ खड़ा रहूंगा और हर संभव मदद करुंगा।

# मुख्य चुनाव आयुक्त से मिले कांग्रेस नेता

**विधानसभा चुनाव पर दिये अपने सुझाव**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** विधानसभा चुनाव को लेकर झारखंड दौरे पर आयी भारत निर्वाचन आयोग की टीम रांची के रेडिशन होटल में बैठक की। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के नेतृत्व में दो दिवसीय दौरे पर आयी चुनाव आयोग की टीम ने पहले दिन की बैठक राजनीतिक दलों के साथ बैठक की, इस बैठक में झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के आदेशानुसार एवं विधयक दल नेता डॉ रामेश्वर उरांव के मार्गदर्शन में वरिष्ठ कांग्रेस नेता शशि भूषण राय एवं विनय सिन्हा दीपू को अधिकृत किया गया था। कांग्रेस की ओर से सुझाव देते दोनों नेताओं ने चुनाव आयोग के सामने निम्नलिखित मांगे रखीं। कहा, अफवाह फैलाने वाले भाजपा नेताओं को चिह्नित कर झारखंड आने से रोका जाये। राज्य में 15 नवंबर के बाद चुनाव कराया जाये। दुर्गा पूजा, दिवाली, छठ जैसे त्योहारों और भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को ध्यान में रखते हुए तिथि की घोषणा हो। झारखंड राज्य में विधानसभा चुनाव कम से कम चरणों में कराया जाये।

# झामुमो की प्रमंडलस्तरीय बैठक में संगठन की मजबूती पर हुई चर्चा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की प्रमंडल स्तरीय बैठक रांची के हरमू स्थित सोहराय भवन में सोमवार को सम्पन्न हुई। बैठक में कार्यकताओं के साथ पार्टी के आगामी कार्यक्रमों के लिए सुझाव लिये गये और संगठन की मजबूती के लिए विस्तार से चर्चा हुई। साथ ही राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने में कार्यकताओं की भूमिका को लेकर दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में स्व विनोद बिहारी महतो के जयंती के अवसर पर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। इसमें दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल से रांची, गुमला, लोहरदगा और उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल से गिरिडीह, हजारीबाग, रामगढ़ जिला से झामुमो के केंद्रीय समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य, जिला समिति के पदाधिकारी, नगर और महानगर समिति के पदाधिकारी, वर्ग संगठनों के के पदाधिकारी और प्रखंड के अध्यक्ष एवं सचिव शामिल हुए। बैठक में पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय, सुप्रियो भट्टाचार्य, राज्य सभा सांसद डॉ. महुआ माजी, केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया, विधायक भूषण तिर्की, जीग्गा सुशरण होरो, केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. कमल नयन सिंह सहित सैकड़ो पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ता शामिल थे।

## अरुण कुमार झारखंड जदयू के सह प्रभारी बने

रांची (आजाद सिपाही)। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने तत्काल प्रभाव से अरुण कुमार को झारखंड प्रदेश जदयू का सह प्रभारी नियुक्त किया है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार ने सोमवार को बताया कि इस संबंध में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव आफाक अहमद खान ने अधिसूचना जारी कर दी है। अरुण कुमार पूर्व में भी झारखंड के सह प्रभारी रहे हैं। फिर से उनको सह प्रभारी बनाये जाने पर प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो, विधायक सरयू राय, पूर्व मंत्री सुधा चौधरी, पूर्व विधायक कामेश्वर दास, जदयू नेता आफताब जमील, श्रवण कुमार, भगवान सिंह, मधुकर सिंह, सागर कुमार, रेणु गोपीनाथ, उपेंद्र सिंह, अशोक शर्मा सहित अन्य ने उन्हें बधाई दी।

# चुनाव नतीजों का रिश्ते पर असर नहीं

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने शनिवार को विलमिंगट्न स्थित अपने निजी आवास में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जिस गर्मजोशी से स्वागत किया, वह दोनों नेताओं के बीच की पर्सनल केमिस्ट्री को ही नहीं, दोनों देशों के रिश्तों में बढ़ती करीबी को भी दिखाता है। पीएम मोदी की अमेरिका यात्रा ऐसे समय में हो रही है, जब पूरी दुनिया की नजरें अगले नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव पर टिकी हैं। जनवरी तक वहां कमला हैरिस या डॉनल्ड ट्रंप में से कोई राष्ट्रपति पद पर विराजमान होंगे। लेकिन जैसा कि अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने पीएम मोदी को संबोधित करते हुए कहा कि जब भी हम साथ बैठते हैं, सहयोग के नये-नये क्षेत्र तलाश लेते हैं और यह भी कि दोनों देशों के रिश्ते आज अतीत के किसी भी दौर के मुकाबले ज्यादा मजबूत हैं। दोनों देशों के द्विपक्षीय रिश्तों में निरंतर सुधार की यह प्रक्रिया यूं तो 21वीं सदी की शुरुआत से ही दिख रही है, लेकिन खास कर 2006 में हुए परमाणु ऊर्जा समझौते के बाद इसमें खासी तेजी आयी। उस समय से दोनों देशों में न सिर्फ राष्ट्राध्यक्ष और शासनाध्यक्ष बल्कि सत्तारूढ़ दल भी बदलते रहे। जहां भारत में कांग्रेस के डॉ मनमोहन सिंह के बाद बीजेपी के नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने, वहीं अमेरिका में जॉर्ज बुश के बाद तीन अलग-अलग राष्ट्रपति - बराक ओबामा, डॉनल्ड ट्रंप और जो बाइडन- सत्ता संभाल चुके, लेकिन इस बीच दोनों देशों के रिश्ते लगातार बेहतर ही होते रहे। इस बार भी पूर्व राष्ट्रपति और मौजूदा चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के प्रत्याशी डॉनल्ड ट्रंप पीएम मोदी के अमेरिका पहुंचने से पहले ही उनसे मुलाकात की इच्छा जता चुके हैं। यह इस बात का संकेत है कि भारतीय प्रधानमंत्री में वहां के नागरिकों और वोटरों की भी खासी दिलचस्पी है। हालांकि भारत की तरफ से अभी तक इस मुलाकात की संभावना पर कुछ नहीं कहा गया है। वजह यह है कि चुनाव से पहले किसी खास दल के प्रत्याशी से पीएम मोदी की मुलाकात के गलत संकेत जा सकते हैं। और इस बात की गुंजाइश नहीं लग रही कि रिपब्लिकन और डेमोक्रैट दोनों प्रत्याशियों से पीएम मोदी की मुलाकात का मौका बन पायेगा। बहरहाल, यूक्रेन युद्ध पर भारत का संतुलित रुख, क्वॉड के मंच की लगातार मजबूत होती भूमिका, चीनी आक्रामकता पर अंकुश लगाने की साझा जरूरत जैसी बातों से भी जाहिर होता है कि छोटे-मोटे तात्कालिक विवाद भले उपजते और हल होते रहें, भारत और अमेरिका के आपसी रिश्ते आने वाले समय में और बेहतर होने वाले हैं।

**इस बार भी पूर्व राष्ट्रपति और मौजूदा चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के प्रत्याशी डॉनल्ड ट्रंप पीएम मोदी के अमेरिका पहुंचने से पहले ही उनसे मुलाकात की इच्छा जता चुके हैं। यह इस बात का संकेत है कि भारतीय प्रधानमंत्री में वहां के नागरिकों और वोटरों की भी खासी दिलचस्पी है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**दिनकर ने अपनी कविताओं के माध्यम से सोए हुए भारतीयों को जगाया है उनमें गरम लहू का संचार कराया है। उनकी कविताओं में गुप्तजी, माखनलाल चतुर्वेदी, सुभद्रा कुमारी चौहान, बालकृष्ण शर्मा नवीन, भारतेंदु और भूषण से भी अधिक राष्ट्रीय भावना मुखरित हुई है। हिमालय शीर्षक कविता उसका सुंदरतम उदाहरण है।**

# दिनकर : युगधर्म के हुंकार के राष्ट्रकवि



**डॉ तपन कुमार शांडिल्य**



जिन कवियों ने हिंदी कविता को छायावाद की कुहेलिका से बाहर निकाल कर उसे प्रसन्न आलोक के देश में पहुंचाया, उसमें जीवन का तेज भरा और उसको सम सामयिक संघर्षों से उलझना सिखाया ,उनमें दिनकर का नाम सर्वोपरि है। सच तो यह है कि आधुनिक काल में हिंदी की राष्ट्रीय कविता ने तीन ही मंजिलें तय की हैं। उसकी पहली मंजिल भारतेंदु हरिश्चंद्र में मिलती है, जब उसने ब्रज के करीब कुंजों को छोड़ कर देश दुर्दशा की ओर साश्रुनयन निहारा था, उसकी दूसरी मंजिल के पुरोधा राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त बने, जब उसने वर्तमान की विवशता के साथ अतीत का गौरवपूर्ण स्मरण किया और अपनी तीसरी मंजिल में वह दिनकर की उंगली पकड़ कर आगे बढ़ी तथा अन्याय, अत्याचार राजनीतिक दास्ता और आर्थिक शोषण के विरुद्ध उसने खुलकर विद्रोह का तूर्यनाद किया। एक वाक्य में दिनकर नाम युग धर्म के हुंकार और भूचाल बवंडर से भरी हुई तरुणाई का है।

पौरुष और पावक, जवानी और रवानी, उर्जा और उमंग के प्रतीक के पर्याय हैं दिनकर। दिनकर ऐसे कवियों की कोटि में नहीं समाविष्ट किये जा सकते हैं; जो सामाजिक विवशता के बवंडर के सामने नतमस्तक हो जायें। उनकी कविता कामिनी व्योम कुंज की सहचरी नहीं, वरन यथार्थ की मिट्टी की उपज है। जब कभी हमारा देश विदेशी दुःशासन से प्रताड़ित हुआ, समाज के जिस किसी क्षेत्र में विषमता का विद्रूपकारी तांडव हुआ, जब कभी मानव मूल्यों के सामने चुनौती आई, राष्ट्रकवि दिनकर ने एक सजग योद्धा के समान प्रतिकार किया। सुसुप्त नवयुवकों की कुंभकर्णी निद्रा को भंग किया। उनकी सुषुप्त शिराओं में मकरध्वज की उष्मा का संचार किया, जब कभी भी भारतीय जनजीवन के आकाश पर अंधकार की काली घटा छाई, उन्होंने आलोकधन्वा छोड़ कर उसे छिन्न-भिन्न किया। उन्हें स्वर्ण वीणा के तारों पर उंगलियां फेरना अभिप्रेत न हुआ। उन्होंने रजत शंख फूंक कर भीषण हुंकार करना ही आवश्यक समझा।

**एक वाक्य में दिनकर नाम युग धर्म के हुंकार और भूचाल बवंडर से भरी हुई तरुणाई का है।**

भारतेंदु ने समष्टि के प्रांगण में प्रत्येक भारतीय का आवाहन किया था, देश की दुर्दशा पर आठ आठ आंसू बहाने के लिए। दिनकर की राष्ट्रीय चेतना एक कदम आगे चल कर उनके असंतोष की वाणी और संघर्ष को सजग नेतृत्व सौंपती है। प्रायः उनकी अधिकांश रचनाओं में ओज और पुरुष, ऊर्जा और उमंग से उत्पन्न अग्नि के लपटों के दर्शन होते हैं। राष्ट्रकवि ने भारत की आत्मा को देखा था, जो परतंत्रता एवं अनाचार के अंधेरे में बुझने बुझने से हो गयी थी।

युग की सुषुप्ति को तोड़ने के लिए स्वयं दिनकर अपने व्यक्तित्व में 49 पवन भर लेना चाहते हैं। युग जिस समय रंग और रण की उलझन में भटक रहा था, उस समय दिनकर ने स्पष्ट ललकार दी और सही पथ की ओर संकेत किया। वे हमें स्वप्न एवं कल्पना की नींद से व्यथा से कांपती धरती की ओर ले चले। माया के मोहक देश से स्वप्न और कल्पना के शीश महल की ओर और फिर स्वप्नों के शून्य से यथार्थ की हलचल की ओर दिनकर प्रगतिशील रहें। रेणुका के हिमालय कविता में दिनकर ने ललकार कर निर्णित स्वर में कहा था :-

रे रोक युधिष्ठिर को न यहां
जाने दे उनको स्वर्ग धीर
पर फिरा हमें गांडीव गदा।
लौटा दे अर्जुन भीम वीर।।
कह दे शंकर से आज करें,
वे प्रलय नृत्य फिर एक बार।
सारे भारत में गूंज उठे,
हर हर बम का फिर महोच्चार।
लें अंगड़ाई उठ हिले धरा,
कर निज विराट स्वर में निनाद।
तू,शैलराट्! हुंकार भरे,
फट जाए,कुहा भागे प्रमाद।
तू मौन त्याग कर सिंह नाथ,
रे तपी!आज तप का न काल।
नवयुग शंखध्वनि जगा रही,
तू जाग जाग मेरे विशाल।
मेरे नगपति मेरे विशाल।

'सरस्वती' के संपादक रहे आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने अपने 'साहित्य की महत्ता' शीर्षक निबंध में लिखा है कि अपने पूर्वजों के संचित ज्ञान -वैभव का नाम साहित्य है और साहित्य में वह शक्ति छिपी हुई है, जो तोप, तलवार और बम के गोलों में भी नहीं पायी जाती है। आचार्य द्विवेदी का उपर्युक्त कथन यदि सत्य है, तो मुझे कहने की इजाजत दीजिए कि राष्ट्रकवि दिनकर की राष्ट्र धर्मी कविताएं इसका ज्वलंत प्रमाण हैं।

पराधीन भारत को स्वाधीन बनाने में राष्ट्रकवि ने वही भूमिका अदा की थी, जो भूमिका फ्रांस की राज्यक्रांति को सफल बनाने के लिए वाल्टेयर ने और रूस की क्रांति को सफल बनाने में मैक्सिम गोर्की और लियो टॉलस्टॉय ने अदा की थी।

दिनकर ने अपनी कविताओं के माध्यम से सोए हुए भारतीयों को जगाया है उनमें गरम लहू का संचार कराया है। उनकी कविताओं में गुप्तजी, माखनलाल चतुर्वेदी, सुभद्रा कुमारी चौहान, बालकृष्ण शर्मा नवीन, भारतेंदु और भूषण से भी अधिक राष्ट्रीय भावना मुखरित हुई है। हिमालय शीर्षक कविता उसका सुंदरतम उदाहरण है। वे शंकर से प्रलय नृत्य का आग्रह करते हैं:-

कह दे शंकर से आज करें
वे प्रलय नृत्य फिर एक बार
सारे भारत में गूंज उठे
हर हर बम का फिर महोच्चार
ले अंगडाई उठ हिले धरा
कर निज विराट स्वर में निनाद
तू शैलराट ! हुंकार भरे,
फट जाए कुहा भागे प्रमाद
तू मौन त्याग कर सिंह नाद
रे तपी !आज तप का न काल
नव युग शंख ध्वनि जगा रही
तू जाग जाग मेरे विशाल
मेरे नगपति मेरे विशाल।

संसार का प्रत्येक व्यक्ति मरणोपरांत जीना चाहता है अर्थात अमर होना चाहता है। राष्ट्रकवि दिनकर ने इसके लिए एक छोटा सा सूत्र दिया है, जो बड़े ही काम का है और वाकई जीवनोपयोगी है:-

मरणोपरांत यदि जीने की है चाह तूझे,
तो सुन बतलाता हूं सीधी राह तूझे।
लिख कुछ ऐसी चीज की दुनिया डोल उठे,
या कर कुछ ऐसा काम जमाना बोल उठे।

राष्ट्रकवि दिनकर ने ऐसा कुछ लिखा है कि दुनिया डोल गयी और ऐसा कुछ किया है कि आज भी जमाना उनको उनके व्यक्तित्व और कृतित्व के लिए याद कर रहा है-यही दिनकर की भास्वरता और प्रखरता है।

अतः हम कह सकते हैं कि राष्ट्रकवि दिनकर भारतीय संस्कृति के अग्रदूत, राष्ट्र कल्याण के धर्मनिष्ट साधक, प्रेम और श्रृंगार के गायक, विकृतियों के अभिशाप में प्रचंड पौरूष के तप तेज वाले महा कवि हैं। भारत की विभूति हैं। समस्याओं की अंधेरी निशा में मसालों सी जलती हुई उनकी कविताएं भावना, स्वप्न यथार्थ, वेदना, प्रेम, श्रृंगार और विद्रोह से रगी हुई हैं।

इनकी कविताओं में कुरीतियों के प्रति आक्रोश, राष्ट्र के प्रति ममता तथा चिंतन के बुद्धि वादी तत्वों के प्रति अगाध प्रेम है। भावुकता के आकाश में उड़ने वाले विहग की तरह वे यथार्थ के निर्णय की उपेक्षा नहीं करते। इसलिए मन्मथ नाथ गुप्त ने ठीक ही लिखा है : नजरुल इस्लाम, जोश मलीहाबादी और दिनकर भारत की क्रांतिकारी कविता के वृहद त्रयी के कवि हैं ।जोश ने दिनकर और बच्चन की प्रशंसा करते हुए एक शेर अर्ज. किया है:-

हिंद में लाजवाब हैं दोनों,
शायरे इंकलाब हैं दोनों।
देखने में अगर्चे जर्रे हैं।
वाकई आफताब है दोनों।

राष्ट्रकवि दिनकर ने अपना परिचय स्वयं इस रूप में दिया है

सुनू क्या सिंधु मैं गर्जन तुम्हारा
स्वयं युगधर्म का हुंकार हूं मैं।

**(लेखक : कुलपति, श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची हैं।)**

## देश-विदेश की खबरें

### प्रधानमंत्री ने अमेरिका दौरे में दुनिया को दिया शांति का संदेश

# यह युद्ध का समय नहीं है: मोदी



**एजेंसी**

**न्यूयॉर्क।** अपने तीन दिवसीय दौरे पर अमेरिका पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक तरफ जहां वैश्विक शांति की अपील करते हुए कहा कि यह युद्ध का समय का नहीं है, तो वहीं दूसरी तरफ दमदार विदेश नीति का परिचय देते हुए कई महत्वपूर्ण बातें कहीं। न्यूयॉर्क में हजारों भारतीय-अमेरिकियों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत की विदेश नीति सभी के साथ समान दूरी बनाये रखने की नहीं, बल्कि समान निकटता बनाये रखने की है। उन्होंने दुनिया में मची उथल-पुथल के बीच महत्वपूर्ण संदेश देते हुए कहा कि यह युद्ध का समय नहीं है और जंग की गंभीरता को सभी मित्र समझते हैं। ऐसे वक्त में जब लगातार मध्य पूर्व में इजरायल और हमास के बीच तनाव बढ़ रहा है, जबकि यूक्रेन-रूस के बीच लंबे समय से युद्ध चल रहा है, ऐसे में पीएम मोदी की यह टिप्पणी काफी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भारत अपना प्रभुत्व नहीं चाहता, बल्कि विश्व की समृद्धि में भूमिका निभाना चाहता है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि वैश्विक शांति की प्रक्रिया को गति देने में भारत की भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है।

प्रधानमंत्री ने कोरोना काल के संकट को याद दिलाते हुए कहा कि दुनिया के करीब डेढ़ सौ से ज्यादा देशों को भारत की तरफ से मदद दी गयी। जब भी दुनिया में कोई आपदा आती है, सबसे पहले भारत की तरफ से उस पर प्रतिक्रिया दी जाती है। जब कहीं भी भूकंप या फिर गृहयुद्ध होता है, तो भारत ही सबसे पहले वहां पर पहुंचता है। पीएम मोदी ने तरक्की के लिए उठाये गये कदमों का हवाला देते हुए कहा कि वैश्विक विकास की प्रक्रिया और वैश्विक शांति में तेजी लाने के लिए भारत की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि भारत का मकसद वैश्विक प्रभाव को बढ़ाने की बजाय विश्व की समृद्धि में अपनी भूमिका निभाने की रहेगी। उन्होंने विकास की प्राथमिकता पर बल देते हुए कहा कि चाहे योग, जीवनशैली या फिर पर्यावरण को बढ़ावा देने की बात हो, भारत केवल जीडीपी केंद्रित नहीं, बल्कि मानव केंद्रित विकास चाहता है और वह अपना वैश्विक प्रभुत्व नहीं चाहता। पीएम मोदी ने कहा कि भारत आग की तरह नहीं है। उन्होंने कहा कि हम उस सूरज की तरह हैं, जो रोशनी देता है, जबकि दुनिया के विनाश में भारत की कोई भूमिका नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत में दुनिया की 17 फीसदी आबादी रहती है, लेकिन कार्बन उत्सर्जन के मामले में हम चार प्रतिशत से भी कम हैं। पीएम मोदी ने देश में हुए हरित ऊर्जा परिवर्तन का भी उल्लेख किया और कहा कि बड़ी तादाद में भारत में हरित रोजगार पैदा हो रहे हैं, जबकि चीन दुनिया का सबसे बड़ा कार्बन उत्सर्जक है।

### तिरुपति लड्डू विवाद : घी सप्लायर को कारण बताओ नोटिस

# केंद्र सरकार ने 4 कंपनियों के सैंपल की जांच की, एक के घी में मिलावट की पुष्टि

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हैदराबाद।** आंध्र प्रदेश के श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर (तिरुपति मंदिर) के लड्डुओं में जानवरों की चर्बी मिलने के विवाद के बीच केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 4 कंपनियों के घी सैंपल मंगवाये। इनमें से एक कंपनी का घी क्वालिटी टेस्ट में फेल हो गया। उसमें मिलावट की बात सामने आई। सरकार ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। सूत्रों के मुताबिक, जिस कंपनी को नोटिस भेजा गया है। वह एआर डेयरी फूड्स है।



### तिरुपति मंदिर की शुद्धि के लिए महाशांति यज्ञ

उधर सोमवार को तिरुपति मंदिर की शुद्धि के लिए महाशांति यज्ञ किया गया। सोमवार सुबह 6 से 10 बजे तक चले पंचगव्य प्रोक्षण (शुद्धिकरण) में तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) बोर्ड के अधिकारी समेत 20 पुजारी शामिल हुए। अनुष्ठान में लड्डू और अन्नप्रसादम रसोई की शुद्धि की गयी। आंध्र के सीएम सीएम चंद्रबाबू नायडू की पार्टी टीडीपी ने 18 सितंबर को आरोप लगाया था कि राज्य में वाइएसआर कांग्रेस सरकार में तिरुपति मंदिर में मिलने वाले लड्डू (प्रसादम) में जानवरों की चर्बी वाला घी और फिश ऑयल मिलाया गया था। इसके अगले दिन डीजीपी ने एक लैब रिपोर्ट दिखा कर अपने आरोपों की पुष्टि का दावा किया।

### अब मंदिर पूरी तरह शुद्ध, प्रसाद घर ले जा सकते हैं : पुजारी

मंदिर के मुख्य पुजारियों में से एक कृष्ण शेषाचल दीक्षितुलु कहते हैं कि सरकार एक प्रस्ताव लेकर आई कि मंदिर को शुद्ध करने के लिए क्या किया जाये। इसलिए हम शांति होम करने के प्रस्ताव के साथ प्रबंधन के पास गये। सुबह 6 बजे हम सभी भगवान वेंकटेश्वर का आशीर्वाद और अनुमति लेने के लिए गर्भगृह में गये। अब सब कुछ शुद्ध हो गया है, मैं सभी भक्तों से अनुरोध करता हूं कि उन्हें अब चिंता करने की जरूरत नहीं है। भगवान बालाजी के दर्शन करें और प्रसाद घर ले जायें।

# इजरायल का लेबनान पर भीषण हवाई हमला, 274 लोगों की मौत

**एजेंसी**

**तेल अवीव।** पेजर और वॉकी-टॉकी में विस्फोट कराने के बाद इजरायल ने अब लेबनान में सक्रिय हिजबुल्लाह के खिलाफ अब सीधे युद्ध छेड़ दिया है। सोमवार को इजरायल ने हिजबुल्लाह के ठिकानों पर भीषण हमले किये, जिनमें 274 लोगों की मौत हो गयी है और करीब तीन सौ लोग जख्मी हुए हैं। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी है। इजरायल की सेना का कहना है कि उसने करीब 300 एयर स्टाइक की हैं, जिनमें बड़ी संख्या में हिजबुल्लाह के ठिकानों को टारगेट किया गया है। बीते एक साल से इजरायल का हमास और हिजबुल्लाह के साथ युद्ध चल रहा है, लेकिन एक दिन में हिजबुल्लाह को पहली बार इतना नुकसान पहुंचा है। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने हमले की जानकारी देते हुए बताया कि इजरायल की सेना ने उसके दक्षिणी इलाके के गांवों और कस्बों पर अटैक किया है। इन हमलों में उसके 50 नागरिक मारे गये हैं। इसके अलावा तीन सौ लोग जख्मी हैं। इनमें बच्चे, महिलाएं और इमरजेंसी वर्कर शामिल हैं।

# पंजाब के मान मंत्रिमंडल में पांच नये मंत्री शामिल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पंचकुला।** पंजाब की भगवंत मान सरकार में पांच नये मंत्रियों को शामिल किया गया है। तीन साल के अंदर यह मान सरकार में चौथा फेरबदल है। पांच शपथ लेने वाले मंत्रियों में तरुणप्रीत सिंह, बरिंदर गोयल, हरदीप मुंडिया, डॉक्टर रवजोत सिंह और मोहिंदर भगत शामिल हैं। दरअसल, रविवार को मान कैबिनेट से चार मंत्रियों का इस्तीफा हो गया था, जिसके बाद बनी जगह में इन नये मंत्रियों को शामिल किया गया। शपथ के साथ ही नये मंत्रियों को उनके विभागों का भी बंटवारा कर दिया गया है, जिसमें तरुणप्रीत सिंह को पर्यटन और कल्चर अफेयर्स, इनवेस्टमेंट प्रमोशन, इंडस्ट्री एंड कॉमर्स और ग्रामीण विकास और पंचायती राज, बरिंदर गोयल को माइंस और जियोलॉजी, जल संसाधन, जल और जमीन संरक्षण, हरदीप मुंडिया को राजस्व, आपदा प्रबंधन, वाटर सप्लाइ और शहरी विकास मंत्रालय, रवजोत सिंह को स्थानीय सरकार और संसदीय मामले, मोहिंदर भगत को रक्षा सेवाएं और बागवानी मंत्रालय की जिम्मदारी सौंपी गयी है।

### दिल्ली में जुटे 21 राज्यों के किसान

# 17 नवंबर को घेरेंगे मुख्यालय

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के आह्वान पर सोमवार को नयी दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में हजारों किसानों की आवाज गूंजी। इस दौरान किसानों की मांगों के प्रति केंद्र सरकार के ढुलमुल रवैये से नाराज अखिल भारतीय किसान महापंचायत ने पूरे देश में आंदोलन करने का एलान किया। इस कड़ी में 17 नवंबर को लाला लाजपत राय की बरसी पर किसान पूरे देश में जिला मुख्यालयों का घेराव करेंगे। इसके बाद 26 नवंबर को संयुक्त किसान मोर्चा के साथ मिलकर विरोध दिवस आयोजित किया जायेगा। फरवरी 2025 में किसान सभी प्रदेशों की राजधानियों में राजभवनों के सामने विरोध प्रदर्शन करेंगे। एआइकेकेएमएस द्वारा बुलायी गयी महापंचायत में पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, ओड़िशा, कर्नाटक, केरल और पश्चिम बंगाल जैसे 21 राज्यों के हजारों किसानों और खेत मजदूरों ने शिरकत की। महापंचायत में किसान संगठन के नेता जयकरण मांडौठी द्वारा पेश मुख्य प्रस्ताव में एमएसपी का कानून बनाने और कृषि उपज की सरकारी खरीद सी2+50 प्रतिशत एमएसपी पर करने, बिजली बिल 2023 को निरस्त करने आदि मांगों पर आंदोलन तेज करने का संकल्प सर्वसम्मति से पारित किया गया।

# अशरफ ने महालक्ष्मी की हत्या कर शव के 30 टुकड़े किये

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बेंगलुरु।** देश की सिलिकॉन राजधानी में मई 2022 में दिल्ली में हुए श्रद्धा वाकर हत्याकांड की कहानी दोहरायी गयी है। बेंगुलरु के एक फ्लैट में 30 टुकड़ों में मिले महिला के शव के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है।

खौफनाक तरीके से मारी गयी महिला की पहचान 29 साल की महालक्ष्मी के तौर पर हुई है। वह बीते करीब नौ महीने से अपने पति से अलग रह रही थी और उसके रिश्ते अशरफ नाम के युवक से थे, जो उत्तराखंड का रहने वाला बताया गया है। महालक्ष्मी के पति हेमंत दास ने बताया कि उन्होंने पत्नी को एक महीने पहले देखा था, जब वह उनकी दुकान पर बेटी से मिलने आयी थी। हेमंत दास ने कहा कि महालक्ष्मी के रिश्ते कुछ महीनों से अशरफ के साथ थे और उसके साथ ही फ्लैट में रहती थी। महालक्ष्मी का शव फ्लैट में ही 30 टुकड़ों में पाया गया था। इस कत्ल के बारे में तब पता चला, जब लोगों को बदबू आयी और दरवाजा तोड़ा गया। अंदर जाने पर पुलिस के भी होश उड़ गये और महालक्ष्मी का शव बुरे हाल में टुकड़े-टुकड़े पाया गया। हेमंत दास ने कहा कि अशरफ और महालक्ष्मी ने उसके खिलाफ पुलिस में शिकायत दी थी, जिसके चलते वह बेंगलुरु नहीं जाता था।

### गढ़वा के श्रीबंशीधर नगर से रवाना हुई हेमंत सरकार की मंईयां सम्मान यात्रा, मंत्रियों ने कहा

# इस बार भाजपा को सबक सिखायेगी जनता




आजाद सिपाही संवाददाता

**श्रीबंशीधर नगर।** हेमंत सोरेन सरकार की चर्चित झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से राज्य के लोगों को अवगत कराने के लिए शुरू की गयी मंईयां सम्मान यात्रा की शुरुआत सोमवार को हुई। मौके पर आयोजित सभा में झारखंड सरकार की मंत्री बेबी देवी ने कहा कि यह योजना राज्य भर की महिलाओं के लिए बहुत जरूरी है। अब यह योजना हमेशा चलेगी। उन्होंने कहा कि इस तरह की योजना केवल हेमंत सोरेन सरकार ही लागू कर सकती है। इसलिए एक बार फिर उन्हें सीएम बनायें।

पेयजल स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हमेशा से कहते थे कि पलामू प्रमंडल के साथ सौतेला व्यवहार हुआ है। उन्होंने कहा था कि उनकी सरकार बनने के बाद पलामू और गढ़वा के पिछड़ेपन के दाग को धोकर रहेंगे। मंत्री ने कहा कि आज वह दावे के साथ कह सकते हैं कि गढ़वा अब किसी भी जिले से पीछे नहीं है। यहां पर कई विकास कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग सरकार को हमेशा अपदस्थ करने का प्रयास करते रहे हैं, लेकिन झारखंड की जनता के मजबूत समर्थन से हमने मजबूती से सरकार चलायी है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन जी की पत्नी गांडेय की विधायक कल्पना सोरेन ने झारखंड की जनता के मान-सम्मान के लिए चौखट से बाहर आयीं और भाजपा के मंसूबों पर पानी फेरते हुए झारखंड में क्रांति की अग्रदूत बन गयी हैं।

मंत्री ने केंद्रीय मंत्रियों के दौरों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जिनके मंसूबे साफ नहीं थे, उनको बाबा बंशीधर ने पैदल का रास्ता दिखा दिया और अगले चुनाव में यहां की जनता उन्हें पैदल करेगी। भाजपा के लोग केवल हिंदू-मुसलमान, मंदिर-मस्जिद कर लोगों को बांटते हैं, परिवर्तन यात्रा वालों का झारखंड की जनता पूरी तरह परिवर्तन करेगी। जहां-जहां भाजपा के विधायक हैं, वहां उनकी हार होगी और परिवर्तन के रूप में झामुमो गठबंधन के प्रत्याशी जीतेंगे।

**कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह** ने कहा कि यह साधारण यात्रा नहीं है। यह झारखंड के इतिहास में नया अध्याय लिखने वाला है। उन्होंने कहा कि झारखंड में महिलाओं को बराबरी का अधिकार दिलाने का काम हेमंत सोरेन की सरकार ने किया है। जब-जब महिलावो को अवसर दिया जाता है, तो वे आगे बढ़कर काम करती हैं।

मौके पर पूर्व विधायक सह झामुमो नेता अनंत प्रताप देव ने कहा कि मंईयां योजना, बिजली बिल माफ होना, किसानों का कर्ज माफ होना और झारखंड का विकास होना भाजपा को परेशान कर रहा है और खासकर भानु प्रताप शाही के पेट में दर्द हो रहा है। जनता अगले चुनाव में इन सब को सबक सिखायेगी। मौके पर उपायुक्त शेखर जमुआर, एसपी दीपक कुमार पांडेय, पूर्व विधायक राज राजेंद्र प्रताप देव, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, सीओ विकास कुमार सिंह, बीडीओ अदिति गुप्ता, मानवेंद्र प्रताप देव, अब्दुल्ला अंसारी, झामुमो जिला अध्यक्ष सहित अन्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के पूर्व सभी नेताओं ने श्री बंशीधर नगर में रोड शो किया एवं बाबा बंशीधर का दर्शन किया।

## सहायक अध्यापकों ने कल्पना सोरेन को मांग पत्र सौंपा



**रमना (आजाद सिपाही)।** मंईयां सम्मान यात्रा के दौरान टेट सफल सहायक अध्यापकों ने गांडेय विधायक कल्पना सोरेन को सहायक अध्यापक पद के विरुद्ध समायोजन करने की मांग की। दिये गये आवेदन में सहायक अध्यापकों ने कहा कि अन्य राज्यों की तरह रिक्त पद के विरुद्ध टेट सहायक अध्यापक को समायोजित किया जा सकता है। जिसे अविलंब पहल करते हुए उचित निर्णय लेने की मांग की। मांग पत्र देने वालो में सुनील कुमार यादव, खुर्शीद आलम, प्रताप यादव, प्रवीन पांडे, अशोक उरांव, संतोष यादव, नागेंद्र ठाकुर, राहुल, जयनाथ यादव, अजय प्रसाद यादव, इरशाद आलम, सुरेंद्र मेहता, ललन सिंह कई लोग उपस्थित है।

## मेराल में उमड़ा महिलाओं का सैलाब



**मेराल (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान यात्रा के तहत सोमवार को मेराल हाई स्कूल के मैदान में आयोजित कार्यक्रम में उमड़ी महिलाओं को देख कर नेता गदगद थे। कार्यक्रम को जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी ने भी संबोधित किया। मौके पर डीएसपी नीरज कुमार, नितेश कुमार सिंह, पूर्व विधायक प्रत्याशी सोगरा बीवी, ताहिर अंसारी, इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार आजाद, उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, अंचलाधिकारी यशवंत नायक, थाना प्रभारी बिष्णु कांत, झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम खान, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ओबेदुल्ला हक अंसारी, आराधना सिंह, अतहर अली, ज्ञान रंजन मिश्र, रेखा पाठक के साथ हजारों की संख्या में महिलाए और पुरुष उपस्थित थे। इधर मेराल बस स्टैंड पर व्यवसायिक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता, प्रखंड अध्यक्ष नवीन जायसवाल, पंकज जायसवाल, राकेश कुमार रवि, अनुज प्रसाद, मो जहूर रंगसाज सहित लोगों ने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान यात्रा में शामिल नेताओं का गर्मजोशी के साथ माल्यार्पण कर स्वागत किया।

## रमना में कल्पना का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**रमना (आजाद सिपाही)।** झामुमो प्रखंड इकाई के द्वारा नगर उंटारी से चल के आई मईया सम्मान यात्रा पहुंचने पर गांडेय विधायक कल्पना सोरेन, मंत्री मिथिलेश ठाकुर, मंत्री दीपिका पांडेय, जोबा मांझी सहित अन्य नेताओं का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। झामुमो नेता सह पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव व ताहिर अंसारी के नेतृत्व में हजारों की संख्या कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से मंईयां सम्मान यात्रा में शामिल हुए। इसके पूर्व कार्यकर्ताओं ने थाना मोड़ के समीप फूल-मालाओं व पारंपरिक नृत्य ढोल मंजीरा से अभिनंदित किया। मौके पर पूर्व दीपक प्रताप देव, नागेंद्र कुमार सिंह, रोहित वर्मा, अनुज कुमार, लाला सिंह, प्रदीप सिंह, मुन्ना पासवान, नरेश गुप्ता, जसवंत पासवान, राजेंद्र उरांव सहित हजारों की संख्या लोग मौजूद थे।

# झामुमो सरकार ने हर वर्ग को ठगने का काम किया है : बाबूलाल मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भाजपा गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में परिवर्तन रथ यात्रा कार्यक्रम के दौरान भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष नसरुद्दीन अंसारी के नेतृत्व में पचपड़वा में प्रदेश अध्यक्ष बाबुलाल मरांडी एवं परिवर्तन रथ का भव्य स्वागत किया गया। मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबुलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा एक मात्र ऐसा पार्टी है जो सबका साथ सबका विकास जैसे मुलमंत्र के साथ काम करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा के साथ झारखंड का उत्थान चाहने वाले हर जाति धर्म के लोग खड़े हैं। सबका यही मानना है कि भाजपा ही एक मात्र पार्टी है, जो झारखंड का विकास कर सकती है। उन्होंने कहा कि झामुमो कांग्रेस राजद ने मिलकर अल्पसंख्यक समुदाय से वोट लेकर धोखा देने का काम किया है। झारखंड में महालुटबंधन की सरकार अब दुबारा झारखंड में कभी नहीं आयेगी। उन्होंने कहा कि जब भाजपा सरकार आयेगी, तो गढ़वा सहित पूरे झारखंड में अमन चैन शांति का माहौल होगा, झारखंड का चौमुखी विकास होगा। भ्रष्ट लुटेरा झामुमो सरकार ने हर वर्ग को ठगने का काम किया है, झामुमो का हर वादा फेल साबित हुआ है। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष नसरुद्दीन अंसारी ने कहा कि भाजपा जब सत्ता में आयेगी, तभी गढ़वा का विकास होगा। वर्तमान की झामुमो सरकार में अल्पसंख्यक समुदाय को सिर्फ प्रताड़ित किया गया है। लेकिन अब समय आ चुका है, आगामी विधानसभा चुनाव में अल्पसंख्यक समुदाय भ्रष्ट लुटेरा झामुमो सरकार को सत्ता से बेदखल करने का काम करेगा। मौके पर अनसाद बाबु, नवाजीस खां, याज खां दानिश, अजमल हुसैन, जिबरील खां, अहमद हुसैन अफरोज, अब्दुल मजीद अंसारी, सुजायत अंसारी, अशोक विश्वकर्मा सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

# विधायक भानु ने 3.66 करोड़ की लागत से बनने वाले पुल का किया शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता



**केतार।** थाना क्षेत्र के बलिगढ़ के मोटंगवा में पंडा नदी 3 करोड़ 66 लाख से बनने वाले पुल का शिलान्यास और परती उपस्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही ने गांव के ही बुजुर्ग बलराम सिंह से नारियल फोड़ और विधिवत पूजा अर्चना कर करवाया। यह पुल बन जाने से बलीगढ़ और प्रखंड मुख्यालय की दूरी कम हो जायेगा। पंडा नदी पर पुल बन जाने से खरौंधी क्षेत्र सहित केतार के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों को केतार जाने के लिए काम दूरी की सामना करना पड़ेगा। शिलान्यास कार्यक्रम के सभा को संबोधित करते हुए विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि पहली बार जब मुझे भवनाथपुर विधानसभा की जनता ने विधायक चुना उस समय भवनाथपुर विधानसभा की अधिकतर गांव बरसात के दिनों में प्रखंड और पंचायत का मुख्यालय से संपर्क टूट जाता था। मेरे अथक प्रयास से भवनाथपुर विधानसभा में सबसे पहले सैकड़ों पुल, बिजली सड़क एवं शिक्षा के क्षेत्र को मजबूत बनाया। आज खेत में बिजली और पानी उपलब्ध है, जिससे बंजर भूमि पर खेती की जा रही है। मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद, मुकुंदपुर मुखिया मूंगा साह, राजू सिंह, रवींद्र सोनी, दिलीप जायसवाल, सीताराम जायसवाल, सोनू सिंह, गौरव सिंह, विमलेश पासवान, अरविंद वर्मा, संतोष ठाकुर सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## जमा दो उच्च विद्यालय भवनाथपुर के छात्रों का भविष्य अधर में लटका, एसए 1 परीक्षा का फॉर्म भरने से वंचित हुए



**भवनाथपुर।** राजकीय कृत जमा दो उच्च विद्यालय भवनाथपुर के 312 छात्रों का भविष्य अधर में लटका, एसए 1 परीक्षा का फॉर्म भरने से वंचित हुए। उक्त छात्रों के एक साल का समय बर्बाद होने की आशंका जतायी जा रही है, किंतु गढ़वा डीईओ कैशर राजा ने कुछ न कुछ हल निकालने की बात कही। जमा दो उच्च विद्यालय भवनाथपुर के प्रभारी प्राचार्य अंकित त्रिवेदी ने बताया कि 9वीं से लेकर, 12वीं तक कुल 2162 छात्र नामांकित है और एसए 1 का आनलाइन फॉर्म भरने के लिए महज चार दिन का समय मिला था। 312 बच्चे जानकारी के अभाव में या अन्यत्र होने के कारण इस फॉर्म को नहीं भर सके। उल्लेखनीय है कि विभाग द्वारा राज्य के 80 स्कूल ऑफ एक्सीलेंस और 320 बीएलएवी की कक्षा 08 से 12 तक की कक्षाओं में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के उन्नयन हेतु एसए 1 और एसए- II का आयोजन करने का निदेश प्राप्त था। इस संबंध में गढ़वा देव कैसा राजा ने बताया कि मामला मेरे संज्ञान में है, सॉल्यूशन निकाल लिया जायेगा।

## कुटकू मंडल डूब क्षेत्र में केएन त्रिपाठी के निर्देश पर प्रभावित लोगों को सहायता पहुंचायी गयी



**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** बडगड़ थाना क्षेत्र मदगाड़ी (च )पंचायत के कूटकू डेम डूब क्षेत्र में लगातार तीन दिन बारिश होने से कूटकू डेम के पानी भरजाने कारण क्षेत्र के तीन गांव यरमाडो, चपया और भजना सहित तीन गांवों में करीब पचास घर डूब गया था, जिसका खबर आजाद सिपाही पेपर में छपने के बाद डाल्टनगंज चैनपुर भंडारिया विधानसभा क्षेत्र के पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी के निर्देश पर पूर्व मंत्री के विधानसभा प्रभारी गोपाल त्रिपाठी ने डूबे क्षेत्र में जाकर प्रभावित लोगों को 10-10 किलो चावल 2 किलो दाल और नमक के साथ कमल और तिरपाल अपने तरफ से सहायता प्रदान किया। उसके साथ ही गढ़वा सीएस से अनुरोध के बाद भंडरिया रेफरल अस्पताल के मेडिकल टीम ने डूब क्षेत्र पहुंचकर प्रभावित लोगों का जांच कर दवाइयां भी दिया गया और डूब क्षेत्र के लोगों से पूछने के बाद अनीता मिंज ने बताया कि प्रशासन के द्वारा अभी तक कुछ नहीं किया गया है और ना ही कोई शुद्ध लेने आया है। इस मौके पर बिजय भुइया, राजेश भुइया, छोटू, तरिया, बबलू, भुनेसर किसान संतोष सिंह सहित डूब क्षेत्र के ग्रामीण में उपस्थित थे।

# इंटक के नेताओं ने उपायुक्त के नाम बीडीओ को आठ सूत्री मांग पत्र सौंपा

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के बैनर तले सेल द्वारा संचालित तुलसीदामर डोलोमाइट खदान के श्रमिक / कर्मी परियोजना प्रभावितों की मांगों को पूर्ण करने हेतु उपायुक्त गढ़वा को समर्पित पत्र के आलोक में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सोमवार को प्रखंड मुख्यालय परिसर में एक दिवसीय धरना व प्रदर्शन किया गया। धरना कार्यक्रम में मजदूरों को संबोधित करते हुए इंटक के जिला अध्यक्ष सुशील चौबे ने कहा कि गढ़वा अंतर्गत भवनाथपुर खदान समूह के तुलसीदामर डोलोमाइट खदान में भिन्न-भिन्न प्रकार के कार्य श्रमिक कर्मियों से लिया जाता रहा है, उक्त खदान में कार्यरत श्रमिक/कर्मी में लगभग 730 फॉर्म बी के निबंधित है, तथा शेष गैर निबंधित श्रमिक कर्मी के रूप में लगभग विगत 30 - 35 वर्षों से कार्य करते आ रहे हैं, लेकिन बीते 16 फरवरी 2020 से तुलसीदामर डोलोमाइट खदान बंद होने से खदान में कार्यरत लगभग 5000 से अधिक श्रमिक/ कर्मियों आदि अन्य के समक्ष भूखों मरने की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। मजदूर नेताओं ने धरना के माध्यम से चेतावनी देते हुए कहा कि अगर विधानसभा चुनाव से पूर्व केंद्र व राज्य सरकार बंद पड़े तुलसीदामार डोलोमाइट खदान खुलवाने की दिशा में अग्रेतर करवाई नहीं करती है, तो खदान समूह में कार्यरत मजदूर तथा उनके आश्रित चुनाव का बहिष्कार करते हुए किसी भी पार्टी के नेताओं के पक्ष में वोट नही देंगे। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस यूनियन के नेताओं ने गढ़वा उपायुक्त के नाम अपनी आठ सूत्री मांग पत्र प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौंपा। इस मौके पर मजदूर नेता पांडेय प्रदीप कुमार शर्मा, नंदलाल पाठक, वीरेंद्र साह, पुनीत सिंह, शंभू पासवान, रामलखन पासवान, बबन पासवान आदि उपस्थित थे।

## प्रखंड स्तरीय शिक्षकों के बीच गुरु गोष्ठी का आयोजन



**कांडी (आजाद सिपाही)।** कांडी प्रखंड कार्यालय के सभागार में सोमवार को बीपीओ वीरेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में प्रखंड स्तरीय शिक्षकों के बीच गुरु गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय में किचेन सेड की मरम्मती एमडीएम छात्र-छात्राओं की उपस्थिति शिक्षा दीक्षा संबंधित कई बिंदुओं पर ग्रहण रूप से चर्चा किया गया। साथ ही बीपीओ द्वारा निर्देश दिया गया कि गुरु गोष्ठी में जिस दिशा पर फोकस किया गया, उसका पालन करते हुए सह समय सभी शिक्षक बीआरसी कार्यालय को रिपोर्ट करें, ताकि आगे की कारवाई हो सके। मौके पर प्रधानाध्यापक पुरुषोत्तम कुमार द्विवेदी, बलजीत सिंह, सुरेंद्र कुमार, तारा कुमारी, नागेंद्र सिंह के अलावे कई शिक्षक मौजूद थे।

# हेमंत सोरेन सरकार अपने चुनावी वादे कब निभायेगी: डॉ एमएन खान

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** एआईएमआईएम के तत्वावधान में टीमन बाजार में हल्ला बोल पोल खोल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एआईएमआईएम के पलामू प्रमंडल प्रभारी सह गढ़वा रंका विधान सभा प्रभारी व विधायक प्रत्याशी डॉक्टर एमएन खान ने कहा कि वर्तमान की सरकार और स्थानीय विधायक सह मंत्री के द्वारा हेमंत सरकार का चुनावी घोषणा पत्र कब लागू किया जायेगा। हेमंत सोरेन सरकार मॉबलिंचिंग कानून कब बनायेगा, हेमंत सरकार मुसलमानों को हक और अधिकार कब देगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान झारखंड की सरकार सिर्फ यहां के लोगों को ठगने का काम की है। वहीं यहां के विधायक सह मंत्री के द्वारा सिर्फ विकास के नाम पर ढोल बजाया जा रहा है। गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र के लोग आज भी मूलभूत समस्याओं से जूझ रहे हैं। यहां ना तो अभी तक लोगों को पेयजल, बिजली व सड़क आदि की सुविधा मिल पायी है। डॉक्टर एम एन खान ने कहा कि हेमंत सरकार ने जो अपना चुनावी घोषणा पत्र जारी किया था। उसमें से कोई भी काम नहीं किया जो जनहित में हो। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में गढ़वा सहित पूरे झारखंड राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर है। इस पर किसी के द्वारा लगाम नहीं लगाया जा रहा है। इस मौके पर जिला महासचिव रमजान अंसारी, जिला सोशल मीडिया प्रभारी सह विधानसभा अध्यक्ष मौलाना मजहर हुसैन रजवी, जिला प्रवक्ता अब्दुल रहमान अंसारी, रंका प्रखंड अध नंदलाल सोनी, अनिल यादव आदि अन्य उपस्थित थे।

# गढ़वा के खिलाड़ियों ने धनबाद में किया शानदार प्रदर्शन, जीते 12 पदक




## पदक विजेता खिलाड़ियों के नाम

प्रकृति आनंद देव 20 किलोग्राम रजत पदक, अदिति कुमारी 25 किलोग्राम रजत पदक, पुण्य प्रसून 25 किलोग्राम रजत पदक, सुप्रिया कुमारी 35 किलोग्राम रजत पदक, फिज्जा सिद्दकी 38 किलोग्राम रजत पदक, अमर कुमार 70 किलोग्राम रजत पदक, समीर कुमार चौबे 80 किलोग्राम रजत पदक, ईश्वर विश्वकर्मा 65 किलोग्राम कांस्य पदक, काजल तूफान 40 किलोग्राम कांस्य पदक, झूलन कुमारी 45 किलोग्राम कांस्य पदक, सविता कुमारी 45 किलोग्राम कांस्य पदक, रूपा कुमारी 42 किलोग्राम कांस्य पदक।

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** 21 से 22 सितंबर तक धनबाद में ओपन राज्य स्तरीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता में गढ़वा के खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन। जिसमें खिलाड़ियों ने जीते 12 पदक जिसमें 6 रजत और 6 कांस्य पदक शामिल है।

सभी गढ़वा जिले गौरवांवित करने वाले पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी है। बधाई देने वालों में पेयजल और स्वच्छता तथा पर्यटन कला संस्कृति खेल कूद युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, गढ़वा जिला खेल पदाधिकारी दिलीप कुमार,किक बॉक्सिंग संघ के संरक्षक संजय कुमार सिंह, अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता, सचिव मनोज संसई, वरीय उपाध्यक्ष जेबी थापा, उपाध्यक्ष अमित कुमार, अरविंद दुबे, प्रभात तिवारी, रमाशंकर सिंह, सहसचिव गणेश यादव, कार्यकारी सदस्य अभय कांत, राजकुमार राम, अजीत कुमार, गढ़वा ओलंपिक संघ अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक, संरक्षक अनिता दत्त, रेखा चौबे, राकेश पाल, वरीय उपाध्यक्ष उदय नारायण तिवारी, सचिव आलोक मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि खेलकूद धीरज दुबे आदि ने बधाई दी। इसकी जानकारी गढ़वा जिला किक बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता ने दी।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, रामगढ़
रामगढ़ थाना के सामने, गांधी चौक, रामगढ़ कैन्ट
जिला- रामगढ़, झारखण्ड- 829122
ई-मेल— eercdramgarh-jhr@nic.in

**एफ०–2 फार्म ऑफ कॉन्ट्रक्ट आधारित अतिअल्पकालीन ई–निविदा सूचना**

ई–निविदा प्रसंग संख्या :– RCD/RAMGARH/700/2024-25
दिनांक :– 21.09.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | Construction of 4.00 x 5.00 Mtr. Box Culvert in Hesapoda to Kusumdih Road under Non-Plan Head for the year 2024-25 |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | रुपये 75,00,000/– (पचहत्तर लाख) मात्र |
| 3. | कार्य समाप्ति की अवधि | 60(साठ) दिन |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | 27/09/2024 10:30 बजे पूर्वाह्न |
| 5. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 30/09/2024 12:00 बजे दिन तक |
| 6. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, रामगढ़ |
| 7. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क नम्बर | 98351–25637 |
| 8. | ई–प्रोक्योरमेट सेल का हेल्प लाईन नम्बर | 0651–2403007 |

- निविदा की अन्य शर्तें वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in
- पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड में निबंधित निविदाकारों को यूकैन से संबंधित प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
- निविदा की राशि घट बढ़ सकती है।
- PWD कोड में संशोधन के फलस्वरुप 10 प्रतिशत न्यूनतम दर की अधिसीमा समाप्त कर दी गई है।
- Cost of bidding document (Non-refundable fee) & Bid Security as indicated shall be payable online through http://jharkhandtenders.gov.in.

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, रामगढ़
PR 336655 Road (24-25)_D

**जिला जल एवं स्वच्छता समिति-कोडरमा**
Email- eedwsd.jhumaritellaiya @gmail.com

पंत्राक .......................... दिनांक..............................

**सूचना**

विज्ञापन सूचना संख्या 1/2024 PR318428 D.W &S (2023-24) D के अन्तर्गत स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा0) के तहत संविदा पर नियुक्ति से संबंधित अन्तर्गत **BLOCK WASH COORDINATOR** का लिखित एवं दक्षता मुल्याकंन परीक्षा के उपरांत अंतिम मेधा सुची तैयार कर प्रकाशित की जा रही है जिसे WWW.KODERMA.NIC.IN पर देखा जा सकता है।

उपविकास आयुक्त–सह–नोडल पदाधिकारी
जिला जल एवं स्वच्छता समिति,कोडरमा।
PR.NO.336666 Drinking Water and Sanitation(24-25):D

## बड़कीटांड़ और मोहननगर डीएमएफटी मद से योजना का हुआ शिलान्यास



**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर डीएमएफटी मद से योजनाओं का शिलान्यास किया गया। क्षेत्र के बड़कीटांड़ एवं मोहन नगर में डीप बोरिंग के साथ सोलर सिस्टम पानी टंकी का शिलान्यास जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी, विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह सहित विश्रामपुर पंचायत मुखिया दीपमाला कुमारी ने संयुक्त रूप से पूजन कर, नारियल फोड़कर तथा शिलापट्ट से परदा हटाकर किया। इस अवसर पर खलारी मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार गंझू, फुलेश्वर महतो, अरविंद सिंह, रामसूरत यादव, शिव चौधरी, दिलीप पासवान, प्रदीप कुमार सिंह, दिलीप गंझू, मनोज सिंह, सरोजनी देवी, कृष्णा चौहान, मिथिलेश प्रजापति, विश्वनाथ गंझू सहित अन्य महिला पुरुष उपस्थित थे।

## मनरेगा योजना के सफल क्रियान्वयन को लेकर तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू



**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी प्रखंड अंतर्गत राजीव गांधी सेवा केंद्र सभागार में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें खलारी प्रखंड के सभी मुखिया, पंचायत सचिव और पंचायत के वीएलई का मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु प्रखंड स्तरीय तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। पहले सत्र में मास्टर ट्रेनर पंकज ठाकुर के द्वारा मनरेगा का सेवन रजिस्टर के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। सत्र में खालरी प्रखंड के प्रखंड समन्वयक पंचायती राज स्वशासन परिषद असित, कंप्यूटर ऑपरेटर राजू कुमार, कनिय अभियंता प्रवीण उरांव, लपरा मुखिया पुतुल देवी, मायापुर मुखिया पुष्पा खलखो, तुमांग पंचायत के मुखिया संतोष महली, मुखिया दीपमाला कुमारी, मुखिया सुनीता देवी, चूरी दक्षिणी पंचायत के मुखिया मलका मुंडा, हुटाप पंचायत के मुखिया शिवरात मुंडा, पंचायत सचिव रिशु कुमारी, बमने पंचायत के पंचायत सचिव महावीर महतो, चूरी उत्तरी पंचायत के पंचायत सचिव पूषा मुंडा, हरकुलश साहू, राजेंद्र नायक उपस्थित हुए।

## बिरसा कॉलेज में एनएसएस ने चलाया स्वच्छता अभियान



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** बिरसा कॉलेज खूंटी में एनएसएस और नेहरू युवा केंद्र के छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत सोमवार को कालेज कैंपस की साफ-सफाई की। प्रभारी प्राचार्या प्रो जी किड़ो ने कहा चारों ओर स्वच्छता फैलाये। छात्र छात्राओं के बीच स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना जरूरी है। कार्यक्रम में प्रोग्राम ऑफिसर डॉ पुष्पा सुरीन, प्रोग्राम ऑफिसर प्रो तारीफ लुगून, प्रो पूनम तियू, डॉ अस्मृता माहतो, डॉ करनेलियुस मिंज, प्रो अनीस खाखा और अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** मुरहू पेट्रोल पंप के समीप रविवार शाम अज्ञात वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल वृद्ध की देर रात सदर अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गयी। मृतक की पहचान मुरहू के गोड़ाटोली निवासी 60 वर्षीय मंगरा नायक के रूप में हुई है। रविवार शाम मंगरा नायक जब सड़क पार कर रहा था, उसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उसे चपेट में लिश और फरार हो गया। इस संबंध में मुरहू थानें में मामला दर्ज किया गया है।

## दो दिन से लापता युवक का शव तालाब में मिला

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** शहर के हुटुबदाग बस्ती के किनारे स्थित तालाब से सोमवार को एक युवक का शव बरामद किया गया। शव की पहचान सायको थानांतर्गत रुगड़ी पीड़ीहातू गांव निवासी गबरियल पाहन (19 वर्ष) के रूप में हुई है। गबरियल पाहन अपनी मां के साथ खूंटी के पिपराटोली बस्ती में एक किराये के मकान में रहकर होटल में मजदूरी का काम करता था। बताया गया कि वह शनिवार शाम से लापता था।

## तालाब में डूबने से नाबालिग की मौत

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** एक अन्य घटना में अड़की थानांतर्गत चुकलू रूगड़ू टोला गांव निवासी करम पूर्ति नामक ग्रामीण के 12 वर्षीय पुत्र बिरसा पूर्ति की सोमवार को तालाब में नहाने के दौरान डूबने से मौत हो गयी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा कर उसे स्वजनों को सौंप दिया।

## विस चुनाव से पूर्व सिल्ली विधानसभा सीट सबसे ज्यादा चर्चित : देवेंद्रनाथ



**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** राज्य में विधानसभा चुनाव की दस्तक शुरू होने वाली है। केंद्रिय निर्वाचन आयोग अपने निरीक्षण को लेकर झारखंड पहुंच चुके हैं। सभी राजनीतिक दलों की सर गर्मी तेज होने वाली है। इसके साथ झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा ने भी अपने जनसंपर्क अभियान को तेज कर दिया है। संगठन केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्रनाथ महतो द्वारा न्याय एवं नव निर्माण यात्रा जारी है। आज सोमवार को न्याय यात्रा का 11वीं दिन रहा। सोनाहातू और राहे प्रखंड में आज दौरा किया गया। सोनाहातू प्रखंड के एदेलडीह, इडकू, मगनडीह, हेसाहातु गांवों में एवं राहे प्रखंड के दुलमी गांव में पदयात्रा किया गया। संगठन के कार्यकर्ता में उत्साह देखा गया। लोग एक गांव से दूसरे गांवों तक पदयात्रा में शामिल हो रहे हैं।

## चैंपियंस ट्रॉफी फुटबॉल : बेहद रोमांचक मुकाबले में तुरूप और अनगड़ा जीता



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** 19वां चैंपियंस ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट में सोमवार को गेतलसूद स्कूल मैदान में खेले गये दोनों मैच में विदेशी खिलाड़ियों का जलवा दिखा। पहला मैच टीएफए तुरूप एवं भगत इलेक्ट्रॉनिक्स पारेपाट के बीच खेला गया। इसमें पारेपाट से नाइजीरिया के खिलाड़ी सिल्वा खेल रहा था। तुरूप ने शानदार प्रदर्शन दिखाते हुए अपने करिश्माई खिलाड़ी सुनील लोहार के द्वारा दागे गये एकमात्र निर्णायक गोल पारेपाट को 1-0 से हरा दिया। दूसरा मैच अमित ब्रदर्श बंडामुंडा व सुपर किंग्स अनगड़ा के बीच बेहद रोमांचक मुकाबला हुआ। अंतिम क्षणों में एकमात्र निर्णायक गोल विनय किशन ने गोल दागा। पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि जिप सदस्य अनुराधा मुंडा, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रामसाय मुंडा व सालहन के एतवा भगत ने की। अनुराधा मुंडा ने कहा कि यह टूर्नामेंट प्रतिभा को मंच देने का एक बेहतरीन माध्यम है। इस अवसर पर राजेंद्र यूनाइटेड के कार्यकारी अध्यक्ष पारसनाथ भोगता, सीइओ जैलेंद्र कुमार, सचिव अनिल कुमार चौधरी, कोषाध्यक्ष राजन महतो, प्रकाश यादव, राजेश लोहरा, कामेश्वर महतो, शिवदास गोस्वामी, शंकर बैठा, संजय नायक, सौरव कुमार महतो, सुधीर महतो, संदीप लोहरा, बिगेश्वर महतो, अजय राज आदि उपस्थित थे।

# जनता की समस्याओं को दूर करने का हरसंभव प्रयास करूंगा : सांसद

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** खूंटी प्रखंड की डाडीगुटू पंचायत के दुली खेल मैदान में सोमवार को आदिवासी कांग्रेस का गांव की ओर एक कदम सह सहायता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद कालीचरण मुंडा ने कहा कि जीत के बाद मैं आपके पास अपनों का प्यार पाने को उत्सुक होकर आने को मजबूर हो गया। उन्होंने स्वागत के लिए ग्रामीणों को धन्यवाद दिया और आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष विलसन तोपनो को जिम्मेदारी दी गयी कि जितने समस्याओं से संबंधित आवेदन हैं, वे ग्रामीणों से लेकर सांसद के आवासीय कार्यालय में जमा करे। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के कारण उन्होंने अधिक समय ग्रामीणों को नहीं दे पाने पर खेद व्यक्त किया और वादा किया कि अगली बार वे गांव-गांव जाकर अपनों से मुलाकात करेंगे। उहोंने जनता का धन्यवाद भी किया कि आपकी मेहनत का रंग है जो मैं आज सांसद के रूप में आपके बीच हूं। मौके पर आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष फुलचंद टुटी, रोबा गुड़िया, पाडेया मुंडा, हेलेन होरो, मगरीता खेस, इंदु अन्ना हस्सा, सुषमा भेंगरा, अनिता नाग, जेम्स तोपनो, शांता खाखा, पीटर मुंडू, विजय कुमार स्वांसी, दारू मुंडा, आदि मौजूद थे।

# हेमंत सरकार के कार्यकाल में पूरे राज्य में विकास ठप है : नीलकंठ सिंह मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** खूंटी के विधायक और भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि खूंटी की पावन धरती हमेशा से आंदोलनकारियों की भूमि रही है, चाहे आंदोलन आजादी का हो या कुरीतियों और भ्रष्टाचार के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार के कार्यकाल में पूरे राज्य में विकास ठप है। हर ओर भ्रष्टाचार का बोलबाला है। अपने पांच बार विधायक रहने के दौरान किये गये विकास कार्यों की जानकारी देते हुए विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत खूंटी में 303 सड़कों और एक लाख सात हजार प्रधानमंत्री आवासों का निर्माण पूरा कराया गया। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन तोरपा के विधायक कोचे मुंडा ने किया। कार्यक्रम में लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष पद्मभूषण कड़िया मुंडा, गणेश मिश्रा, दीपक प्रकाश, समीर उरांव, काशीनाथ महतो, आरती कुजूर, संजय साहू, पिंयांक भगत सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

### अपनी ताकत दिखाने में सफल रहे विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा

**खूंटी।** भाजपा की परिवर्तन यात्रा के बहाने खूंटी के विधायक और नीलकंठ सिंह मुंडा अपनी राजनीतिक ताकत दिखाने में सफल नजर आये। परिवर्तन यात्रा में खूंटी विघानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों और शहरी क्षेत्र आयी भीड़ को देखकर एक ओर जहां विधायक गदगद नजर आये, वहीं भाजपा के बड़े नेता भी संतुष्ट नजर आये। विधानसभा चुनाव के झारखंड प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्व शर्मा ने मंच से ही आनेवाले विधानसभा चुनाव में नीलकंठ सिंह मुडा को विजयी बनाने का आह्वान कर टिकट को लेकर जारी संस्पेंस को दूर कर दिया। ज्ञात हो कि लोकसभा चुनाव के दौरान विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा पर तटस्थ रहने के आरोप पार्टी के कुछ कार्यकताओं ने लगाये

थे और उनका कहना था कि इस बार किसे टिकट मिलेगा, यह निश्चत नहीं है। यह अलग बात है कि भाजपा की रायशुमारी के दौरान लगभग 80 फीसदी कार्यकर्ताओं ने नीलकंठ सिंह मुडा पर अपनी आस्था जताई थी। इसके बाद से ही यह तय माना जा रहा था कि नीलकंठ सिंह मुंडा ही छठी बार खूंटी विधानसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार होंगे।

# सीटू कार्यालय डकरा में मनायी गयी बलिराम सिंह की पांचवीं पुण्यतिथि

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** एनसीओइए सीटू कार्यालय डकरा मे युनियन के पूर्व जोनल सचिव कॉमरेड बलिराम सिंह की पांचवीं पुण्य तिथि मनायी गयी। श्रमिक प्रतिनिधियों ने सर्वप्रथम एक मिनट का मौन रखकर उनके आत्मा के शांति के लिए प्रार्थना किए। तत्पश्चात सभी ने उनके तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए जनता मजदूर संघ के सीसीएल अध्यक्ष सह जेसीएससी सदस्य कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि बलिराम सिंह मजदूर वर्ग के एक प्रखर लीडर थे। चाहे प्रबंधन के साथ टेबुल टॉक हो या मजदूरों के बीच बातो को रखना ये दोनो मे प्रवीण थे। हमलोगो को उनकी कमी खल रही है। सीटू के क्षेत्रीय सचिव शैलेश कुमार ने कहा कि हम उनके साथ काम करके ट्रेड युनियन के बहुत सारे गुर सीखे है, उनका कमी हमे बहुत खल रही है। उनका जाना हमारे यूनियन के लिए एक अपूरणीय क्षति है, अभी तक हमलोग उनकी कमी पुरा नही कर पाये है। सभा को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि बलिराम सिंह मेरे सगे चाचा थे। उनका जाना मेरा युनियन की क्षति तो है ही मेरा ब्यक्तिगत क्षति भी है। हमलोग उनके बताये गये रास्ते पर चल कर युनियन और देश का सेवा करेंगे। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से कमलेश कुमार सिंह, शैलेश कुमार, शैलेंद्र कुमार सिंह, उदय कुमार सिंह, राम प्रवेश राम,के एम तिवारी, बिनोद सतनामी, बदरुद्दीन, वासिम हसन, रिजवान आलम, मोहम्मद अली, दानिश गनी, मोहम्मद सरफराज, रवि शंकर सिंह, शारदा नंद उपाध्याय, श्रवण कुमार सहित युनियन के सदस्य उपस्थित थे।

# बिरसा कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग के छात्र-छात्राओं को दी गयी विदाई



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** बिरसा कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग में रविवार को समारोह का आयोजन कर स्नातक और स्नातकोत्तर के छात्रछात्राओं को विदाई दी गयी। मौके पर विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। प्रभारी प्राचार्या प्रो जी. किड़ो ने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी और विभाग के कार्यक्रम और विभिन्न गतिविधियों में सहभागिता की प्रशंसा की। स्टूडेंट ऑफ द इयर का खिताब सौरभ साहू को दिया गया। मिस्टर फोटोजेनिक अनमोल को तथा मिस फोटोजेनिक मुस्कान को चुना गया। वाउहैण्ड राइटिंग का टाइटल, सरोज तोपनो को मिला। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष प्रो जया भारती कुजूर ने छात्रों के सफल भविष्य की कामना की। विभाग के शिक्षक प्रो शीला और प्रो शिल्पी के साथ प्रो पुष्पा सुरीन, प्रो चंद्र किशोर भगत, प्रो पूनम माय तिउ, प्रो सुशीला, प्रो अस्मिता, प्रो रेशमा, प्रो अंजुलता, प्रो अतुल, प्रो निहाल, प्रो प्रतीक, ब्रजकिशोर, अनुज उपस्थित थे।

जितेंद्र, मनीष, जेम्स, अनामिका, सबन, प्रमोद, मनीषा आदिं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया।

# डीसी और विधायक ने विस्थापितों के साथ की बैठक, समस्याओं से हुए रूबरू





आजाद सिपाही संवाददाता

**ईचागढ़।** प्रखंड कार्यालय सभागार में सोमवार को आपदा से पीड़ित विस्थापितों के साथ विधायक सविता महतो कि उपस्थिति में उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला ने बैठक कर समस्याओं से अवगत हुए। बैठक में विस्थापितों ने उपायुक्त के समक्ष अपना दर्द बयां कर विस्थापितों का स्थाई समाधान का मांग किया। विस्थापितों ने जबरजस्त ढंग से अपनी मांगों को रखा। वहीं विस्थापित परिवारों के बीच आपदा राहत कीट का वितरण किया गया। विस्थापितों ने डैम का पानी नहीं पहुंचने वाले विस्थापित गांवों के ऊपरी हिस्से में आबुआ आवास, पीएम आवास का लाभ देने, आपदा प्रबंधन से क्षति का मुआवजा देने, विस्थापितों को संपूर्ण पुनर्वास, मुआवजा व नौकरी आदि का मांग किया। वहीं बीना पूर्व सुचना के चांडिल डैम का जलस्तर बढ़ाकर गांवों को डुबाने को लेकर लोगों ने गुस्सा का इजहार भी किया। वहीं उपायुक्त ने कहा कि आपदा पीड़ितों के साथ विधायक के नेतृत्व में बैठक किया गया और लोगों के बीच चावल, ब्लिचिंग, दवा, तीरपाल आदि राहत कीट का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन से क्षति का मुआयना कर मुआवजा का भूगतान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि आबुआ आवास योजना का भी विस्थापितों को लाभ दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि ये आपदा का प्रकोप है और चिन्हित कर आपदा से मुआवजा दिया जायेगा। वहीं विधायक सविता महतो ने कहा कि आपदा से लोगों को बहुत क्षति हुई है। उड़ीसा का डैम से भी पानी छोड़ा गया था, वहां भी सरकार की ओर से बात कर डैम का गेट बंद कराया गया। कहा कि चांडिल डैम का भी सभी गेटों को खोदवाया गया। कहा कि विस्थापितों के भावना के साथ हमेशा हम तत्पर है और जल संसाधन मंत्री से भी बात कर विस्थापितों के मुद्दा पर मांग किया जायेगा। मौके पर डीडीसी प्रभात कुमार बारदीयार, प्रमुख गुरूपद मार्डी, बीडीओ किकु महतो, सीओ दीपक प्रसाद, मुखिया राखोहरी सिंह मुंडा, ठाकुर दास मांझी, किशुन किस्कू, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष निताई उरांव, सचिव अभय यादव, घासीराम साहू, घनश्याम साहू सैकड़ों विस्थापित उपस्थित थे।

## अनुमंडल पदाधिकारी के रूप में किस्टो बेसरा ने पद्भार ग्रहण किया



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल पदाधिकारी के रूप में किस्टो बेसरा ने पदभार ग्रहण किया निवर्तमान अनुमंडल पदाधिकारी मोहनलाल मरांडी से पदभार लिया। अनुमंडल पदाधिकारी किस्टो बेसरा ने बताया कि पूरे अनुमंडल क्षेत्र में सरकारी निदेर्शों का शत प्रतिशत पालन किया जायेगा। इधर बार एसोसिएशन बुंडू ने निवर्तमान अनुमंडल पदाधिकारी मोहनलाल मरांडी और नये अनुमंडल पदाधिकारी किस्टो बेसरा को शाल ओढ़ाकर एवं गुलदस्ता देकर स्वागत किया। इस मौके पर भूमि सुधार पदाधिकारी छवि बरला एवं बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामचरण महतो, महासचिव शिव शंकर महतो, कोषाध्यक्ष अनूप जायसवाल, दुर्गा राय, रितेश जायसवाल सहित अनुमंडल कार्यालय के पदाधिकारी उपस्थित थे।


उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा
(सामान्य शाखा)

विज्ञापन संख्या–01/2024
आवश्यक सूचना

उपायुक्त लोहरदगा की अध्यक्षता में आहूत जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक में लिये गये निर्णयानुसार लोहरदगा जिला अन्तर्गत चौकीदार के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु प्रकाशित विज्ञापन सं0 1/2024 में योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवारों हेतु लिखित परीक्षा की तिथि दिनांक 28.09.2024 को निर्धारित की गई है।

उक्त के सदर्भ में सभी अभ्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 22.09.2024 से अपने संबधित बिट के अंचल कार्यालय से परीक्षा के 01 (एक) दिन पूर्व तक प्रवेश–पत्र प्राप्त कर सकेंगे एवं वैसे अभ्यर्थियों जो प्रवेश प्रत्र अपने अंचल से नही प्राप्त कर पाये है वे परीक्षा के एक घंटे पूर्व तक समाहरणालय से प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकेंगे।

अभ्यर्थी न्यिुक्ति से संबधित अद्यतन जानकारी जिला के अधिकृत वेबसाईट www.lohardaga.nic.in एवं जिला सामान्य शाखा, समाहरणालय लोहरदगा से प्राप्त की जा सकती है।

वरीय पदाधिकारी,–सह–
अपर समाहर्त्ता,लोहरदगा।

PR 336815 (Lohardaga) 24-25 (D)

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची)
कार्यालय-भूमि संरक्षण पदाधिकारी, कोडरमा
जिला संयुक्त कृषि कार्यालय, कोडरमा
E-Mail ID- chatrasco@gmail.com

आम सूचना

राज्य योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 एवं 2025–26 में कृषक, कृषक समूहों, महिला स्वयं सहायता समूहो, पानी पंचायतों जलछाजन समितियों, पैक्स–लैम्पस एवं अन्य संगठन को ट्रैक्टर एवं सहायक कृषि यंत्रों के अनुदानित दर पर वितरण हेतु''मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना''हेतु **आवेदन आमंत्रण की सूचना।**

विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0–53 दिनांक 16.08.2024 द्वारा वित्तीय वर्ष 2024–25 एवं 2025–26 में राज्य योजना अन्तर्गत पानी पंचायत, जलछाजन समितियों, महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों/लैम्स/पैक्स एवं अन्य कृषक संगठनों को मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजनान्तर्गत एक बड़ा ट्रैक्टर एवं इस के साथ कम से कम दो कृषि यंत्रो के क्रय करने पर कुल पैकेज राशि 10.00 लाख में बड़े ट्रैक्टर पर अधिकतम 50 प्रतिशत एवं दो कृषि यंत्रो के क्रय करने पर अधिकतम अनुदान 80 प्रतिशत देय होगा परन्तु कुल अधिकतम अनुदान 5.00 लाख (पांच लाख) रूपये ही देय होगा। साथ ही साथ वैसे कृषक समूह जिनके पास बड़े ट्रैक्टर पूर्व से उपलब्ध है एवं केवल कृषि यंत्र प्राप्त करने हेतु कृषि यंत्र की लागत का 80 प्रतिशत या अधिकतम अनुदान की राशि 2.00 (दो लाख) देय होगा। इससे अधिक राशि होने पर कृषक अपना अतिरिक्त अंशदान दे कर कृषि यंत्र प्राप्त कर सकते है। मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना हेतु निर्धारित आवेदन प्रारूप में जिले के कृशकों को आवेदन करने के लिए आमत्रिंत किया जाता है। दिनांक 07.10.2024 संध्या 05.00 बजे तक भूमि संरक्षण कार्यालय, कोडरमा से आवेदन फार्म पूर्ण रूपेण भर कर आवश्यक कागजात के साथ जमा कर सकते हैं।

**मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना का पैकेज तैयार करने हेतु ट्रैक्टर एवं सहायक कृषि यंत्रो की सूची एवं अनुदान निम्न प्रकार से होगी**

| S. N. | Details Of Machines | Package Cost | Target | Subsidy &Condition |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Tractor (34.0-40.0 Max PTO HP Ps) Approved Model Tested by FMTTI, With Standard Tool Kit, Seat, Hitch, Hood, Drawbar Attachment, Insurance, Registration, GPS Attachment etc.& 2 Agriculture Implements. | Rs. 10.00 lakh | OSP 50 | -One Tractor With Minimum Two Implements From S. No- 02 To 12 Have To Be Taken In Tractor Package. -Maximum Subsidy On Tractor @50% & On Agriculture Imlements @ 80% Of Quoted L-1 Prices As Per EoI. -Farmers Group Maximum Subsidy On Tractor Package Will Be Rs 5.00 Lakh |
| 02 | Rotavator (4'-6') | Rs. 3.00 Lakh | OSP-30 | Any Farmer Group Having Tractor And Need extra Imlement They can Get Subsidy @ 80% Or Maximum Rs. 2.00 Lakh Whechever Is Minimum Of Quoted L-1 Price As Per EoI. |
| 03 | Cultivator (7-13 Tyne) | | | |
| 04 | Disc Harrow (11-18 Disc) | | | |
| 05 | Ridger/ Trencher/ Auger (Tractor Drawn) | | | |
| 06 | Zero Tillage Drill/Seed Cum Fertilizer Drill | | | |
| 07 | Cage Wheel Pair (Compatible to Above PTO HP Tractor) | | | |
| 08 | Wheat Thresher (Tractor Drawn) | | | |
| 09 | Multicrop thresher ( tractor drawn) | | | |
| 10 | Paddy Thresher (tractor drawn) | | | |
| 11 | Power Maize Thresher / Maize dehusker Cum sheller (T.D) | | | |
| 12 | MB plough (2 Bottom) | | | |

1. जिन समूहों के सदस्यों में से कम से कम किसी एक सदस्य के पास ट्रैक्टर/वाहन (LMV) चालन का वैध लाईसेंस होगा एवं समूह के पास खेती योग्य 10 एकड़ से अधिक (प्रमाण पत्र अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत ) भूमि होगी, उसे प्राथमिकता दी जायेगी।
2. जिले को प्राप्त भौतिक लक्ष्य का 50 प्रतिशत स्थानीय क्षेत्रीय माननीय विधायक के अनुंशसा को प्राथमिकता देते हुए जिला स्तरीय गठित चयन समिति द्वारा स्वीकृत किया जायेगा।
3. जिन महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल एवं कृषक समूहों को पूर्व में कृषि विभाग द्वारा कृषि उपकरण बैंक स्थापना या अन्य किसी योजना केन्द्र प्रायोजित योजना या राज्य योजना के माध्यम से उपरोक्त योजना का लाभ प्रदान किया जा चुका है उनकी पात्रता इस योजना के लिए मान्य नही होगी।

**नोट :– विशेष जानकारी के लिए अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।**

भूमि संरक्षण पदाधिकारी
कोडरमा

PR 336701 Agriculture, Animal Husbandry
And Co-opretive Department (24-25)_D

## खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने दो योजनाओं का किया शिलान्यास



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने सोमवार को जनबाद्ध निधि से स्वीकृत दो पथ योजनाओं का शिलान्यास किया। जिसमें बरगावां पंचायत में 1380 फीट पीसीसी पथ और महुआ टोली के अमेठिया नगर में 3130 फीट पीसीसी पथ निर्माण कार्य शामिल है। विधायक ने कहा कि सभी योजनाएं गुणवत्तापूर्ण तरीके से समय पर पूरी हो। इस मौके पर मुखिया अनिता तिर्की, कृष्णा गोप, अरुण गोप, मुरलीधर कुमार, सामु बेक, राजेश नायक आदि उपस्थित थे।

## करमा सह जितिया मिलन समारोह का आयोजन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चायबगान में खिजरी विधानसभा स्तरीय करमा सह जितिया मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें खिजरी विधायक राजेश कच्छप, झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन सिंह एवं पूर्व रांची लोकसभा प्रत्याशी यशस्विनी सहाय उपस्थित हुए। इस अवसर पर महिलाओं ने विधानसभा चुनाव में खिजरी विधायक राजेश कच्छप को जीत दिलाने के लिए मजबूती के साथ खड़े रहने की अपील की। मौके पर खिजरी विधायक की पत्नी रिया तिर्की, जिला अध्यक्ष मेरी तिर्की, प्रदेश महासचिव मीनू सिंह, प्रखंड अध्यक्ष अनु बेक, अनीता सिंह, सरित देवी, रीना सांगा, शहनवाज, नीतू पासवान, अंजू लकड़ा आदि उपस्थित थीं।

## भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा को लेकर खिजरी मंडल की बैठक में चर्चा



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** भाजपा खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा की अध्यक्षता में सोमवार को कार्यसमिति की बैठक रामपुर में हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में रांची ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल बड़ाईक उपस्थित थे। बैठक में परिवर्तन सभा को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस सभा में खिजरी मंडल से भारी संख्या में कार्यकर्ता एवं जनता की उपस्थिती को लेकर चर्चा की गई। प्रभुदयाल बड़ाईक ने 30 सितंबर को टाटीसिलवे के ईईएफ मैदान में होने वाली परिवर्तन सभा को सफल बनाने एवं बूथ स्तर पर तैयारी करने की बात कही। बैठक में मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा, जिप सदस्य रामअवतार केरकेट्टा एवं भाजपा नेता शंकर सिंह मुंडा ने भी संबोधित किया। मौके पर समीर राय, तुलसी गोप, प्रज्ञा भारती, मीनू सिंह, शिल्पी शालिनी, रुपा सिंह चैहान, सुरेश मुंडा, जयनाथ महतो, कैलाश महतो, बुद्धू पाहन, सुषमा देवी, सावन लोहरा, सोहराई पाहन, राजू लकड़ा, विमल तिर्की आदि उपस्थित थे।

## सीआइटी में इन्नोवेटिव मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** इंजीनियर्स डे के अवसर पर सोमवार को कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (सीआइटी) में इनोवेटिव मॉडल एग्जिवीशन का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों द्वारा बनाये गये एक से बढ़ कर एक मॉडलों को प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी में दिखाये गए कस्टस विगिल वॉलेट जो की अंधे, दिव्यांगों को ध्यान में रख कर बनाया गया, को लोगों ने खूब सराहा। इसके अलावा प्रदर्शनी में स्मार्ट डिटेक्सन सिस्टम, स्मार्ट इर्रिगेशन सिस्टम, इन्नोवाटिव अर्थ क्वेक रेजिस्टन्स, सोलर सिस्टम पर आधारित नायाव यंत्रों आदि को प्रदर्शित किया गया। संस्थान के रिसर्च एंड डेवलोपमेंट विंग कोर्डिनेटर डॉ रितेश कुमार ने बताया कि प्रदर्शनी में सभी ब्रांच के विद्यार्थियों ने भाग लिया है। इसमें चुने गये सर्वश्रेष्ठ तीन मॉडलो का निर्माण करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जायेगा। प्राचार्य डॉ एल रंगनाथन, वाईस प्रिंसिपल प्रो रशिका नवनीत सिंह, डिप्टी रजिस्ट्रार मनीष नाथ, परीक्षा नियंत्रक डॉ विजय शंकर सिंह, डॉ रणवीर कुमार, प्रो अरशद उश्मानी, प्रो दीपक कुमार आदि शिक्षकों ने प्रदर्शनी का मुआयना कर प्रतिभागी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के रिसर्च एंड डेवलपमेन्ट सेल द्वारा किया गया था।

## रातू सीएचसी में लगी डायलिसिस मशीन का विधायक नवीन जायसवाल ने किया उद्घाटन

**रातू (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को डायलिसिस यूनिट (हंस रीनल केयर) और अल्ट्रासोनोग्राफी कक्ष का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन विधायक नवीन जायसवाल ने किया। इस अवसर पर अस्पताल में आयुष्मान आरोग्य शिविर का भी आयोजन किया गया था, जिसमें ग्रामीणों को इलाज, दवा एवं जांच के साथ आवश्यक परामर्श दिये गये। सीएचसी में डायलिसिस के तीन मशीन लगाये जाने से रातू प्रखंड समेत अन्य एवं प्रखंडों के मरीजों एवं जरूरतमंदों को लाभ मिलेगा। किडनी के मरीजों के लिए यह किसी वरदान से कम नहीं है। वहीं, अल्ट्रासोनोग्राफी चालू होने से गर्भवती महिलाओं का निःशुल्क जांच होगा। उधर, यूनिट कक्ष के उद्घाटन के बाद पहले दिन तीन मरीजों का इलाज किया गया। इस मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत, उप-प्रमुख रियाजुल अंसारी, जेम्स खलखो, क्षेत्रिय उप निदेशक डॉ बिनोद कुमार, सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुजीत कुमार कश्यप, डॉ आईएस होरो, डॉ ज्योत्स्ना, जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रवीण सिंह, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक वैशाली कृष्णा, लेखा पदाधिकारी अभिषेक कुमार तिवारी, शिव पूजन साहू, संसद प्रतिनिधि अमित कुमार, प्रकाश गोप, मो सालिक, प्रभात रंजन, प्रवीण कुमार आदि मौजूद थे।

## मार्गदर्शन कोचिंग सेंटर का शुभारंभ

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के टुन्डाहोली में मार्गदर्शन कोचिंग सेंटर का शुभारंभ हुआ। इसका उद्घाटन जेबीकेएसएस के केंद्रीय संगठन मंत्री सरवन कुमार महतो ने किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह के कोचिंग सेंटर ग्रामीण बच्चों की शिक्षा को मजबूती प्रदान करने का सशक्त माध्यम है। इस मौके पर पंसस रीना मुंडा, जेबीकेएसएस प्रखंड अध्यक्ष रामसेवक महतो, प्रखंड सचिव राहुल महतो, विधायक प्रतिनिधि हरिमोहन महतो, ग्राम प्रधान सुरेश मुंडा, भीम महतो, बनेश मुंडा और कैलाश महतो आदि उपस्थित थे।

### विनोद बिहारी महतो की जयंती मनायी गयी

# सभी को मिलकर विनोद बाबू के सपनों का झारखंड बनाना है: रामकुमार पाहन

आजाद सिपाही संवाददाता



स्व विनोद बिहारी महतो की 101वीं जयंती पर आयोजित सभा को संबोधित करते पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी और अन्य।

**अनगड़ा।** प्रखंड के चतरा पंचायत में सोमवार को झारखंड अलग राज्य आंदोलन के प्रणेता और झारखंड पितामह विनोद बिहारी महतो की 101वीं जयंती समारोह पूर्वक मनायी गयी। इस अवसर पर पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ने कहा कि झारखंड अलग राज्य की कल्पना 1935 में जयपाल सिंह मुंडा ने किया था। इसको साकार करने के लिए विनोद बिहारी महतो ने आंदोलन की बुनियाद रखी थी। जिसे तत्कालिक प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई, सांसद रामटहल चौधरी, कड़िया मुंडा आदि ने इसे मुर्त देने का काम किया था। उन्होंने कहा कि हम सभी को मिल कर विनोद बिहारी के सपनों का झारखंड बनाना है। वहीं, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने कहा कि पढ़ो और लड़ो का नारा देने वाले बिनोद बाबू ने अलग राज्य के लिए आंदोलन चलाया था। इसके लिए उन्होंने पार्टी भी बनायी, पर पार्टी गलत हाथों में चली गयी। मौके पर रांची विश्वविद्यालय के पूर्व रजिस्ट्रार डॉ अमर कुमार चौधरी, डॉ कुमुदकला मेहता, भाजपा नेता रणधीर चौधरी, जैलेंद्र कुमार, मानकी राजेंद्र शाही, सत्यदेव मुंडा, सुरेंद्र महतो, अजय महतो, महिला आजसू अध्यक्ष वीणा देवी, जितेंद्र सिंह, राजेश मिश्रा, सुषमा बड़ाइक, उमेश बड़ाइक, सोहन मुंडा, रामनाथ महतो, सखीचंद महतो, राजेन्द्र महतो, किष्टो कुजुर, अजय भोगता, कांशीनाथ महतो, रोहित महतो, रमेश मुंडा, सुकुल महतो, वसंत महतो आदि मौजूद थे।

## बेड़ो पुलिस ने की कार्रवाई, ट्रक में लदे 37 गौवंशियों को कराया मुक्त, एक गिरफ्तार

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए सोमवार को बेड़ो महावीर चौक के समीप सुबह आठ बजे ट्रक में लादकर अवैध तरीके से ले जा रहे 37 गौवंशीय पशुओं को तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया। लगे हाथ एक आरोपी को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसे लेकर बेड़ो थाना में एक प्राथमिकी दर्ज की गयी है। वहीं बेड़ो थाना प्रभारी नकुल साह ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि ट्रक में अवैध रूप से तस्करी के लिए गौवंशीय पशुओं को ठूंस कर ले जाया जा रहा है। इसके बाद थाना प्रभारी के नेतृत्व में सदल बल छापामारी अभियान चलाया गया। इसी दौरान रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर बेड़ो थाना क्षेत्र के महावीर चौक के समीप पुलिस ने एक 12 चक्का ट्रक को रोका। तलाशी लेने पर 37 गौवंशीय पशुओं को बरामद किया गया, जिसके बाद पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया। साथ ही आरोपी रांची जिले के चान्हों थाना अंतर्गत पंडरी गांव निवासी मोजिद अंसारी को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ विभिन्न धाराओं से तहत मामला दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पशुओं को तत्सकी के लिए छत्तीसगढ़ से रांची जिले के नगड़ी ले जाया जा रहा था। उधर, गोवंशीय पशु को बरामदगी की सूचना पर पशु चिकित्सक सभी पशुओं का परीक्षण किये। वहीं बेड़ो पुलिस पशु तस्करों के खिलाफ कार्रवाई में जुट गई है।

## अबुआ आवास योजना में रिश्वतखोरी के प्रतिवाद में धरना

**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के इचापीड़ी गांव के अभिवंचित वर्ग के लोगों ने भाजपा नेता कमलेश राम के नेतृत्व में कांके प्रखंड मुख्यालय में बीडीओ कार्यालय के समक्ष अबुआ आवास योजना में रिश्वतखोरी को लेकर धरना दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रखंड मुख्यालय की मिली भगत से रकम वसूल कर लाभुकों का चयन किया गया है।

## स्थानीय सूचना

### प्रपत्र VI 'क'

### झारखण्ड सरकार, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग (भू-अर्जन निदेशालय) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

**प्रारंभिक अधिसूचना**

**(अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)**

संख्या–794/भू0अ0 दिनांक–13/09/2024

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता, कोडरमा को यह प्रतीत होता है, कि ग्राम–कटहाडीह थाना–जयनगर, थाना सं0–71, अंचल–जयगनर, जिला–कोडरमा में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा तिलैया से बगड़ो भाया जयनगर पथ के पुर्ननिर्माण हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है।

अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–कटहाडीह थाना–जयनगर, थाना सं0–71, अंचल–जयगनर, जिला–कोडरमा में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश–1.7740 ए0 यानि 0.7179 हेक्टेयर मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है............

ग्राम–कटहाडीह थाना–जयनगर, थाना सं0–71, अंचल–जयगनर, जिला–कोडरमा।

| क्रम सं0 | खाता नं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | सर्वे किस्म (भूमि का प्रकार) | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 1 | 1139 | बकास्त/रैयती | टांड दो | 0.0150 | बकास्त लगान पाने वाला | प्लॉट 1139 अंश | रास्ता | प्लॉट 1138 | प्लॉट 1177 |
| 2 | 1 | 1177 | बकास्त/रैयती | टांड एक | 0.0070 | | प्लॉट 1177 अंश | रास्ता | प्लॉट 1139 | प्लॉट 1178 |
| 3 | 1 | 1178 | बकास्त/रैयती | टांड एक | 0.0070 | | प्लॉट 1178 अंश | रास्ता | प्लॉट 1177 | प्लॉट 1179 |
| 4 | 8 | 998 | रैयती | धान खेत तीन | 0.0220 | जमइअत खां दो हिस्सो वो नजीब खां दो हिस्सा बाबर अली खां एक हिस्सा वो रहमली खां एक हिस्सा पेशरान भीखा खां कौम–पठान सा0–देह। | प्लॉट 998 अंश | रास्ता | प्लॉट 999 | प्लॉट 998 अंश |
| 5 | 8 | 999 | रैयती | टांड तीन | 0.0320 | | प्लॉट 999 अंश | रास्ता | प्लॉट 1000 | प्लॉट 998 |
| 6 | 8 | 1264 | रैयती | टांड तीन | 0.0030 | | प्लॉट 1263 | प्लॉट 1265 | रास्ता | प्लॉट 1264 अंश |
| 7 | 8 | 1265 | रैयती | टांड एक | 0.0240 | | प्लॉट 1265 अंश | रास्ता | रास्ता | प्लॉट 1266 |
| 8 | 8 | 1266 | रैयती | टांड तीन | 0.0120 | | प्लॉट 1266 अंश | रास्ता | प्लॉट 1265 | प्लॉट 1267 |
| 9 | 8 | 1267 | रैयती | टांड तीन | 0.0030 | | प्लॉट 1267 अंश | रास्ता | प्लॉट 1266 | प्लॉट 1272 |
| 10 | 11 | 152 | रैयती | टांड तीन | 0.0020 | मुशमात नजीआ जौजे तुराव खां कौम–पठान सा0–देह। | प्लॉट 152 अंश | रास्ता | प्लॉट 153 | प्लॉट 151 |
| 11 | 11 | 1634 | रैयती | टांड तीन | 0.0050 | | प्लॉट 1634 अंश | रास्ता | प्लॉट 1633 | प्लॉट 1635 |
| 12 | 13 | 1114 | रैयती | टांड दो | 0.0190 | नुर महम्मद वल्द दौलत खां एक हिस्सा वो अमील खां वो हबील मोहम्मद खां पेशरान अंबर खां एक हिस्सा बहिस्सा बराबर कौम–पठान साकिन– देह। | प्लॉट 1114 अंश | रास्ता | प्लॉट 1098 | प्लॉट 1115 |
| 13 | 20 | 1797 | रैयती | टांड दो | 0.0040 | रामचन्द्र मोदी वल्द धुनु मोदी वो मसोमात बुधनी जौजे नुन मोदी कौम–बनिया सा0–देह बहिस्सा बराबर। | रास्ता | प्लॉट 1797 अंश | प्लॉट 1798 | प्लॉट 1795 |
| 14 | 21 | 97 | रैयती | टांड तीन | 0.0780 | लदु मोदी वल्द टिको मोदी काम–बनिया साकिन–देह। | प्लॉट 97 अंश | रास्ता | प्लॉट 98 | सिमाना |
| 15 | 22 | 1792 | रैयती | टांड दो | 0.0030 | लदु मोदी वल्द टिको मोदी कौम–बनिया साकिन–देह। | रास्ता | प्लॉट 1792 अंश | प्लॉट 1795 | प्लॉट 1790 |
| 16 | 23 | 163 | रैयती | अहरी | 0.0090 | लदु मोदी वल्द टिको मोदी एक हिस्सा वो रामचन्द्र मोदी वल्द धनु मोदी वो मसोमात बुधनी जौजे–नुनु मोदी एक हिस्सा बहिस्सा बराबर वो दर्शन मोदी बल्द बन्धु मोदी एक हिस्सा जाति बनिया सा0–देह। | प्लॉट 163 अंश | रास्ता | प्लॉट 163 अंश | प्लॉट 157 |
| 17 | 24 | 1179 | रैयती | टांड दो | 0.0180 | हरचन्द मोदी वो दिपलाल मोदी पेशरान–हुलो मोदी वो भीखो वो कारू पेशरान बिहारी कॉम–बनिया सा0–देह | प्लॉट 1179 अंश | रास्ता | प्लॉट 1178 | प्लॉट 1182 |
| 18 | 26 | 105 | रैयती | टांड तीन | 0.0550 | हुली गोप वल्द धनी गोप कौम–गोवाला साकिन–देह। | प्लॉट 105 अंश | रास्ता | प्लॉट 151 | प्लॉट 106 |
| 19 | 26 | 1137 | रैयती | टांड दो | 0.0070 | | प्लॉट 1137 अंश | रास्ता | प्लॉट 1134 | प्लॉट 1138 |
| 20 | 29 | 1745 | रैयती | परती कदीम | 0.0330 | उमर खां वो शुराब खां पेशरान वारिश खां दो हिस्सा बहिस्सा बराबर वो तालेवर खां वो लतीफु खां पेशरान मुराद खां एक हिस्सा बहिस्सा बराबर कौम–पैठान | रास्ता | प्लॉट 1745 अंश | प्लॉट 1746 | प्लॉट 1736 |
| 21 | 29 | 1747 | रैयती | टांड दो | 0.0050 | | रास्ता | प्लॉट 1747 अंश | प्लॉट 1747 अंश | प्लॉट 1746 |
| 22 | 33 | 1129 | रैयती | टांड दो | 0.0120 | कारू खां वल्द–अमरली खां कौम–पैठान सा0–देह। | प्लॉट 1129 अंश | रास्ता | प्लॉट 1127 | प्लॉट 1132 |
| 23 | 36 | 1121/1806 | रैयती | टांड दो | 0.0040 | करमली खां वो नुर महमद खां वो चुमन खां पेशरान जमाल खां काम–पैठान सा0–देह बहिस्सा बराबर। | प्लॉट 1121 | रास्ता | प्लॉट 1120 | रास्ता |
| 24 | 44 | 1537 | बकास्त/रैयती | धान खेत तीन | 0.0010 | बकास्त लगान पाने वाला बाबर अली खां खेवट नं0–2/5 | प्लॉट 1537 अंश | रास्ता | प्लॉट 1536 | प्लॉट 1538 |
| 25 | 44 | 1545 | बकास्त/रैयती | धान खेत तीन | 0.0020 | | प्लॉट 1545 अंश | रास्ता | प्लॉट 1544 | प्लॉट 1546 |
| 26 | 46 | 1536 | बकास्त/रैयती | धान खेत तीन | 0.0150 | बकास्त लगान पाने वाला जमइअत खां खेवट नं0–2/6 | प्लॉट 1534 | प्लॉट 1537 | रास्ता | प्लॉट 1536 अंश |
| 27 | 46 | 1538 | बकास्त/रैयती | टांड दो | 0.0070 | | प्लॉट 1538 अंश | रास्ता | प्लॉट 1537 | प्लॉट 1541 |
| 28 | 49 | 1544 | बकास्त/रैयती | धान खेत तीन | 0.0040 | बकास्त लगान पाने वाला लाटो खां खेवट नं0–2/7 | प्लॉट 1544 अंश | रास्ता | प्लॉट 1541 | प्लॉट 1545 |
| 29 | 54 | 1541 | बकास्त/रैयती | धान खेत तीन | 0.0050 | बकास्त लगान पाने वाला रहमली खां खेवट नं0–2/9 | प्लॉट 1541 अंश | रास्ता | प्लॉट 1538 | प्लॉट 1544 |
| 30 | 58 | 1795 | रैयती | टांड दो | 0.0020 | दर्शन मोदी वल्द–बन्धु मोदी कॉम–बनिया साकिन–देह। | रास्ता | प्लॉट 1795 अंश | प्लॉट 1797 | प्लॉट 1792 |
| 31 | 61 | 1731 | बकास्त/रैयती | टांड तीन | 0.0370 | बकास्त लगान पाने वाला खेवट नं0–2/11 | रास्ता | प्लॉट 1731 अंश | प्लॉट 1732 | प्लॉट 1730 |
| 32 | 64 | 1730 | बकास्त/रैयती | टांड तीन | 0.1790 | बकास्त लगान पाने वाला खेवट नं0–2/12 | रास्ता | प्लॉट 1730 अंश | प्लॉट 1731 | रास्ता |
| 33 | 65 | 158 | रैयती | टांड तीन | 0.0190 | कारू मोदी वल्द–भीखारी मोदी कोम–बनिया सा0–देह। | रास्ता | प्लॉट 158 अंश | रास्ता | सिमाना |
| 34 | 65 | 159/1815 | रैयती | टांड तीन | 0.0710 | | रास्ता | प्लॉट 1815 अंश | प्लॉट 160 | रास्ता |
| 35 | 67 | 160/1816 | रैयती | टांड तीन | 0.0590 | बुधन मोदी वल्द–बेनी मोदी कौम–बनिया सा0–देह। | रास्ता | प्लॉट 1816 अंश | सिमाना | प्लॉट 160 |
| 36 | 72 | 1097 | रैयती | टांड दो | 0.0210 | मु0 रुनिया जौजे–मुसाहिब खां कौम–पेठान सा0–देह। | प्लॉट 1097 अंश | रास्ता | सिमाना गोदखर | प्लॉट 1098 |
| 37 | 74 | 1098 | बकास्त/रैयती | टांड दो | 0.0180 | बकास्त लगान पाने वाले जनाबअली खां खवट नं0–2/13 | प्लॉट 1098 अंश | रास्ता | प्लॉट 1097 | प्लॉट 1114 |
| 38 | 74 | 1732 | बकास्त/रैयती | टांड दो | 0.0700 | | रास्ता | प्लॉट 1732 अंश | रास्ता | प्लॉट 1731 |
| 39 | 76 | 1120 | रैयती | मकान एक सहन एक | 0.0100 | दुखन पासी वल्द– लखीद पासी कौम– पासी सा0–देह। | प्लॉट 1121 | रास्ता | प्लॉट 1119 | प्लॉट 1126 |
| 40 | 76 | 1121 | रैयती | टांड दो | 0.0020 | | प्लॉट 1121 अंश | रास्ता | प्लॉट 1120 | रास्ता |
| 41 | 79 | 1272 | बकास्त/रैयती | टांड दो | 0.0220 | बकास्त लगान पाने वाला | प्लॉट 1272 अंश | रास्ता | प्लॉट 1267 | प्लॉट 1275 |
| 42 | 81 | 1746 | रैयती | टांड दो | 0.0160 | उमर खां वो शुराब खां पेशरान वारिश खां दो हिस्सा बहिस्सा बराबर वो तालेवर खां वो लतीफु खां पेशरान मुराद खां एक हिस्सा बहिस्सा बराबर कौम–पैठान | रास्ता | प्लॉट 1746 अंश | प्लॉट 1747 | प्लॉट 1745 |
| 43 | 87 | 1118 | रैयती | टांड दो | 0.0050 | दुखन पासी वल्द–नखीद पासी कौम–पासी सा0–देह। | प्लॉट 1118 अंश | रास्ता | प्लॉट 1115 | प्लॉट 1119 |
| 44 | 87 | 1119 | रैयती | मकान एक सहन एक | 0.0070 | | प्लॉट 1119 अंश | रास्ता | प्लॉट 1118 | प्लॉट 1120 |
| 45 | 95 | 156 | रैयती | टांड तीन | 0.0220 | बढ़न वल्द–गोन्दो गोप कौम–गोवाला सा0–देह। | प्लॉट 156 अंश | रास्ता | प्लॉट 157 | रास्ता |
| 46 | 95 | 1138 | रैयती | टांड दो | 0.0070 | | प्लॉट 1138 अंश | रास्ता | प्लॉट 1137 | प्लॉट 1139 |
| 47 | 96 | 1798 | रैयती | टांड दो | 0.0040 | हुसैन खां वल्द–परमेज खां एक हिस्सा वो मदि खां वल्द–नाजर खां एक हिस्सा वो लालमिर खां वो हुली खां पेशरान–करमली खां एक हिस्सा बहिस्सा बराबर कौम–पैठान सा0–देह। | रास्ता | प्लॉट 1798 अंश | सिमाना गोदखर | प्लॉट 1797 |
| 48 | 108 | 1000 | बकास्त/रैयती | बाग आम टांड दो | 0.0390 | बकास्त लगान पानेवाला खेवट नं0–2/20 | प्लॉट 1000 अंश | रास्ता | रास्ता | प्लॉट 999 |
| 49 | 114 | 1781 | रैयती | टांड तीन | 0.0630 | गुजवली खां वल्द–भिखारी खां कौम–पैठान सा0–देह। | रास्ता | प्लॉट 1781 अंश | प्लॉट 1782 | रास्ता |
| 50 | 118 | 151 | रैयती | टांड तीन | 0.1100 | नुर महमद खां वल्द–दौलत खां कौम–पैठान साकिन–देह। | प्लॉट 151 अंश | रास्ता | प्लॉट 152 | प्लॉट 105 |
| 51 | 118 | 1633 | रैयती | टांड तीन | 0.0030 | | प्लॉट 1633 अंश | रास्ता | प्लॉट 1593 | प्लॉट 1634 |
| 52 | 126 | 1133/1887 | रैयती | टांड एक | 0.0170 | नुनु दुसाध वो बिसुन दुसाध पेशरान नेमन दुसाध कौम–दुसाध साकिन–देह बहिस्सा बराबर। | प्लॉट 1817 अंश | रास्ता | प्लॉट 1132 | प्लॉट 1134 |
| 53 | 127 | 1127 | रैयती | टांड दो | 0.0210 | दुखन पासी वल्द निखिद पासी कौम–पासी सा0–देह | प्लॉट 1127 अंश | रास्ता | रास्ता | प्लॉट 1129 |
| 54 | 128 | 1641 | रैयती | धान खेत | 0.0300 | नुनु दुसाध वो बिसुन दुसाध पेशरान नेमन दुसाध कौम–दुसाध साकिन–देह बहिस्सा बराबर। | प्लॉट 1641 अंश | रास्ता | प्लॉट 1639 | रास्ता |
| 55 | 133 | 98 | रैयती | टांड तीन | 0.0830 | दर्शन मोदी वल्द–बन्धु मोदी कौम–बनिया साकिन–देह | प्लॉट 98 अंश | रास्ता | प्लॉट 106 | प्लॉट 97 |
| 56 | 141 | 160 | रैयती | टांड तीन | 0.1540 | दुली मोदी वल्द बालो मोदी कोम–बनिया साकिन–देह। | रास्ता | प्लॉट 160 अंश | प्लॉट 1816 | प्लॉट 1815 |
| 57 | 141 | 161 | रैयती | मकान दो सहन एक | 0.0350 | | रास्ता | प्लॉट 160 | प्लॉट 160 | प्लॉट 160 |
| 58 | 144 | 106 | रैयती | टांड तीन | 0.0460 | दुली गोप वल्द–मोती गोप कौम–गोवाला सा0–देह। | प्लॉट 106 अंश | रास्ता | प्लॉट 105 | प्लॉट 98 |
| 59 | 144 | 157 | रैयती | टांड तीन | 0.0280 | | प्लॉट 157 अंश | रास्ता | प्लॉट 163 | प्लॉट 156 |
| 60 | 145 | 1182 | रैयती | टांड दो | 0.0200 | हरचन्द मोदी वल्द दुलो मोदी वो भिखो मोदी वो कारू मोदी पेशरान–बिहारी मोदी कौम–बनिया सा0–देह। | प्लॉट 1182 अंश | रास्ता | प्लॉट 1179 | प्लॉट 1183 |
| 61 | 146 | 1737 | रैयती | टांड दो | 0.0950 | अनहच राणा पिता–चितन राणा जाति–बढही साकिन–देह | रास्ता | प्लॉट 1737 अंश | प्लॉट 1738 | रास्ता |
| 62 | 146 | 1738 | रैयती | टांड एक | 0.0060 | | प्लॉट 1736 | प्लॉट 1738 अंश | प्लॉट 1736 | प्लॉट 1737 |
| 63 | 151 | 1134 | रैयती | टांड दो | 0.0120 | बालकी मियां वल्द मदु मियां कौम–जोलहा साकिन– देह। | प्लॉट 1134 अंश | रास्ता | प्लॉट 1133 | प्लॉट 1137 |
| 64 | 156 | 1534 | | | 0.0060 | अज्ञात | प्लॉट 1534 अंश | प्लॉट 1536 | प्लॉट 1533 | प्लॉट 1535 |
| 65 | 158 | 1115 | | | 0.0160 | अमर खां वल्द दुलदी खां कौम–पेठान साकिन–देह। | प्लॉट 1115 अंश | रास्ता | प्लॉट 1114 | |
| 66 | 158 | 1635 | रैयती | टांड तीन | 0.0000 | | प्लॉट 1635 अंश | रास्ता | प्लॉट 1634 | प्लॉट 1637 |
| 67 | 159 | 1275 | | | 0.0060 | अज्ञात | प्लॉट 1275 अंश | रास्ता | प्लॉट 1272 | प्लॉट 1273 |
| | | | कुलः– | | 1.7740 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम –2013 (अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के उपबंधो के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, कोडरमा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा–12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, कोडरमा और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा–11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अन्तरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा–15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अन्तर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, कोडरमा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह0/–
समुचित सरकार–सह–
उपायुक्त, कोडरमा।

PR.NO.336637 Land Reforms(24-25):D

# झामुमो ने झारखंड को लव जेहाद, लैंड जेहाद का नासूर दिया : अनुराग ठाकुर

## कहा- हेमंत सरकार ने झारखंड में भ्रष्टाचार, माफियाराज, लूटतंत्र को पाला-पोसा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के उतारी रोड और हुसैनाबाद में सोमवार को भाजपा की परिवर्तन यात्रा के तहत आयोजित विशाल जनसभा को पूर्व केंद्रीय मंत्री और हिमाचल के हमीरपुर से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने संबोधित किया। उन्होंने सत्ताधारी झामुमो-कांग्रेस-आरजेडी सरकार पर झारखंड में लव जेहाद, लैंड जेहाद को बढ़ावा देकर प्रदेश की जमीन और जनसंख्या के संतुलन को बदलने का गंभीर आरोप लगाया। कहा कि पूरा झारखंड परिवर्तन की मांग कर रहा है, क्योंकि यहां जनकल्याण की बजाय जेहाद कल्याण का काम चल रहा है। भाजपा ही एकमात्र पार्टी है, जो झारखंड के हितों की रक्षा करने के लिए कटिबद्ध है।


सभा को संबोधित करते पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि झारखंड की वर्तमान झामुमो-कांग्रेस-आरजेडी सरकार ने पहले दिन से ही जनता के साथ विश्वासघात किया है। आज ये सरकार भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, कानून-व्यवस्था की बदहाली और आदिवासी हितों की उपेक्षा का प्रतीक बन गयी है। आज हेमंत सरकार में लैंड जिहाद से जमीन और जनंसख्या का संतुलन बिगड़ रहा है। पर सरकार को जनभावना से कोई सरोकार नहीं है। झारखंड के पूर्वात्तर राज्य में घुसपैठियों के कारण डेमोग्राफी चेंज हो गयी हैं। बांग्लादेशी घुसपैठियें संथाल परगना के पाकुड़, तारानगर, गोपीनाथपुर, गायबथान जैसे स्थानों पर तुष्टिकरण को साधते हुए आदिवासी बहनों को बहला फुसला कर शादी कर शोषण कर रहे हैं। पर हेमंत सरकार आंखों पर पट्टी बांध कर बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों की संरक्षक बन गयी है। एक साजिश के तहत आदिवासी बेटियों से बांग्लादेशी शादी कर रहे हैं और उनकी जमीन हड़प रहे हैं और यहां की प्रदेश सरकार इस कुकृत्य पर कार्यवाई करने की बजाए इसे बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि झामुमो ने 5 साल में जल, जंगल और जमीन सबमें भ्रष्टाचार किया है। हेमंत सरकार में गरीबों के अनाज, खान खनिज, गरीबों, आदिवासियों की जमीन और आदिवासी अस्मिता की लूट की जा रही। हाल ही में कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के ठिकानों पर आयकर विभाग ने छापामारी कर 350 करोड़ से अधिक नकद बरामदगी को पूरे देश ने देखा था। मुख्यमंत्री की करीबी एक अधिकारी के एक सीए के घर से इडी ने 17 करोड़ रुपए बरामद किये। इनके मंत्री आलमगीर आलम के पीए के नौकर के घर से इडी ने 35 करोड़ से अधिक कैश बरामद हुए। चुनाव के पहले जनता से बड़े-बड़े वादे करने वाली इस सरकार ने झारखंड को सिर्फ भ्रष्टाचार दिया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हेमंत सोरेन ने वादा किया था कि हर साल 5 लाख युवाओं को रोजगार देंगे, लोगों को नौकरी मिली क्या? नौकरी देने की बजाय सरकार युवाओं को ऐसा दौड़ा रही हैं कि युवा दौड़ते-दौड़ते मर जाये।

# मां-बेटी की संदिग्ध परिस्थिति में मौत, कुएं से दोनों का शव बरामद

**मृतका की सास का दावा- पोते से फोन पर बात होने के बाद बहु ने उठाया यह कदम**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के दुअरा गांव में रिश्ते में मां-बांटी की संदिग्ध परिस्थिति में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। सोमवारर को उनका शव कुएं से बरामद किया गया है। इसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हालांकि अभी तक स्वष्ट नहीं हो सका है कि मामला हत्या का है या आत्महत्या का। वहीं, पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असल कारणों का पता चल सकेगा। जानकारी के अनुसार हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के दुअरा गांव के नागेंद्र साव की पत्नी गीता देवी (32) और उसकी ढाई साल की बेटी की संदिग्ध परिस्थिति में कुएं में गिरने से मौत हो गयी। महिला का पति दूसरे राज्य में काम करने गया है। महिला के साथ उनकी वृद्ध सास रहती थी। दूसरी ओर, हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय कुमार यादव ने भी कुएं से महिला और बच्ची का शव बरामद होने की पुष्ट की है। बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। हालांकि प्रथम दृष्टया में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। वहीं मृतका के सास का कहना है कि उनका बेटा किसी दूसरे राज्य में काम करता है। जबकि उनका पोता हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करता है। बहू की बेटे के साथ फोन पर किसी बात को लेकर विवाद हुआ था, जिस कारण उसने ऐसा कदम उठाया होगा।

# पलामू चेंबर चुनाव में फिरोजुद्दीन की करारी हार उदय शंकर सिंह ने 45 वोट लाकर दर्ज की जीत

**व्यवसाय एकता तोड़ने वाले खुद अपनी पहचान खो देंगे : उदय शंकर दुबे**

**आजाद सिपाही संवाददाता**


चेंबर चुनाव में जीत दर्ज करने वाले उदय शंकर सिंह का स्वागत करते सहयोगी।

**मेदिनीनगर।** रांची में झारखंड चेंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज का चुनाव दिलचस्प तरीका से संपन्न हुआ। चुनाव में पूरे झारखंड से चार रीजनल उपाध्यक्ष भी होते हैं, जिसमें एक पलामू प्रमंडल से चुने जाते हैं। बताया जा रहा कि वर्षों से चेंबर की एकता को बनाए रखने के लिए पलामू चेंबर, गढ़वा चेंबर, नगर चेंबर, लातेहार चेंबर, चतरा चेंबर और पलामू चेंबर के अध्यक्ष आनंद शंकर के नेतृत्व में किसी एक सदस्य पर रायसुमारी करते हुए रीजनल उपाध्यक्ष के लिए नाम आगे किया जाता और उसे निर्विरोध जीता दिया जाता रहा है जो व्यवसाईयों के एकता का प्रतीक रहा है। इस बार के चुनाव में पलामू चेंबर से अलग हुए एक गुट ने मोहम्मद फिरोजुद्दीन अंसारी को खड़ा किया था, जबकि दूसरी ओर अपने परंपरागत तरीके से सभी जिले के चेंबर एवं पदाधिकारियों ने चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर के नेतृत्व में बैठक कर निर्णय लेते हुए उदय शंकर उर्फ रिंकू दुबे को रीजनल उपाध्यक्ष के लिए प्रत्याशी बनाकर चुनावी मैदान में उतारा था। जिसका चुनाव रविवार को रांची में शाम सात बजे तक गुरु गोविंद सिंह स्कूल प्रांगण में संपन्न हुआ। देर रात झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स चुनाव समिति की ओर से परिणाम भी घोषित कर दिया गया। जिसमें फिरोजुद्दीन अंसारी का जमानत जब्त हो गया। उन्हें मात्र सात वोट मिले। जबकि उदय शंकर दुबे को 45 वोट मिले और उन्हें जीत दर्ज की। इस मौके पर पलामू चेंबर, व्यावसायिक संघ, डाल्टनगंज, गढ़वा, लातेहार, नगर, एवं चतरा चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों ने नवनियुक्त रीजनल उपाध्यक्ष उदय शंकर दुबे को बधाई दी। वहीं, उदय शंकर दुबे ने कहा कि चेंबर व्यावसायिक एकता का प्रतीक है। मैं सदा व्यवसाययों के हित में कार्य करूंगा। इस एकता को तोड़ने वाले खुद अपनी पहचान खो देंगे।

# भ्रष्टाचार मुक्त हुसैनाबाद बनाने का संकल्पः कर्नल संजय सिंह

- कहा महिलाएं समाज की रीढ़ हैं, उन्हें उनका अधिकार मिलना चाहिए
- हुसैनाबाद में किसान संकल्प महापंचायत का आयोजन 11 सूत्री प्रस्ताव पारित

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** शहर के अनुमंडलीय मैदान में किसान संकल्प महापंचायत आयोजित हुआ। जिसमें हजारों किसानों, मजदूरों, युवाओं और महिलाओं ने भाग लिया। महापंचायत का नेतृत्व किसान ब्रिगेड के संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने किया। सभा की अध्यक्षता विंदेश्वरी यादव और संचालन रविरंजन सिंह ने किया। इस अवसर पर कर्नल सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद में भ्रष्टाचार सबसे बड़ी समस्या है, जो विकास योजनाओं से लेकर किसानों के अधिकारों की उपेक्षा तक हर क्षेत्र में फैला है। उन्होंने कहा कि हम एक ऐसा हुसैनाबाद बनाएंगे, जहां कोई भी भ्रष्टाचारी टिक नहीं पाएगा। महापंचायत में किसानों की समस्याओं पर गंभीरता चर्चा की गई। किसानों के लिए निःशुल्क बिजली, सिंचाई योजनाओं के शीघ्र क्रियान्वयन और फसल का उचित मूल्य सुनिश्चित करने की मांग की गई। कर्नल सिंह ने कहा कि अगर हमारी मांगें पूरी नहीं होती हैं, तो यह आंदोलन और बड़ा रूप लेगा। कहा कि महिलाएं समाज की रीढ़ हैं, उन्हें उनके अधिकार मिलने चाहिए। इस महापंचायत में 11 सूत्रीय मांगें रखी गईं, जिनमें भूमि सर्वेक्षण में सुधार, सिंचाई परियोजनाओं का शीघ्र क्रियान्वयन, किसानों के लिए मुफ्त बिजली और न्यूनतम समर्थन मूल्य सुनिश्चित करना आदि शामिल था। सर्वसम्मति से किसान ब्रिगेड महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा का दायित्व आराधना सिंह को दिया गया। कर्नल सिंह ने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने इन मांगों को नहीं माना, तो आंदोलन तेज किया जाएगा। मौके पर ओबरा के पूर्व विधायक सोम प्रकाश यादव ,सचितानंद सिंह, श्याम नारायण सिंह, राम प्रवेश सिंह, बद्रीनारायण सिंह, अयोध्या सिंह,भुनेश प्रसाद सिंह, दुद्देशवर सिंह, विनोद पासवान, इशरार अहमद गुड्डू, चंपा देवी और लालमती देवी आदि उपस्थित थे।

# सक्षम के परिवार को तत्काल मिले मुआवजाः अरुणा शंकर



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** तीन दिनों की तलाश के बाद व्यवसाई बलि साहू के पोते बंटी के बेटे सक्षम का शव अंततः सिगरा से बरामद हुआ। पूरी घटना को लेकर सक्रिय रूप से मदद कर रहे चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर को जैसे ही शव पाये जाने की सूचना मिली तुरंत उन्होंने निगम से सव वाहन को भेज दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और पलामू एसपी से अनुरोध किया किक शव का रांची के बजाय यहीं पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया जाए। इस पर एसपी ने कहा कि अगर डॉक्टर यहां पोस्टमार्टम कर सकते हैं तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। आनंद शंकर ने सांसद वीडी राम से अनुरोध किया डॉ राजीव रंजन से बात कर पोस्टमार्टम यहीं करायें। वहीं, प्रथम महापौर अरुणा शंकर सक्षम के घर पहुंची और संवेदना प्रकट किया। कहा कि हमारे शहर व राज्य के लिए दुखद बात है कि इतनी बड़ी घटना हुई और तीन दिन बीत जाने के बाद भी प्रशासन गोताखोर नहीं बुला सकी। जिससे बाजार के व्यवसाययों में आक्रोश है। प्रथम महापौर ने पलामू डीसी से अनुरोध किया कि सक्षम के मां-बाप आर्थिक रूप से कमजोर हैं। उन्हें सरकार की ओर से मिलने वाली चार लाख की राशि तुरंत दें। उन्होंने इस पूरे घटना में विशेष सहयोग करने वाले चेंबर के पदाधिकारी विक्रांत सिंघानिया व पार्षद लालबाबू का पीड़ित परिवार मदद के लिए प्रशंसा की।

# नाट्य प्रतियोगिता में सेक्रेड हार्ट को मिला प्रथम पुरस्कार



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** जिला प्रसाशन के सहयोग से मासूम आर्ट ग्रुप की ओर से आयोजित विद्यालय स्तरीय नाट्य प्रतियोगिता में सेक्रेड हार्ट स्कूल को प्रथम पुरष्कार मिला। जबकि द्वितीय पुरस्कार लोटस अकादेमी को मिला। संत मरियम्स को तृतीय, ग्रीन वैली को चतुर्थ व चिल्ड्रन पैराडाइज को पंचम पुरस्कार मिला। वहीं, एमएसए स्कूल को विशेष पुरस्कार दिया गया। महाविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता में योध सिंह नामधारी महिला महाविद्यालय को प्रथम पुरस्कार मिला। सेक्रेट हार्ट के निदेशक रंजीत कौर को निर्देशन प्रथम पुरस्कार मिला। बेस्ट एक्टर का पुरस्कार सेक्रेट हार्ट के अंश तिवारी को और दूसरा पुरस्कार लोटस अकादेमी के पार्थ शुक्ला को मिला। बेस्ट एक्ट्रेस का पुरष्कार सेक्रेट हार्ट की इशिता रानी व द्वितीय पुरस्कार केजी स्कूल की निहारिका को मिला। हास्य अभिनेता का पुरस्कार एमएसए स्कूल के अभिनव गुप्ता व हास्य अभिनेत्री का पुरस्कार सदर कस्तूरबा की पूर्णिमा कुमारी को मिला। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडली में सुकुमार मुखर्जी, फजल इमाम, रेनू शर्मा, नविन सहाय व मुनमुन चक्रवर्त्ती शामिल थी। मंच संचालन शालिनी श्रीवास्तव व अविनाश तिवारी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन मासूम के अध्यक्ष विनोद पांडेय ने किया। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में संजीव सिंह, अदनान कासिफ, गिरेन्द्र यादव, राज प्रतिक पाल, अमर भांजा, उज्जवल सिन्हा, राजा खान, राहुल वर्मा, मुकेश विश्वकर्मा का सराहनीय योगदान रहा।

# दो दिनों में एनएच 139 की मरम्मत नहीं होने पर व्यवसायियों ने दी चक्का जाम की चेतावनी



**हरिहरगंज/पलाम (आजाद सिपाही)।** शहरी क्षेत्र अंतर्गत एनएच 139 की बदहाली से त्रस्त दुकानदारों ने सोमवार को अपनी दुकानें बंद कर विरोध प्रदर्शन किया। दुकानदारों ने बताया कि बिहार को जोड़ने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग काफी दिनों से बदहाल है। सड़क में कई जगहों पर गड्ढे बन गए हैं। सड़क के दोनों किनारे मिट्टी जमा रहने के कारण वाहनों के साथ धूल उड़ने से लोग परेशान हैं। इसे लेकर कई बार धरना प्रदर्शन के माध्यम से अधिकारियों और रोड निर्माण के संवेदक का ध्यान आकृष्ट कराया गया पर सड़क की दयनीय स्थिति में कोई सुधार नहीं किया गया। दुकानदारों और लोगों ने कहा कि अगर दो दिनों में सड़क को दुरुस्त नहीं किया गया तो शहर के सभी दुकानदार अपनी दुकानें फिर से बंद कर राष्ट्रीय रागमार्ग को जाम कर देंगें। मौके पर राजद नेता कमलेश यादव, डायमंड अली, उपेंद्र कुमार, सलीम, श्रवण, मुन्ना, शकिल, रंजन, जुगनू, बबलू, जमील, अफरोज व रामीज आदि मौजूद थे।

# बिजली की समस्या को लेकर विद्युत विभाग पहुंचे ब्रह्मदेव प्रसाद, अधिकारियों से की बात



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** जिले में बिजली की लचर व्यवस्था को लेकर ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद उर्फ बीडी प्रसाद ने डाल्टनगंज विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता से सोमवार को मुलाकात की। उन्हें बताया कि विश्रामपुर के वार्ड नंबर 17 और 19 के लालमाटी, कोसियार एवं हरहेपा गांव में पिछले 25 दिनों से बिजली काट दी गई है। बिजली नहीं रहने से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। वहां के बच्चे, छात्र-छात्राएं, महिलाएं आदि को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस पर कार्यपालक अभियंता ने कहा कि पांच दिनों के अंदर वहां पर बिजली की समस्या को दूर कर दिया जाएगा।

# चार माह से नहीं मिला राशन, डीसी व डीएसओ से मिलकर ब्रह्मदेव प्रसाद ने की शिकायत

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद ने पलामू के डीसी और जिला आपूर्ति पदाधिकारी से मिलकर ग्रामीण जनता को हो रही परेशानी से अवगत कराया। बताया कि इटको पंचायत में डीलर द्वारा चार महीने से राशन वितरण नहीं किया जा रहा है। जब लोग लक्ष्मी समूह की संजू देवी व मोमिन समूह के मुस्ताक अंसारी नामक डीलर से राशन मांगने जाने हैं तो उन पर केस करने की धमकी दी जाती है। राशन कार्ड धारी को मारने की भी धमकी दी जाती है। कार्डधारियों से गाली गलौज कर उन्हें भगा दिया जाता है। बीडी प्रसाद ने कहा कि राशन घोटाला करने वाले अधिकारी और डीलर पर कानूनी कार्रवाई करते हुए लोगों के बीच जल्द से जल्द राशन वितरण करवाया जाए, ताकि गरीबों को खाने को राशन मिल सके। बताया कि राशन नहीं मिलने से कई दिनों तक एक वक्त का खाना खाकर ही सोना पड़ता है। किसी भी तरह वहां के बुजुर्ग, बच्चे पेट भर रहे हैं।

## स्पोर्ट्स



बोकारो डीपीएस स्कूल में मंगलवार से चार दिवसीय सीबीएसइ क्लस्टर-3 अंतर विद्यालय बास्केटबॉल प्रतियोगिता शुरू होने जा रहा है, जिसमें झारखंड-बहार के 64 स्कूलों के 1200 खिलाड़ी भाग ले रहे।

### ऐतिहासिक आयोजनों की सभी तैयारियां पूरी : डॉ एएस गंगवार

# बोकारो डीपीएस में चार दिवसीय सीबीएसइ क्लस्टर-3 बास्केटबॉल प्रतियोगिता आज से

## झारखंड-बिहार से 64 स्कूलों के 1200 खिलाड़ी 27 तक दिखायेंगे अपना दमखम

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बोकारो।** डीपीएस बोकारो परिसर में चार दिवसीय सीबीएसई क्लस्टर- 3 अंतर विद्यालय बास्केटबॉल प्रतियोगिता मंगलवार से शुरू हो रही है, जो 27 सितंबर तक चलगी। इस प्रतियोगिता में झारखंड, बिहार के सीबीएसई संबद्ध कुल 64 विद्यालयों से लगभग 1200 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। क्लस्टर लेवल पर सफल होने वाली टीमों को सीबीएसई नेशनल टूर्नामेंट में भाग लेने का मौका मिलेगा। बालिका वर्ग के लिए इंदौर (मध्य प्रदेश) में 9-13 अक्टूबर और बालकों के लिए आगरा (उत्तर प्रदेश) में 14-20 अक्टूबर को राष्ट्रस्तरीय प्रतियोगिता होगी। बोकारो डीपीएस के प्राचार्य एवं प्रतियोगिता आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ एएस गंगवार ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन कर इस आशय की जानकारी दी। कहा कि इस महत्वपूर्ण प्रतियोगिता की मेजबानी डीपीएस बोकारो को मिलना गर्व की बात है। प्रतियोगिता के ऐतिहासिक, भव्य और सफल आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। खिलाड़ियों के ठहरने, खाने-पीने आदि की समुचित व्यवस्था विद्यालय परिसर में ही की गई है। खिलाड़ियों का जत्था सोमवार सुबह से आना भी शुरू हो चुका है। डॉ गंगवार ने बताया कि प्रतियोगिता अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्गों में हो रही है, जिसमें कुल 121 टीमें हिस्सा ले रही हैं। अंडर- 14 आयु वर्ग के बालक वर्ग में 19, बालिकाओं में 14, अंडर-17 आयु वर्ग के बालक वर्ग में 31, बालिका वर्ग में 16 और अंडर-19 बालक वर्ग में 24 जबकि बालिकाओं में 17 टीमें भाग लेंगी। विद्यालय परिसर स्थित कुल तीन बास्केटबॉल कोर्ट में प्रतिदिन 25-30 और पूरी प्रतियोगिता के दौरान कुल 116 मैच खेले जाएंगे। इनमें रांची, बोकारो, धनबाद, पटना, गोपालगंज, गया, मुजफ्फरपुर, जमशेदपुर, पूर्णिया, कटिहार, मुंगेर, बक्सर, सिवान, दरभंगा, लोहरदगा समेत झारखंड-बिहार से विभिन्न जिलों के सैकड़ों प्रतिभागी अपना दमखम दिखाएंगे। उन्होंने बताया कि मंगलवार की सुबह नौ बजे भव्य समारोह के साथ प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ होगा। उद्घाटन समारोह के पूर्व ओलंपियन एवं झारखंड बास्केटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष हरभजन सिंह के अलावा अंतरराष्ट्रीय साइक्लिस्ट एवं स्पेशल ओलंपिक के ऑफिशियल सतबीर सिंह सहोता उपस्थित रहेंगे। वहीं, 27 सितंबर को विजेता टीमों को पुरस्कार वितरण के साथ प्रतियोगिता का समापन होगा। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय बास्केटबॉल की बालिका टीम के कोच उमाकांत सिंह शामिल करेंगे। बतातें चलें कि गत वर्ष जमशेदपुर में इसका आयोजन किया गया था। इस मौके पर आयोजन समिति के उपाध्यक्ष एवं विद्यालय के उप प्राचार्य अंजनी भूषण, उप प्राचार्या मनीषा शर्मा, शालिनी शर्मा, आयोजन सचिव एवं डीपीएस बोकारो के वरिष्ठ क्रीड़ा शिक्षक ब्रजेश सिंह उपस्थित थे।

# बाइक की डिक्की से 20 हजार की चोरी

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** ब्लॉक के सामने एसबीआइ गेट पर खड़ी बाइक की डिक्की तोड़कर सोमवार को अज्ञात चोर ने 20 हजार रुपए, पासबुक और कई जरूरी कागजात चोरी कर ली। जानकारी के मुताबिक भुक्तभोगी औरंगाबाद जिले के कुटुंबा थाना अंतर्गत उरदाग निवासी नंद किशोर मिश्र अपने पिता बैजनाथ मिश्र के खाते से 20 हजार रुपए निकालने आया था। इस संबंध में भुक्तभोगी ने बताया कि पैसा, पासबुक और एक थैला में पहले से रखी जरूरी कागजात को डिक्की में रख कर डिक्की को लॉक कर बैंक के दरवाजे पर बाइक खड़ी कर अपने पिता को लेने बैंक के अंदर गए। दो तीन मिनट बाद ही पिता को लेकर बाहर आया तो डिक्की खुली थी और थैला नदारद था। इसकी सूचना बैंक के शाखा प्रबंधक को दी। उधर, घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे हरिहरगंज पुलिस सब इंस्पेक्टर राकेश कुमार सिंह ने बैंक के सीसीटीवी कैमरे का फुटेज देखा तो एक युवक डिक्की से थैला निकालते नजर आ रहा है। युवक ने एक मिनट के अंदर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। चोर की पहचान कर उसे गिरफ्तार करने की कोशिश शुरू कर दी गयी है।

## स्व बिनोद बिहारी महतो की 101वीं जयंती पर झारखंड नवनिर्माण संकल्प सभा का आयोजन, आजसू ने दी श्रद्धांजलि

# बिनोद बाबू नाम नहीं, एक विचारधारा हैं: सुदेश महतो

**कहा- समाज सुधारक, कानून शिक्षाविद बिनोद बाबू झारखंडी आवाम की आवाज थे**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



स्व बिनोद बिहारी महतो की जयंती पर आयोजित सभा में आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो व अन्य।

**तोपचांची/रांची।** बिनोद बाबू एक नाम नहीं, बल्कि एक विचारधारा हैं। राज्य की अस्मिता को बचाने के लिए हमें उनके विचारों पर आगे बढ़ना होगा। उनके विचारों का झारखंड स्थापित करना हमारा संकल्प। युवाओं पर उनके सपनों को पूरा करने की जिम्मेदारी है। उनका जीवन दर्शन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। उन्होंने विस्थापितों को उचित मुआवजा और नौकरी दिलाने के लिए संघर्ष किया था। समाज सुधारक, कानून शिक्षाविद झारखंडी आवाम की सशक्त आवाज थे बिनोद बाबू। उक्त बातें आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने कही। वे सोमवार को तोपचांची के पावापुर में स्व बिनोद बिहारी महतो की 101वीं जयंती पर आयोजित झारखंड नवनिर्माण संकल्प सभा में कही। उन्होंने उनकी छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कहा कि बिनोद बाबू ने समाज को पढ़ो और लड़ो का नारा देने के साथ ही शोषितों व वंचितों को शिक्षा से जुड़ने के उद्देश्य से कई स्कूल कॉलेज खोला था, जिससे आज भी समाज में ज्ञान का उजियारा फैला रहा है। यह उनकी दूरदर्शी सोच का उदाहरण है। उन्होंने झारखंड आंदोलन को एक नई दिशा और रफ्तार दी थी। अलग राज्य के लिए उनके संघर्ष को मुकाम तक पहुंचाने का काम आजसू ने किया है। कहा कि राज्य की सत्ता में बैठे लोग सत्ता के नशे में इस कदर चूर हो चुके है कि अपनी विरासत की ओर देखना भी नहीं चाहते हैं। सत्ताधारी पार्टी और सरकार ने बिनोद बाबू को भुला दिया है। राजनीति विचारधारा से भटक गई है। वर्तमान राज्य सरकार बिनोद बाबू के विचारों के विपरीत कार्य कर रही है। बिनोद बाबू ने गरीबों, शोषितों और विस्थापितों को उनका हक दिलाने लिए संघर्ष किया और लड़ाई लड़ी वहीं वर्तमान सरकार ने गरीबों, शोषितों और विस्थापितों को अपनी प्राथमिकता से बाहर कर दिया है। सरकार ने राज्य की जनता को भ्रष्टाचार के दलदल में धेकेल दिया है। आज बिना पैसे दिए कोई काम नहीं हो रहा है। जिस वजह से अबुआ आवास बबुआ आवास बन कर रह गया। सरकार के काम करने के रवैये से राज्य के सभी वर्ग खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं, बड़े बड़े झूठे वादें कर के सत्ता में आई इस सरकार को जनता सत्ता से बेदखल करने का काम करेगी। हेमंत बाबू ने अपने जीवन मे कभी भी राज्य के किसानों, महिलाओं, युवाओं, विस्थापितों के बारे में नहीं सोचा। वहीं, पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष सह गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि बिनोद बाबू ने अपनी वकालत से गरीबों, शोषित मजदूरों और विस्थापितों को न्याय दिलाया था। समाज की कुरीतियों को दूर करने के लिए उनका संघर्ष सदैव याद किया जाएगा। इस मौके पर विधायक लंबोदर महतो, उपाध्यक्ष उमाकांत रजक, मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, राधेश्याम गोस्वामी, संतोष महतो, हलधर महतो, दुर्योधन महतो, जीप उपाध्यक्ष बबीता देवी आदि मौजूद थे।

## गोली लगने से घायल बुधन की मौत, पुलिस पर की गयी पत्थरबाजी, एक आरोपी धराया

**धनसार (आजाद सिपाही)।** धनसार थाना के महज 200 फीट की दूरी पर विक्ट्री कुम्हारगाढ़ा पोखरिया के समीप शनिवार की देर रात गोली लगने से घायल बुधन मंडल की रविवार को मौत हो गयी। इसकी खबर रविवार को जैसे ही लोगों को लगी आक्रोश भड़क गया। उग्र लोगों ने धनबाद-झरिया मुख्य सड़क पर आगजनी कर जमकर बवाल काटा। पुलिस ने आक्रोशित लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन उग्र लोगों ने पुलिस पर ही पथराव शुरू कर दिया। इसके बाद पुलिस ने उग्र भीड़ को शांत कराने के लिए लाठीचार्ज कर शांत कराया। इस मामले में पुलिस ने ढोलक सिंह नामक एक आरोपितों को गिरफ्तार भी किया है। गौरतलब हो कि शनिवार की देर रात बुधन मंडल उर्फ भीम मंडल अपना होटल बंद कर घर जा रहे थे तभी विक्ट्री पोखरिया के समीप अज्ञात लोगों ने गोली मार दी गई। परिजन उसे धनबाद के सीएमसी प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराये थे, जहां रविवार की शाम उसकी स्थिति खराब हो गई। आनन-फानन में दुगार्पुर मिशन ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बुधन मंडल सिंह मेंशन समर्थक बताया जा रहा है। उधर, गोली लगने की खबर पाकर रागिनी सिंह भी अस्पताल पहुंची। साथ ही झरिया इंस्पेक्टर व सिंदरी डीएसपी भी घटनास्थल पहुंचे थे।

## बिनोद बाबू के विचारों और संघर्ष को आत्मसात करने की जरूरत : सांसद



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** आजसू की ओर से बोकारो हवाई अड्डा के समीप स्व बिनोद बिनोद बिहारी महतो की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर उनकी 101 वीं जंयती सोमवार को धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। कहा कि झारखंड राज्य बिनोद बाबू के सपनों का परिणाम है। उनके विचारो और संघर्ष को आत्मसात करने की जरूरत है। उनका नारा अधिकार के लिए लड़ो और हक की रक्षा के लिए लड़ो ने समाज में क्रांति पैदा हुई। बिनोद बाबू के सपनों को साकार करने के लिए युवा वर्ग आगे आयें। जहां हकमारी हो रही हो वहां आवाल बुलंद करें। वहीं, आजसू के जिलाध्यक्ष सचिन महतो ने कहा कि बिनोद बाबू के विचार और सपनों के झारखंड की लड़ाई आज भी अधूरी है। आजसू उनके विचारों और सपनों को कभी मिटने नहीं देगा। उन्हीं के विचारों से झारखंड का सम्मान बढेगा। मौके पर आजसू के केंद्रीय महासचिव अजय सिंह, केंद्रीय सदस्य राजेश महतो, संजय चक्रवर्ती, बंकू बिहारी सिंह, विकाश महथा, अजय गोस्वामी, संतोष महतो, अभय शर्मा, मुन्ना ओझा, मोहित सिंह, सरजू महतो, अखिलेश पांडे, सुबोध सिंह, अजीत महतो, कीर्ति महतो, अहमद सौदागर, साजन अफरीदी, बंकिम सिंह आदि उपस्थित थे।

## कोयलांचल में 29 को लोजपा (रामविलास) की सभा, शामिल होंगे मंत्री चिराग पासवान



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** धनबाद जिला लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की ओर से सोमवार को सर्किट हाउस में संवाददाता सम्मेलन आयोजित हुआ। जिसमें जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार, केंद्रीय उपाध्यक्ष लेबर सेल शिवशंकर प्रसाद, श्रीकांत पासवान, रामसेवक पासवान, बबलू पासवान,मुकेश पासवान, मुकेश कुमार, श्रीकांत सिंह, कुणाल पासवान, मो शमी अहमद, रुदल पासवान, मो आजाद, मुकेश पासवान, सुमित पासवान, आशुतोष, सौरव, सिकंदर मो रशीद, उज्जवल पासवान, संतोष वर्मा एवं राजेंद्र पासवान ने संयुक्त रूप से कहा कि 29 सितंबर को नेहरू कंपलेक्स, कोयला नगर मैदान में लोजपा ( रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान, सांसद अरुण भारती जमुई (झारखंड प्रभारी), राजेश वर्मा सांसद खगड़िया, वीणा देवी सांसद वैशाली एवं सांसद शांभवी चौधरी समस्तीपुर शामिल होंगें। इस दौरान धनबाद जिले की ज्वलंत समस्याओं को लेकर चर्चा होगी। वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं-समर्थकों से बड़ी संख्या में पहुंचकर सभा को सफल बनाने की अपील की है।

## पर्यावरण को बचाना हम सभी की प्राथमिकता : डीसी



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** महिला एवं बाल विकास विभाग की महत्वाकांक्षी योजना पोषण माह अभियान के तहत डीसी माधवी मिश्रा एवं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनिता कुजूर ने सबलपुर स्थित वृद्धाश्रम में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण किया। इस दौरान उन्होंने वहां उपस्थित सभी लोगों से इस अभियान को जिला स्तर पर सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने की अपील की। कहा कि पर्यावरण को बचाना हमारी प्राथमिकता है, जिससे हमारा वातावरण शुद्ध रहेगा और हम स्वस्थ जीवन जी सकेंगे। इस दौरान डीसी ने वृद्धाश्रम में रह रहें सभी बुजुर्गों से मुलाकात कर उनका हाल चाल जाना। उन्होंने उनकी समस्याओं के बारे में पूछा जिसपर बुजुर्गों ने एक एम्बुलेंस, चापानल एवं कुछ अलमारी की मांग की। डीसी ने बुजुर्गों को भरोसा दिलाया कि जिला प्रशासन जल्द ही सभी मांगों को पूरा करेगी। डीसी के वृद्धाश्रम आने पर बुजुर्गों ने उन्हें खूब आशीर्वाद और प्यार दिया। वहीं, डीसी ने कहा कि आप लोग यहां अच्छे से रह रहे हैं और खुश हैं यह अच्छी बात है। आपकी देखरेख में किसी भी तरह की कोई कमी नहीं होगी, जिला प्रशासन आपकी हर मदद को आपके साथ हर वक्त खड़ा है।


## झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
## झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।

67वीं औपबंधिक सूची
जिला–रामगढ़ (पार्ट–5)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :–आयोग के सदस्य श्री नरसिंह मुर्मू के समक्ष जाँच तथा स्थानीय चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री भुनेष्वर महतो, धिरन साव, दिनेष हेम्ब्रम एवं कौलेष्वर महतो के द्वारा पहचान के आधार पर। | |
| 263. | 1. आवेदन क्र0–2772/24<br>2. आवेदक–लालको देवी , पति–नागेष्वर महतो<br>3. ग्राम–पतरातु , पोस्ट–बेदुलकला , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला, आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 264. | 1. आवेदन क्र0–2773/24<br>2. आवेदक–सोहगी देवी , पति–स्व0 दिनेष महतो<br>3. ग्राम–पतरातु , पोस्ट–बेदुलकलां , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 265. | 1. आवेदन क्र0–2774/24<br>2. आवेदक–भिखनी देवी , पति–ललकु महतो<br>3. ग्राम–पतरातु , पोस्ट–बेदुलकलां , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला, आयु–74 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 266. | 1. आवेदन क्र0–2212/24<br>2. आवेदक–सुरेष चन्द्र दांगी , पिता–स्व0 धनेष्वर महतो<br>3. ग्राम–डमातु , पोस्ट–कुम्हरदगा , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–72 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें आंख में मस्सा। | कंडिका–2(ix) |
| 267. | 1. आवेदन क्र0–2213/24<br>2. आवेदक–सहदेव महतो , पिता–बिहारी महतो<br>3. ग्राम–हिसीमदाग , पोस्ट–सोसोकला , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने गाल पर तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 268. | 1. आवेदन क्र0–2214/24<br>2. आवेदक–सुनिल महतो , पिता–बिहारी महतो<br>3. ग्राम–हिसीमदाग , पोस्ट–सोसोकला , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–41 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ पर तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 269. | 1. आवेदन क्र0–2215/24<br>2. आवेदक–सेवचन्द महतो , पिता–स्व0 नगु महतो<br>3. ग्राम–बेटुल कला , पोस्ट–बेटुल कला , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर पर कटा का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 270. | 1. आवेदन क्र0–2216/24<br>2. आवेदक–पारो देवी , पति–श्रवण कुमार रजक<br>3. ग्राम–चोकाद , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 271. | 1. आवेदन क्र0–2775/24<br>2. आवेदक–मोनो देवी , पति–रीतु बेदिया<br>3. ग्राम–कोराम्बे , पोस्ट–कोराम्बे , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला, आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–चेहरा में तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 272. | 1. आवेदन क्र0–2776/24<br>2. आवेदक–संतुआ बेदिया , पिता–स्व0 दुबराज बेदिया<br>3. ग्राम–चाड़ी (कुस्टेगढ़ा) , पोस्ट–चाड़ी , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में घाव का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 273. | 1. आवेदन क्र0–2777/24<br>2. आवेदक–महादेव बेदिया , पिता–अर्जुन बेदिया<br>3. ग्राम–चाड़ी , पोस्ट–चाड़ी , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 274. | 1. आवेदन क्र0–2778/24<br>2. आवेदक–कैलाष साव , पिता–रामस्वरूप साव<br>3. ग्राम–हेरमदगा , पोस्ट–चाड़ी , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–गर्दन में दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 275. | 1. आवेदन क्र0–2779/24<br>2. आवेदक–रितवा बेदिया , पिता–मनसु बेदिया<br>3. ग्राम–कोराम्बे , पोस्ट–कोराम्बे , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाती पर तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 276. | 1. आवेदन क्र0–2780/24<br>2. आवेदक–मंजू देवी , पति–संतुआ बेदिया<br>3. ग्राम–चाड़ी (कुस्टेगढ़ा) , पोस्ट–चाड़ी , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला, आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायां आंख में सफेद दाग का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 277. | 1. आवेदन क्र0–2781/24<br>2. आवेदक–अबेसरी देवी , पति–महादेव बेदिया<br>3. ग्राम–चाड़ी , पोस्ट–चाड़ी , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला, आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–होंठ में कटे का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 278. | 1. आवेदन क्र0–2782/24<br>2. आवेदक–हेमन्ती देवी , पति–कैलाष साव<br>3. ग्राम–हेरमदगा , पोस्ट–चाड़ी , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 279. | 1. आवेदन क्र0–1198/24<br>2. आवेदक–मनसु मांझी , पिता–स्व0 हराधन मांझी<br>3. ग्राम–आमटांड , पोस्ट–अरजुवा , थाना–पेटरवार , प्रखण्ड–पेटरवार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाती पर सफेद दाग का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 280. | 1. आवेदन क्र0–1464/24<br>2. आवेदक–सोनाराम मांझी , पिता–कार्तिक मांझी<br>3. ग्राम–रघुबहियार , पोस्ट–रोहर , थाना–पेटरवार , प्रखण्ड–पेटरवार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 281. | 1. आवेदन क्र0–1465/24<br>2. आवेदक–बहामुनी देवी , पति–सोनाराम मांझी<br>3. ग्राम–रघुबहियार , पोस्ट–रोहरु , थाना–पेटरवार , प्रखण्ड–पेटरवार<br>4. लिंग–महिला, आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 282. | 1. आवेदन क्र0–1199/24<br>2. आवेदक–सावित्री देवी , पति–सहदेव मांझी<br>3. ग्राम–रंगामाटी , पोस्ट–मिर्जापुर पातकी , थाना–पेटरवार , प्रखण्ड–पेटरवार<br>4. लिंग–महिला, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 283. | 1. आवेदन क्र0–256/24<br>2. आवेदक–अवध प्रसाद , पिता–स्व0 भैरव साव<br>3. ग्राम–पिपराडीह (सेरनदाग) , पोस्ट–बगरा मोड़ , थाना–सिमरिया , प्रखण्ड–सिमरिया<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 284. | 1. आवेदन क्र0–3300/24<br>2. आवेदक–पैरो देवी , पति–पलटन महतो<br>3. ग्राम–पतरातु , पोस्ट–बेदुलकलां , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी अर्जुन राम, पूर्व विधायक, रामगढ़ द्वारा शपथ पत्र के माध्यम से की गई अनुषंसा तथा चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी जनार्दन पाठक एवं अर्जुन राम द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेष्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान तथा पहचान के आधार पर। | |
| 285. | 1. आवेदन क्र0–2632/24<br>2. आवेदक– अर्जुन महतो , पिता–नारायण महतो<br>3. ग्राम–पुरबडीह टोला दंदुवोजारा , पोस्ट– कुम्हरदगा , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाये हाथ पर तील। | कंडिका–2(ix) |
| 286. | 1. आवेदन क्र0–2633/24<br>2. आवेदक– सेराज अंसारी , पिता–गुलाब नवी<br>3. ग्राम–जांगी , पोस्ट– सोसोकला , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–72 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाये हाथ पर तील। | कंडिका–2(ix) |
| 287. | 1. आवेदन क्र0–2634/24<br>2. आवेदक– राधाकिषुन महतो , पिता–स्व0 छेदी महतो<br>3. ग्राम–सेरेंगातु , पोस्ट– साडम , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–71 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ पर तील। | कंडिका–2(ix) |
| 288. | 1. आवेदन क्र0–2635/24<br>2. आवेदक– किटकी देवी , पति–दयालु महतो<br>3. ग्राम–सेरेंगातु , पोस्ट– साडम , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला , आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाये छाति पर तील। | कंडिका–2(ix) |
| 289. | 1. आवेदन क्र0–2636/24<br>2. आवेदक– खदिजा खातून , पति–सेराज अंसारी<br>3. ग्राम–जांगी , पोस्ट–सोसोकला , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला , आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 290. | 1. आवेदन क्र0–2637/24<br>2. आवेदक– जलधर महतो , पिता–परन महतो<br>3. ग्राम–बड़की कोईया , पोस्ट– बरियातु , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाये पैर पर तील। | कंडिका–2(ix) |
| 291. | 1. आवेदन क्र0–2638/24<br>2. आवेदक– गंगा देवी , पति–गोविन्द प्रजापति<br>3. ग्राम–पुरबडीह , पोस्ट– कुम्हरदगा , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला , आयु–50 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाये हाथ पर कटा चिन्ह। | कंडिका–2(ix) |
| 292. | 1. आवेदन क्र0–1417/24<br>2. आवेदक– सुरेष महतो , पिता–डाली महतो<br>3. ग्राम–जगेष्वर , पोस्ट–तिरला , थाना–महुवाटॉड , प्रखण्ड–गोमिया<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 293. | 1. आवेदन क्र0–1694/24<br>2. आवेदक– बुधनेष्वरी देवी , पति–मुचीराम महतो<br>3. ग्राम–बिसरिया , पोस्ट– छोटामुरी , थाना–सिल्ली , प्रखण्ड–सिल्ली<br>4. लिंग–महिला , आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाये हाथ पर तील। | कंडिका–2(ix) |
| 294. | 1. आवेदन क्र0–1695/24<br>2. आवेदक– सुरेष महतो , पिता–श्रीनाथ महतो<br>3. ग्राम–करकट , पोस्ट–टांगर , थाना–चान्हो , प्रखण्ड–चान्हो<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी भुनेष्वर महतो द्वारा शपथ पत्र के माध्यम से की गई अनुषंसा तथा चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी भुनेष्वर महतो एवं पुष्कर महतो द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेष्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान तथा पहचान के आधार पर। | |
| 295. | 1. आवेदन क्र0–2782/24<br>2. आवेदक–चेपिया , पति –मगौडी महतो<br>3. ग्राम–पतरातु , पोस्ट–बेटुलकलॉ , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला , आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 296. | 1. आवेदन क्र0–2784/24<br>2. आवेदक–जलेष्वरी देवी , पति –खेदु महतो<br>3. ग्राम–चटाक , पोस्ट–रजरप्पा , थाना–रजरप्पा , प्रखण्ड–दुलमी<br>4. लिंग–महिला , आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 297. | 1. आवेदन क्र0– 2785/24<br>2. आवेदक–नीरासो , पति –नकुल महतो<br>3. ग्राम–पतरातु , पोस्ट–बेटुलकलॉ , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला , आयु–74 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 298. | 1. आवेदन क्र0–2786/24<br>2. आवेदक–छुटू महतो , पिता –दुखन महतो<br>3. ग्राम–पतरातु , पोस्ट–बेटुलकलॉ , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाये पैर में जख्म। | कंडिका–2(ix) |
| 299. | 1. आवेदन क्र0– 2787/24<br>2. आवेदक–कचुन महतो , पिता –विषेष्वर महतो<br>3. ग्राम–पतरातु , पोस्ट–बेटुलकलॉ , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी चन्द्रनाथ भाई पटेल , परमेष्वर प्रसाद कुषवाहा एवं दषरथ महतो द्वारा शपथ पत्र के माध्यम से की गई अनुषंसा तथा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेष्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान तथा पहचान के आधार पर। | |
| 300. | 1. आवेदन क्र0–2788/24<br>2. आवेदक–मंजु देवी , पति–सुरेष गोसाई<br>3. ग्राम–बडका चुम्बा पडरिया टोला , पोस्ट–बडका चुम्बा, थाना–गिद्दी ए , प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–महिला , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 301. | 1. आवेदन क्र0–2789/24<br>2. आवेदक–कुर्बान अंसारी , पिता–हासिम मियॉ<br>3. ग्राम–बडका चुम्बा , पोस्ट–बडका चुम्बा, थाना–गिद्दी ए , प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर के बाया साईड तील का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 302. | 1. आवेदन क्र0– 2790/24<br>2. आवेदक–बबलु भुईया , पिता–स्व0 गोबर्धन भुईया<br>3. ग्राम–बडका चुम्बा , पोस्ट–बडका चुम्बा, थाना–गिद्दी ए , प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाया पैर में तील का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 303. | 1. आवेदन क्र0– 2791/24<br>2. आवेदक–बालदेव महतो , पिता–गंगा महतो<br>3. ग्राम–तेलिया टॉड सिरका , पोस्ट–अरगडा , थाना–रामगढ़ , प्रखण्ड–रामगढ़<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाया ऑख के उपर कटा का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 304. | 1. आवेदन क्र0–2792/24<br>2. आवेदक–लक्ष्मी देवी , पति–जगत नारायण बेलथरिया<br>3. ग्राम–बडका चुम्बा, पोस्ट–बडका चुम्बा, थाना–गिद्दी ए , प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–महिला , आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 305. | 1. आवेदन क्र0– 2793/24<br>2. आवेदक–सकलदेव रविदास , पिता–स्व0 मुंषी रविदास<br>3. ग्राम–मंझला चुम्बा , पोस्ट–अरगडा , थाना–रामगढ़ , प्रखण्ड–रामगढ़<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथा के बाये साईड तील का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 306. | 1. आवेदन क्र0–2794/24<br>2. आवेदक–बिगु राम , पिता–स्व0 जीतन रविदास<br>3. ग्राम– मंझला चुम्बा चॉदनी चौक , पोस्ट–बडका चुम्बा, थाना–गिद्दी ए , प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाये कमर में तील। | कंडिका–2(ix) |
| 307. | 1. आवेदन क्र0–3311/24<br>2. आवेदक–कन्हैया राम , पिता–रामेष्वर राम<br>3. ग्राम– डहरभंगा , पोस्ट–टाटीझरिया , थाना–टाटीझरिया , प्रखण्ड–टाटीझरिया<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाये नाक में तील का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 308. | 1. आवेदन क्र0–3312/24<br>2. आवेदक–तिलकराज सिंह , पिता–प्रसादी सिंह<br>3. ग्राम– ऐंटा , पोस्ट–टाटीझरिया , थाना–टाटीझरिया , प्रखण्ड–टाटीझरिया<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाये ऑख के उपर तील का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी अर्जुन राम द्वारा शपथ पत्र के माध्यम से की गई अनुषंसा तथा चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी अर्जुन राम एवं कमरूदीन खॉ द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेष्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान तथा पहचान के आधार पर। | |
| 309. | 1. आवेदन क्र0–2795/24<br>2. आवेदक–बलकु करमाली , पिता–स्व0 धनु करमाली<br>3. ग्राम–बुधबजार सिंरका , पोस्ट– रामगढ़ , थाना–रामगढ़ , प्रखण्ड–रामगढ़<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–67 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाये ऑख में दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 310. | 1. आवेदन क्र0– 2796/24<br>2. आवेदक–जगमोहन महतो , पिता–स्व0 सुधु महतो<br>3. ग्राम–लईयो नावा टोला , पोस्ट– लाईयो , थाना–माण्डू , प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाति में तील का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी कार्तिक महतो एवं अर्जुन राम, फागु बेसरा एवं लखन महतो द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री नरसिंह मुर्मू के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान तथा पहचान के आधार पर। | |
| 311. | 1. आवेदन क्र0–1661/24<br>2. आवेदक– शान्ति देवी , पति–सुकुल बेदिया<br>3. ग्राम–नागरा बेड़ा , पोस्ट– जसपुर , थाना–सिकिदिरी , प्रखण्ड–अनगड़ा<br>4. लिंग–महिला , आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 312. | 1. आवेदन क्र0–1662/24<br>2. आवेदक– मुनकी देवी , पति–सम्वत मांझी<br>3. ग्राम–जारू , पोस्ट– पिस्का , थाना–सिल्ली , प्रखण्ड–सिल्ली<br>4. लिंग–महिला , आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 313. | 1. आवेदन क्र0–1663/24<br>2. आवेदक– शनिचरिया देवी , पति–स्व0 राथो बेदिया<br>3. ग्राम–तापे पोस्ट– पालु , थाना–ओरमांझी , प्रखण्ड–ओरमांझी<br>4. लिंग–महिला , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 314. | 1. आवेदन क्र0–1664/24<br>2. आवेदक– सम्वत मांझी, पिता–स्व0 सीता राम मांझी<br>3. ग्राम–जारू , पोस्ट– पिस्का , थाना–सिल्ली , प्रखण्ड–सिल्ली<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–गले पर तील दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 315. | 1. आवेदन क्र0–1665/24<br>2. आवेदक– चॉदमनी देवी , पति–देव नारायण मांझी<br>3. ग्राम–जारू , पोस्ट– पिस्का , थाना–सिल्ली , प्रखण्ड–सिल्ली<br>4. लिंग–महिला , आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 316. | 1. आवेदन क्र0–1666/24<br>2. आवेदक– सुकुल बेदिया , पिता–भदिया बेदिया<br>3. ग्राम–नागरा बेड़ा , पोस्ट– जसपुर , थाना–सिकिदिरी , प्रखण्ड–अनगड़ा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–गले पर तील दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 317. | 1. आवेदन क्र0–1667/24<br>2. आवेदक– लक्ष्मी नारायण मांझी , पिता–स्व0 डोमन मांझी<br>3. ग्राम–जारू , पोस्ट– पिस्का , थाना–सिल्ली , प्रखण्ड–सिल्ली<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–होठ पर तील दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 318. | 1. आवेदन क्र0–1668/24<br>2. आवेदक– गीता देवी , पति–लक्ष्मी नारायण मांझी<br>3. ग्राम–जारू , पोस्ट– पिस्का , थाना–सिल्ली , प्रखण्ड–सिल्ली<br>4. लिंग–महिला , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाये गाल पर तील का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 319. | 1. आवेदन क्र0–2408/24<br>2. आवेदक– विन्दु देवी , पति–श्री धनेष्वर मांझी<br>3. ग्राम–नवाडीह , पोस्ट– सोनडीमरा , थाना–बरलंगा , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला , आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 320. | 1. आवेदन क्र0–2409/24<br>2. आवेदक– लक्ष्मण चन्द्र मांझी , पिता–मंगल मांझी<br>3. ग्राम–चोकडबेडा ,पोस्ट– सोनडीमरा , थाना–बरलंगा , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–67 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाई ऑख में मासा का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 321. | 1. आवेदन क्र0–1669/24<br>2. आवेदक–मुक्तेष्वर बेदिया , पिता–स्व0 मोतिया बेदिया<br>3. ग्राम–हरिडीह टोला डुमका ,पोस्ट– हाकेदाग , थाना–सिल्ली , प्रखण्ड–सिल्ली<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाया ऑख के उपर मासा। | कंडिका–2(ix) |
| 322. | 1. आवेदन क्र0–1670/24<br>2. आवेदक– लुखिया देवी , पति–स्व0 देवकी बेदिया<br>3. ग्राम–हरिडीह टोला डुमका ,पोस्ट– हाकेदाग , थाना–सिल्ली , प्रखण्ड–सिल्ली<br>4. लिंग–महिला , आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाया ऑख के नीचे तील का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 323. | 1. आवेदन क्र0–3301/24<br>2. आवेदक–ओमप्रकाष प्रसाद , पिता–स्व0 खेमलाल साव<br>3. ग्राम–सोनडीहा , पोस्ट–चैनपुर , थाना–माण्डू , प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–महिला , आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाती के बायें तरफ लहसन का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री फागु बेसरा , शनिचर मांझी एवं अर्जुन राम द्वारा माननीय सदस्य श्री भुवनेष्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 324. | 1. आवेदन क्र0–2410/24<br>2. आवेदक–कान्दु बेदिया , पिता–कजरू बेदिया<br>3. ग्राम–बड़की हेसल , पोस्ट–कोराम्बे , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–72 वर्ष, पहचान चिन्ह–दांया गाल में तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 325. | 1. आवेदन क्र0–2411/24<br>2. आवेदक–समरी देवी , पति–स्व0 देवा बेदिया<br>3. ग्राम–चोकडबेड़ा (नावाडीह) , पोस्ट–सोनडीमरा , थाना–बरलंगा , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला , आयु–75 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक पर दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 326. | 1. आवेदन क्र0–1671/24<br>2. आवेदक–श्रीमती देवी , पति–स्व0 आनन्द मांझी<br>3. ग्राम–जारू , पोस्ट–पिस्का , थाना–सिल्ली , प्रखण्ड–सिल्ली<br>4. लिंग–महिला , आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–कपार में कट का चिन्ह। | कंडिका–2(ix) |
| 327. | 1. आवेदन क्र0–1672/24<br>2. आवेदक–षुकुन्तला देवी , पति–स्व0 राम भजन बेदिया<br>3. ग्राम–मिसिर होटाग , पोस्ट–हलमाद , थाना–सिल्ली , प्रखण्ड–सिल्ली<br>4. लिंग–महिला , आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने तरफ गाल में माषा का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 328. | 1. आवेदन क्र0–3302/24<br>2. आवेदक–गोकुल राम , पिता–स्व0 छदु राम<br>3. ग्राम–सी0सी0एल0 कॉलोनी, हनुमानगढ़ी , पोस्ट–पतरातु , थाना–पतरातु , प्रखण्ड–पतरातु<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
3. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवष्यक है।

(भुवनेष्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उरॉव) अध्यक्ष

PR 336723 Home(24-25)D

## एसएनआइएल में नये बैच के कानून छात्रों का 14वां अभिविन्यास कार्यक्रम

# दुनिया में सबसे अच्छा कानूनी पेशा : जस्टिस शिवशंकर मिश्र



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** उड़िसा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति शिवशंकर मिश्र ने कहा है कि कानूनी पेशा कई प्रतिभाशाली छात्रों को आकर्षित कर रहा है, क्योंकि यह छात्रों को करियर के कई अवसर प्रदान कर रहा है, जबकि इसे दुनिया के सर्वश्रेष्ठ व्यवसाय के रूप में स्वीकार किया जा रहा है। न्यायमूर्ति मिश्र ने रविवार को यहां शिक्षा 'ओ' अनुसंधान (सोआ) के विधि अध्ययन संकाय, सोआ राष्ट्रीय विधि संस्थान (एसएनआइएल) में नये बैच के कानून छात्रों के 14वें अभिविन्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, कानूनी व्यवसायी बनने के लिए पहली आवश्यकता एक सज्जन व्यक्ति होना है क्योंकि यह एक महान पेशा है।

उन्होंने कहा कि शुरुआती दिनों में समाज की सेवा करने और दलितों को न्याय प्रदान करने पर जोर दिया जाता था क्योंकि कानूनी पेशे को कभी भी आजीविका कमाने के साधन के रूप में नहीं सोचा जाता था, उन्होंने कहा कि तब कानून के शासन के लिए ईमानदारी और समर्पण पर ध्यान केंद्रित किया जाता था।

सोआ के कुलपति प्रो प्रदिप्त कुमार नंद ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की, जबकि एसएनआईएल के डीन प्रो एसए के आजाद ने स्वागत भाषण दिया।

न्यायमूर्ति मिश्र ने छात्रों से कहा कि वे भाग्यशाली हैं कि संस्थान में उनके पास प्रतिष्ठित शिक्षक हैं जिन्होंने कई प्रतिष्ठित न्यायविदों के करियर को आकार दिया है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, इंटरनेट और तकनीकी उपकरणों की उपलब्धता ने अब सीखने की प्रक्रिया को पहले की तुलना में बहुत आसान बना दिया है।

न्यायमूर्ति मिश्र ने कहा कि इस कार्यक्रम ने उन्हें युवा मस्तिष्कों से मिलने और उनसे बातचीत करने का अवसर प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि सोआ के लॉ स्कूल के कुछ स्नातकों ने उनके साथ इंटर्न के रूप में काम किया था।

प्रो नंद ने कहा कि वकीलों और न्यायाधीशों को समाज में ज्ञान के प्रतीक के रूप में स्वीकार किया जाता है। उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि वे अपने कानूनी कौशल को विकसित करने और अन्य विषयों से उधार लेने के लिए बातचीत करें, बहस करें और आलोचनात्मक रूप से सोचें ताकि उनका क्षेत्र ज्ञान मजबूत हो सके।

प्रो आजाद ने कहा कि ओरिएंटेशन कार्यक्रम ने छात्रों के लिए एक रोमांचक यात्रा की शुरूआत की क्योंकि इससे उन्हें न केवल कानून का अध्ययन करने बल्कि न्याय प्रणाली को समझने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि संस्थान छात्रों में आलोचनात्मक सोच विकसित करने का प्रयास करेगा।

# चार रेलवे संरक्षा कर्मचारी सम्मानित







आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** प्रेमजीत आचार्य, प्वाइंट्समैन-ए, आरंग महानदी, जोहनलाल बंजारे, प्वाइंट्समैन-बी, आरंग महानदी, धर्मेंद्र कुमार, प्वाइंट्समैन-ए, आरंग महानदी और अंजैनी कुशवाहा, ट्रैक मेंटेनर-III, आरंग महानदी को संरक्षा में उनकी सतर्कता और ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन में उत्कृष्ट योगदान तथा संरक्षा नियमों और विनियमों से अच्छी तरह परिचित होने के लिए सम्मानित किया गया।

इस मौके पर संबलपुर के मंडल रेल प्रबंधक, तुषार कांत पांडे ने तत्वदर्शी साहू, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय), अखिलेश त्रिपाठी, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक और संबीत सौरव नायक, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी की उपस्थिति में उन्हें उत्कृष्टता प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार से सम्मानित किया।




### अंतरराष्ट्रीय वजन दिवस मनाया

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** झारसुगुड़ा भारत के सबसे बड़े एल्यूमीनियम उत्पादक वेदांत एल्यूमीनियम ने एक जागरूकता अभियान शुरू करके अंतर्राष्ट्रीय वजन दिवस मनाया, जिसके बाद ओजोन परत संरक्षण और पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्य 13 के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के एक मजबूत प्रमाण के रूप में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। अभियान के हिस्से के रूप में, वेदांता एल्युमीनियम ने पृथ्वी पर जीवन की रक्षा में ओजोन परत के महत्वपूर्ण महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करने के साथ-साथ इसे हानिकारक पराबैंगनी विकिरण से कैसे बचाया जाये।

# पेरिस ओलंपिक और पैरालिंपिक में भाग लेने वाले 17 किट एथलेटिक्स को विश्वविद्यालय ने किया सम्मानित




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** किट-डीयू ने रविवार को विश्वविद्यालय के उन छात्रों के सम्मान में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम की मेजबानी की, जिन्होंने हाल ही में संपन्न पेरिस ओलंपिक और पैरालिंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। विश्वविद्यालय के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत ने उत्सव का नेतृत्व किया, जिसमें इन उल्लेखनीय एथलीटों की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया और शिक्षा में खेल की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला गया। प्रत्येक एथलीट को उनकी उपलब्धियों के लिए 7 लाख रुपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इनमें 15 ओलंपियन और 2 पैरालिंपियन शामिल थे।

डॉ सामंत ने एथलेटिक प्रतिभा के विकास में संस्थान के महत्वपूर्ण योगदान का हवाला देते हुए इस बात पर जोर दिया कि एथलीट खेलों में किट की सफलता की आधारशिला हैं। उन्होंने कहा कि किट को इस बात पर गर्व है कि उसने ओलंपिक में एथलीटों का सबसे बड़ा दल भेजा है, जिसमें संस्थान से कुल 20 ओलंपियन और 2 पैरालिंपियन निकले हैं। ओलंपिक में पदक जीतने वाले प्रदर्शन के लिए अमित रोहिदास और प्रवीण कुमार को विशेष पुरस्कार प्रदान किए गये। सोमवार को सम्मानित किये गये एथलीटों में अमित रोहिदास (हॉकी), किशोर कुमार जेना और अन्नू रानी (भाला फेंक), तजिंदरपाल सिंह तोर (शॉट पुट), पारुल चौधरी (5000 मीटर स्टीपलचेज), ज्योति याराजी (100 मीटर बाधा दौड़), प्रियंका (20 किलोमीटर रेस वॉक) शामिल हैं। प्राची और पूवम्मा (4X400 मीटर रिले), परमजीत सिंह बिष्ट, अक्षदीप सिंह, और विकास सिंह (20 किलोमीटर रेस वॉक), अंकिता (5000 मीटर दौड़), रामपाल और प्रवीण कुमार (ऊंची कूद में पैरा-एथलीट)।

इस कार्यक्रम में उन एथलीटों को भी मान्यता दी गयी, जिन्होंने हाल ही में 2024 दक्षिण एशियाई चैंपियनशिप और राज्य स्तरीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप में पदक जीते थे।

किट के कुलपति प्रोफेसर सरनजीत सिंह, प्रो-वाइस चांसलर प्रोफेसर देबाशीष बंद्योपाध्याय और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने डॉ सामंत के प्रयास की प्रशंसा की।

# सीबीएसइ सुदूर पूर्व क्षेत्र शतरंज चैंपियनशिप 2024 में राजोर्शी मिश्रा सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में चमके




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** गुवाहाटी सीबीएसइ सुदूर पूर्व क्षेत्र शतरंज चैंपियनशिप (अंडर-17 मिश्रित) 2024 सफलतापूर्वक 20 से 22 सितंबर तक रॉयल ग्लोबल स्कूल, गुवाहाटी, असम में आयोजित की गयी। 46 प्रतिभागी स्कूलों और 184 प्रतियोगियों में से डीपीएस रूबी पार्क, कोलकाता अंडर-17 श्रेणी में चैंपियन के रूप में उभरा।

विजेता टीम के एक प्रमुख सदस्य और एनटीपीसी बोंगाईगांव में वरिष्ठ प्रबंधक (रसायन विज्ञान) हिरणमय मिश्रा के बेटे राजोर्शी मिश्रा ने पूरे टूर्नामेंट में असाधारण कौशल का प्रदर्शन किया। बोर्ड 4 में प्रतिस्पर्धा करते हुए, राजोर्शी ने एक शानदार प्रदर्शन किया, सात में से छह मैच जीते और एक ड्रॉ हासिल किया। उनके निरंतर खेल ने उन्हें बोर्ड 4 श्रेणी में प्रतिष्ठित सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब दिलाया। टूर्नामेंट में कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली, जिसमें 49 अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी शीर्ष स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। राजोर्शी की उपलब्धि न केवल डीपीएस रूबी पार्क को गौरवान्वित करती है, बल्कि एनटीपीसी बोंगाईगांव समुदाय द्वारा विकसित बढ़ती प्रतिभा को भी उजागर करती है।

# बंगाल की खाड़ी में चक्रवात सक्रिय 27 तक राज्य में जारी रहेगी बारिश

- भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** राज्य में भारी बारिश होने वाली है। बंगाल की खाड़ी और उससे सटे इलाकों में 2 चक्रवात सक्रिय हैं। आज उत्तर-पश्चिम और निकटवर्ती मध्य बंगोप सागर में एक कम दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है। वहीं कम दबाव के प्रभाव से 12 जिलों में भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग का अनुमान है कि इन जिलों में 7 से 11 सेंटीमीटर तक बारिश होगी। इसी तरह कल 8 जिलों और 25 तारीख को 7 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गयी है। 27 तारीख तक राज्य में भारी बारिश होने की संभावना है। रविवार को राजधानी में तेज हवाओं के साथ बिजली गिरी और बारिश हुई। बौध में सबसे अधिक 64 मिमी बारिश दर्ज की गयी है, जबकि भुवनेश्वर में 15.2 मिमी, दारिंगबाड़ी में 12 मिमी और नुआपड़ा में 14.4 मिमी बारिश दर्ज की गयी है। भारी बारिश को देखते हुए एसआरसी ने सभी जिलाधिकारियों को अलर्ट कर दिया है। बारिश से निचले इलाकों में पानी भर सकता है। नालियों से पानी निकालने के लिए आवश्यक पंप लगाने को कहा गया है। किसी भी नुकसान के मामले में तुरंत रिपोर्ट दर्ज करने के निर्देश भी हैं।

### डेंगू के 1000 नये मामले

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** राज्य में पिछले सात दिनों में डेंगू के 1000 नये मरीज सामने आये हैं। साथ ही कुल मरीजों की संख्या 6440 पहुंच गयी है। इसी तरह, डेंगू से होने वाली मौतों की संख्या भी बढ़ रही है। 7 दिन पहले डेंगू के 5357 मामले सामने आये थे।







# सीआइपीइटी कौशल विकास प्रशिक्षण का पहला बैच सफल प्लेसमेंट के साथ संपन्न



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/भुवनेश्वर।** एनटीपीसी अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) पहलों के माध्यम से विभिन्न कौशल विकास कार्यक्रमों को सक्रिय रूप से क्रियान्वित कर रही है, जिनका उद्देश्य वंचित समुदायों को सशक्त बनाना, स्वरोजगार को बढ़ावा देना और उद्यमशीलता को बढ़ावा देना है। इस संदर्भ में रांची में एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल) ने झारखंड, ओड़िशा और छत्तीसगढ़ में अपने कोयला खनन परिचालन के आसपास के परियोजना प्रभावित क्षेत्रों से 80 युवाओं, जिनमें 25 लड़कियां भी शामिल हैं, के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण प्रायोजित किया है। यह पहल सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीआइपीईटी), रांची के सहयोग से की गयी है।


सीआइपीइटी ने दो प्रमुख पाठ्यक्रमों में नौकरी-उन्मुख प्रशिक्षण प्रदान किया: मशीन ऑपरेटर - प्लास्टिक प्रसंस्करण और मशीन ऑपरेटर - इंजेक्शन मोल्डिंग।

हाल ही में मशीन ऑपरेटर - प्लास्टिक प्रसंस्करण पाठ्यक्रम का पहला बैच, जिसमें पकरी सहित विभिन्न एनटीपीसी कोयला खनन परियोजनाओं के 40 छात्र शामिल हैं, का आयोजन किया गया। बरवाडीह, चट्टी बरियाट्ठू, केरेन्डारी, बादाम, बनारडीह, दुलंगा और तलाईपल्ली के छात्रों ने सफलतापूर्वक अपना प्रशिक्षण पूरा कर लिया है, जो 20 मार्च, 2024 को शुरू हुआ और 19 सितंबर, 2024 को नौकरी नियुक्ति के साथ समाप्त हुआ।

समापन समारोह में एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय के मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) रजनीश रस्तोगी और सीआइपीइटी, रांची के संयुक्त निदेशक एवं प्रमुख प्रवीण बच्छव ने छात्रों के साथ बातचीत की और एनटीपीसी कोयला खनन परियोजनाओं के ग्रामीण छात्रों और परियोजना प्रभावित व्यक्तियों (पीएपी) को प्रोत्साहित करने के लिए पाठ्यक्रम पूर्णता प्रमाण पत्र और नौकरी नियुक्ति पत्र वितरित किये।

अपने संबोधन के दौरान रस्तोगी ने छात्रों को पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा करने पर बधाई दी और उनके भविष्य के प्रयासों के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने छात्रों की प्रतिभा को निखारने और विभिन्न कंपनियों में उनके प्लेसमेंट की सुविधा प्रदान करने के लिए सीआइपीइटी प्रबंधन की भी सराहना की। मशीन ऑपरेटर - इंजेक्शन मोल्डिंग कौशल विकास पाठ्यक्रम का दूसरा बैच वर्तमान में चल रहा है और दिसंबर 2024 में इसका प्रशिक्षण पूरा हो जायेगा।







आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**